सुप्रभात

रांची, मंगलवार

28.03.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र


सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 252




12 रामचरण व कियारा आडवाणी की जोड़ी 'गेम चेंजर' में आयेगी नजर

**चैत्र नवरात्र: सप्तम कालरात्रि**



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥

वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

जो सिद्धियां रात के समय साधना से मिलती हैं उन सब सिद्धियों को देने वाली माता कालरात्रि हैं। आलौकिक शक्तियों, तंत्र सिद्धि, मंत्र सिद्धि के लिए इन देवी की उपासना की जाती है। ये रूप सिखाता है कि सफलता के लिए दिन-रात के भेद को भुला दें।

## चैथी छठ : डूबते सूर्य को अर्ध्य



244 सिटी बसें खरीदने, एमएलए फंड की एकमुश्त निकासी समेत 44 प्रस्तावों को मंजूरी

# रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 निर्माण का रास्ता साफ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 44 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। फैसले के तहत रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 के लिए 657.82 करोड़ की लागत की मंजूरी दी गयी। रांची में 605 करोड़ की लागत से 244 सिटी बसें खरीदी जायेंगी। भवनों में अब टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा देना अनिवार्य होगा। शहरी स्थानीय निकाय कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग के आलोक में सरकार का वित्तीय भार 2027-28 तक होगा। पहले यह सिर्फ 2022-23 तक था।

**कैबिनेट के फैसल**

वहीं नगर विकास विभाग रांची नगर निगम में 605.45 करोड़ की लागत से 224 सिटी बसों की खरीद करेगी। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होगी। इससे राजधानी में बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था हो सकेगी।

(शेष पेज 11 पर)



### ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 657.82 करोड़ की मंजूरी

कैबिनेट सचिव ने बताया कि बैठक में रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 के लिए 657.82 करोड़ की लागत की मंजूरी दी गयी। वर्तमान में रांची के सुकरहुट्टू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 57.82 करोड़ की राशि दी गयी है। वहीं रांची शहरी क्षेत्र में चल रही सिटी बस सेवा में नगर निगम कई नयी रूट पर बसे चलाने की तैयारी में है। इसके तहत ही कैबिनेट की बैठक में 244 बसों को चलाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इस पर 605.45 करोड़ खर्च किये जायेंगे।

### सिटी बसें चलाने में 247 करोड़ का होगा घाटा

विभागीय प्रस्तावों के मुताबिक बसों के परिचालन के लिए कुल 13 रूट और 200 नये बस स्टॉप बनाये जायेंगे। प्रत्येक बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगी। बसों के परिचालन में कुल सकल लागत 62 रुपए प्रति किमी होगा। वहीं कुल राजस्व संग्रह 44.08 है। इस प्रकार प्रति किमी 17.03 रुपये का भार आने की संभावना है। ऐसे में अगले 10 वर्षों में 247 करोड़ के वित्तीय भार का आकलन किया गया है। बसों का प्रस्तावित किराया 2 किमी तक पांच रुपये, 2 से 5 किमी तक 10 रुपये, 5 से 10 किमी के लिए 15 रुपये और 10 किमी से अधिक होने पर 20 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 2 वर्षो में 11 प्रतिशत किराया वृद्धि होना प्रस्तावित है। पीपीपी मोड पर योजना का क्रियान्वयन ग्रॉस कास्ट कांट्रैक्ट मॉडल के आधार पर होगा। इसमें तीन पक्ष ऑपरेटर ए, ऑपरेटर बी और रांची नगर निगम होगा।


28 मार्च का इफ्तार शाम 6:04 बजे

29 मार्च का सेहरी भोर 4:22 बजे





## इडी ने राजीव अरुण एक्का से घंटों की पूछताछ

**दूसरे समन के बाद पहुंचे थे, 10 घंटे तक तीखे सवालों से जूझते रहे**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को वरिष्ठ आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, इडी ने उनसे जानना चाहा कि मनी लांड्रिंग के संदिग्ध विशाल चौधरी के पास से उनके विभाग के आधिकारिक दस्तावेज कैसे मिले। दूसरे सम्मन के बाद एक्का सोमवार को ठीक 11:00 बजे इडी ऑफिस पहुंचे। जांच अधिकारियों ने राजीव अरुण एक्का का निजी तौर पर रिकॉर्ड किये गये कुछ वीडियो के साथ सामना भी कराया। जिसमें वह विशाल चौधरी के साथ नजर आ रहे थे। इसमें एक वीडियो वो भी शामिल है, जिसमें वह एक आधिकारिक फाइल को देख रहे हैं और उस पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। झारखंड में मनरेगा घोटाला, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध खनन मामले में आइएस पूजा सिंघल की गिरफ्तारी, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से दो बार की पूछताछ के बाद राजीव अरुण एक्का से इडी की टीम ने पूछताछ की। (शेष पेज 11 पर)



### विशाल के मोबाइल से मिले थे कुछ सूत्र

समझा जाता है कि विशाल चौधरी के डिजिटल साक्ष्य के विश्लेषण में इडी को ऐसे सबूत मिले हैं कि राजीव अरुण एक्का का विशाल चौधरी से घनिष्ठ संबंध था। इडी ने 24 मई 2022 को विशाल चौधरी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इडी अधिकारी जब छामारी करने गये थे तो गेट खोलने से पहले विशाल चौधरी ने अपना आइफोन कचरे में फेंक दिया था। इडी ने उस मोबाइल को जब्त कर लिया था।

झारखंड के होनहार 130 छात्रों को सीएम हेमंत ने किया सम्मानित, कहा

# यहां प्रतिभा की भरमार, उज्जवल भविष्य बनाने में पूरी मदद देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य स्तर पर 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया है। यह समारोह प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया गया था। इसमें वर्ष 2022 में जैक बोर्ड, सीबीएससी और आईएससीई के 10वीं और 12वीं परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया है। सीएम के हाथों सम्मान पा कर 130 होनहार बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीएम हेमंत सोरेन ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आज हमारे बच्चे विदेशों में भी पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में अधिक से अधिक बच्चे उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करें। सीएम ने कहा कि छात्रों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में पूरा सहयोग करेगी।

नकद के साथ लैपटॉप और स्मार्ट फोन दिये

बाहरी मेधावी बच्चों को भी किया जायेगा सम्मानित



### सीएम के हाथों सम्मान पा कर खिले चेहरे

जैक, सीबीएसई, आईसीएससी की दसवीं और जैक, सीबीएसई और आईसीएससी में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को क्रमश: 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख का नकद पुरस्कार मिला है। साथ ही इन्हें 60,000 का लैपटॉप और 20,000 रुपये का मोबाइल भी दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने कुल 1.32 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया है। समारोह में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डांडेल, मुख्य मंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, शिक्षा सचिव के रवि कुमार उपस्थित थे।

### पहले माफी मांगी, फिर कहा बच्चे उत्साह बनाये रखें

समारोह में देर से आने के लिए मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओ सहित अभिभावकों से माफी भी मांगी, फिर कहा कि सरकार की सोच है कि झारखंड के बच्चे शिक्षा क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का मजबूती के साथ सामना करें। शिक्षा के प्रति अपना उत्साह को बनाये रखें। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के बच्चों को मोबाइल, लैपटॉप जैसे तकनीकी जरूरतों के सामान सहित आर्थिक सहायता दी है। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार न केवल झारखंड बल्कि बिहार, यूपी के वैसे बच्चे जो यहां के शैक्षणिक संस्थानों से पढ़ाई कर अव्वल होते हैं तो उन्हें भी सम्मानित करेगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने पहले ही मेधावी विद्यार्थियों की सूची जारी की थी। सम्मान पानेवाले छात्रों में जैक, सीबीएसइ, आईसीएसइ के 68 और झारखंड स्टेट ओलंपियाड 2022 के कुल 62 बच्चे शामिल हैं।

## जमशेदपुर कोर्ट के पास फायरिंग बालबाल बचा गवाह

**जमशेदपुर।** सिविल कोर्ट के गेट पर सोमवार की दोपहर एक युवक पर अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में युवक बाल बाल बच गया। वहीं गोली चलने के बाद कुछ देर के लिए उस जगह पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। गोली नवीन सिहं नामक युवक पर चलाई गयी थी, जो मनप्रीत सिंह हत्याकांड का गवाह था और गवाही देने के लिए कोर्ट पहुंचा था। घटना जमशेदपुर कोर्ट के गेट नबंर-3 के पास हुई। वहीं गोली चलाने के बाद सभी बदमाश भागने में सफल रहे। वहीं घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस सहित वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन जुटे। घटना की जांच के लिए पुलिस आसझपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रही है। गोड़ा थाना क्षेत्र के शिवसिंह बगान में 8 जून 2022 को मनप्रीत पाल सिंह के घर में घुसकर बदमाशों ने मां के सामने ही हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में राहुल सिंह, गौरव और अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के चार दिनों के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा था।

**न्यूज डायरी**

### अमृतपाल के नेपाल में छिपे होने की आशंका

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल सरकार से अनुरोध किया है कि वह भगोड़े कट्टरपंथी अलगाववादी अमृतपाल सिंह को किसी तीसरे देश में भागने की अनुमति न दे और यदि वह भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके भागने का प्रयास करता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाये। मीडिया में प्रकाशित एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गयी है।.ऐसा माना जा रहा है कि अमृतपाल नेपाल में छिपा है।

### राहुल को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी को सरकार द्वारा आवंटित बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि 23 अप्रैल से शासकीय बंगले का आवंटन निरस्त किया जायेगा।

### पवन खेड़ा ने पुराने ट्वीट को ले मांगी माफी

**नयी दिल ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बीते साल एक ट्वीट किया था जिसके लिए उन्होंने माफी मांगी है।

### संशोधनों के साथ लोस में वित्त विधेयक पारित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में जेपीसी की मांग को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा की ओर से दिये गये संशोधन के सुझाव के साथ वित्त विधेयक पारित किया गया।

### देश में कोरोना संक्रमण से चार मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश भर में कोरोना के मामले एकबार फिर बढ़ने लगे। पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से चार मरीजों की मौत हुई है और सक्रिय मामले 867 बढ़कर 10 हजार से अधिक हो गये हैं।

### एनटीपीसी की मुआवजा राशि घोटाले की सुनवाई

रांची। हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान तीन हजार करोड़ के मुआवजा घोटाला मामले में दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई है। अदालत ने सुनवाई के बाद सीबीआई को नोटिस जारी कर पार्टी बनाने का निर्देश दिया है।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |


## सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ायी लालू की मुश्किलें

**जमानत रद्द करनेवाली याचिका पर नोटिस**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ती दिख रही हैं। चारा घोटाला के 2 मामले में दोषी करार लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। सीबीआई की ओर से लालू की जमानत को रद्द करने वाली मांग पर नोटिस जारी कर लालू से जवाब मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने चारा घोटाला मामले में लालू को मिली बेल को लेकर यह नोटिस जारी किया है और लालू से जबाव तलब किया है। चारा घोटाला के दो मामलों में लालू बेल पर हैं। बेल को रद्द करने के लिए सीबीआई ने याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने लालू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मूल याचिका के साथ इस याचिका को संलग्न किया है। सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट के उस निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर चुनौती दी है, जिसमें लालू को बेल पर रिहा करने को हरी झंडी दी गयी है।

अप्रैल 2021 में लालू को दुमका कोषागार से करीब 3.13 करोड़ निकासी के मामले में झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। वहीं चाईबासा के साथ ही देवघर कोषागार केस में उन्हें पहले ही जमानत मिल गयी थी। हालांकि दुमका कोषागार मामले में लालू ने अपनी आधी सजा काट ली थी, जिसके बाद उन्हें बेल मिली थी। इन दो मामलों पर सीबीआई ने याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। लालू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।



## हार्डकोर नक्सली बैजनाथ यादव गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने हार्डकोर नक्सली बैजनाथ यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली बैजनाथ यादव पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुलहईया का रहने वाला है। वहीं पूछताछ के क्रम में पुलिस को नक्सली बैजनाथ यादव से कई अहम जानकारी मिली है। जिसके बाद पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। पलामू पुलिस को सूचना मिली थी नक्सली बैजनाथ यादव छतरपुर अनुमंडल के इलाके में आया हुआ है। इसी सूचना के आलोक में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर उसे दबोचा।



राहुल मामले में संसद से सड़क तक हंगामा, कार्यवाही स्थगित

# काले कपड़े में सदन पहुंचे, स्पीकर पर फेंकी कागज और काली पट्टी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी और अडानी के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने काले कपड़े पहनकर संसद से लेकर सड़क तक विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसी सांसदों ने काले कपड़े पहन कर विजय चौक मार्च निकाला और गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल थी। वहीं संसद के दोनों सदनों में काग्रेसी संसदों ने प्रदर्शन किया। लोकसभा में विपक्षियों ने अध्यक्ष पर कागज और काली पट्टी फेंकी। भारी हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। (शेष पेज 11 पर)



### पीएम मोदी ने की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्र की रणनीति को लेकर वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में अमित शाह, अनुराग ठाकुर, धर्मेंद्र प्रधान, गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल समेत कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद थे।

चंदवा के गांवों में फूड प्वाइजनिंग से सैकड़ों लोग पीड़ित, सीएस कर रहे हैं निगरानी

# पांच दर्जन से अधिक की स्थिति गंभीर, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग व चेतर पंचायत में फूड प्वाइजनिंग से सैकड़ों लोगों के गंभीर बीमार पड़ने का मामला प्रकाश में आया है। इनमें करीब पांच दर्जन लोगों की स्थिति गंभीर व चिंताजनक हैं। फूड प्वाइजनिंग अक्रांत लोगों में उल्टी व दस्त, पेट दर्द व बुखार दर्द के लक्षण देखे जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए लातेहार सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। कई मेडिकल टीम भी प्रभावित इलाकों में कैंप कर रही है। सोमवार को चंदवा सीएचसी की आधा दर्जन टीम प्रभावित गांवो में कैंप लगाया। जांच के क्रम में लगभग 5 दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से पीड़ित मिले। गंभीर लोगों को चंदवा और लातेहार अस्पताल ला कर इलाज किया जा रहा है। विभाग ने गुड़ और चना का सैंपल ले कर जांच को भेजा है।

कई मेडिकल टीमें कैंप लगा कर इलाज में जुटीं




**इनकी स्थिति है गंभीर**

फूड प्वाइजनिंग पीड़ितों में तरबीन देवी, जयवंती देवी, सविता देवी, शीला देवी तारा देवी, संदीप उरांव, आर्यन उरांव, धनलाल उरांव (सभी आन), बिफनी देवी (किता), सरस्वती देवी, सुलो देवी (किता), ललिता देवी (आन), अक्षित उरांव (किता), आरिष उरांव (किता) समेत दर्जनो लोग शामिल हैं। गंभीर लोगो में ज्यादातर महिलाएं व बच्चे शामिल हैं।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सासंग व चेटर पंचायत के कीता गांव, आन, भरीला, बुल्हु, सिकनी समेत कई गांवों के ग्रामीण सासंग पंचायत के दामर शक्ति खुटा में सरहुल के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। प्रसाद में चना और गुड़ खाया था। उसके बाद रात से ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। लोग उल्टी व दस्त, बुखार और दर्द से पीड़ित हो गये।



जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया। चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम गांव में कैंप कर पीड़ित लोगों की देखरेख में जुटी है। सोमवार को चंदवा सीएचसी की आधा दर्जन टीम प्रभावित गांवो में कैंप लगाया। जांच के क्रम में लगभग 5 दर्जन लोग गंभीर रूप से पीड़ित मिले। इनमें दो दर्जन लोंगी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चंदवा सीएचसी लाया गया। डाक्टरों की टीम की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। शेष तीन दर्जन गंभीर गंभीर लोगो को सदर अस्पताल लातेहार व चंदवा सीएचसी भेजा गया है।

## कड़ी सुरक्षा में अतीक अहमद नैनी सेंट्रल जेल में हुआ शिफ्ट

एजेंसी

**प्रयागराज।** कड़ी सुरक्षा में गुजरात से माफिया अतीक अहमद के नैनी सेंट्रल जेल पहुंचने के बाद उसके भाई अशरफ को भी बरेली जेल से यहां लाया गया है। दोनों अलग-अलग बैरकों में रहेंगे। अतीक अहमद गुजरात की साबरमती जेल में बंद था। अतीक अहमद को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अहमदाबाद जेल से सोमवार करीब पांच बजे प्रयागराज के नैनी सेन्ट्रल जेल लाया गया। प्रयागराज में राजू पाल मर्डर के गवाह उमेश पाल की हत्या में अतीक अहमद और अशरफ को मुख्य आरोपी बनाया गया था। पुलिस की कड़ी निगरानी में अतीक के काफिले को दूसरे गेट से अंदर प्रवेश कराया गया। जेल पूरी छावनी में तब्दील हो चुकी है। मीडिया से दूरी बनाए रखने के लिए जेल के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग की गयी थी। मीडिया को गुमराह कर पिछले दरवाजे से दाखिल कराया गया है। फिलहाल, दोनों भाइयों को उमेश पाल के अपहरण मामले में सुनवाई के लिए नैनी जेल लाया गया है। (शेष पेज 11 पर)

उमेशपाल हत्याकांड में आज फैसला संभव

भाई को भी लाया गया, दोनों अलग बैरकों में रहेंगे

# हर कार्यकर्ता जीत की शुरुआत अपने बूथ से करें: कर्मवीर सिंह

## राज्य सरकार के खिलाफ 11 अप्रैल को सड़कों पर उतरेगा जनसैलाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने बूथ से जीत की शुरूआत करनी है। श्री सिंह सोमवार को दक्षिणी छोटानागपुर की सांगठनिक बैठक में बोल रहे थे। यह आयोजन नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा होटल में की गयी थी। उन्होंने आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी सफलता के लिए बूथ आधारित कार्यक्रमों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ समितियों को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी बनाने पर बल दिया। इसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों को जनता का समर्थन मिल रहा है। पार्टी कार्यकता मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर ले कर जायें। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को रांची में राज्य की गठबंधन सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने कहा की पार्टी की योजना के अनुसार सभी कार्यकर्ता आगामी 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस पर अपने घरों पर झंडा अवश्य लगायें। अंबेडकर जयंती पर प्रभातफेरी, माल्यार्पण, व्याख्यान, गोष्ठी जैसे कार्यक्रम करने को कहा। प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि गठबंधन सरकार की नाकामियों, विफलताओं और वादा खिलाफी के कारण उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कार्यक्रम में गंगोत्री कुजूर, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, शशिभूषण भगत, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो, चंद्रशेखर गुप्ता, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, कोचे मुंडा, अजय मारू, दिनेश उरांव, कमलेश उरांव, विमला प्रधान, जीतू चरण राम आदि थे।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किये जाने को लेकर पूरे देश में राजनीतिक गतिरोध जारी

# केंद्र सरकार ने अपना दामन बचाने के लिए राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करायी : अविनाश पांडे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किये जाने को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं की बैठक पुराना विधानसभा सभागार में हुई। बैठक में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किये जाने को लेकर पूरे देश में राजनीति गतिरोध जारी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की गलत नीतियों के विरोध में राहुल गांधी लगातार आवाज उठाते रहे हैं। राहुल गांधी ने जैसे ही अड़ानी के बढ़ते पूंजीवाद पर सवाल खड़ा करते हुए 20 हजार करोड़ के




भ्रष्टाचार का मामला उठाया, इससे केंद्र की बीजेपी सरकार डर गई। यही कारण है कि सरकार ने अपना दामन बचाने के लिए 24 घंटे के अंदर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करा दी। उन्होंने कहा कि आज देश में सरकार के खिलाफ जो भी बोल रहा है उनके दरवाजे पर ईडी-सीबीआई पहुंच रही है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की लड़ाई हम हर कीमत पर जारी रखेंगे। भाजपा का विरोध करने वाला हर वर्ग आज प्रताड़ित है। कांग्रेस ने देश को संविधान और लोकतंत्र दिया है तो हम इसकी रक्षा भी करेंगे, चाहे इसके लिए कोई भी कुबार्नी क्यों न देनी पड़े। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के मामले पर सभी जिलाध्यक्षों को यह निर्देश दिया गया है कि 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रखंड से जिला स्तर तक नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र सरकार की विफलताओं को जनमानस के बीच ले जाने का काम करें।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हर उस राज्य में सरकार को अस्थिर करने का प्रयास केन्द्र के द्वारा किया जा रहा है, जिस राज्य में गैर भाजपा का शासन है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सचिवालय ने जिस हड़बड़ी में राहुल गांधी की सदस्यता रदद करने का निर्णय लिया वो समझ से परे है। बैठक को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शाहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, केशव महतो कमलेश ने भी संबोधित किया।

**बैठक में ये नेता थे उपस्थित :** सुलतान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, सुरेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार वर्मा, तनवीर आलम, जवाहर महथा, अजय नाथ शाहदेव, कुमार गौरव, स्वेता सिंह, शिव कुमार भगत, परविन्द्र सिंह, बलजीत सिंह बेदी, रंजन बोयपाई, विनोद कुशवाहा, विजय कुमार चौबे, सुरेश बैठा, मदन महतो, विजय सिंह, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, रांची जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, सुखेर भगत, शकील अहमद अंसारी, चैतू उरांव, डेविड तिर्की, रवि मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार दूबे, संतोष कुमार सिंह, भागीरथ पासवान, जैश रंजन पाठक, औबेदुल्लाह हक अंसारी, मुनेश्वर उरांव, आनंद बिहारी दूबे, विशू हेमरम, धर्मेंद्र सोनकार, अमित राय, हरी मोहन मिश्रा, वरिष्ठा नेता-अशोक चौधरी, रवीन्द्र सिंह, शमशेर आलम, रमा खलखो, अग्रणी मोर्चा-गजेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, केदार पासवान, जयशंकर पाठक, भानू प्रताप बडाइक, सचिव-अमरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, ईश्वर आनंद, सीपी संतन, महेन्द्र मिश्रा, पीटर मुंडू, शमशेर आलम, रामाकांत, कमल ठाकुर, सुरेश धारी राम, लक्ष्मीनारायण तिवारी, शहबाज अहमद, निजाम अंसारी, मनोज सहाय पिंकू, राकेश तिवारी, रौशन बरवा, पप्पू पासवान, देबू चटर्जी, प्रमोद सिंह, बैलेश तिर्की, रमेश चीनी, पिंकी सिंह, पुर्णिमा पांडे आदि शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद।**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्रों में पी0आर0 नं0 293178 Road (22-23)# D द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RCD/DHANBAD/384/2022-23 (1st Call) में निम्न संशोधन किया जाता है :–

(क) ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय– 18.04.2023 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक के स्थान पर 26.04.2023 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक पढ़ा जाय।

(ख) ई–निविदा का वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एवं समय 03.04.2023 के पूर्वाह्न 10:30 बजे से के स्थान पर 11.04.2023 पढ़ा जाय।

शेश अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी। विशेश जानकारी हेतु पथ प्रमण्डल, धनबाद से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, धनबाद।

PR 293715 Road(22-23)D


## झारखंड राज्य सहकारी बैंक के निदेशक बने प्रभात कुमार



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री प्रभात कुमार सिंह झारखंड राज्य सहकारी बैंक के निदेशक चुने गये हैं। श्री प्रभात देवघर निवासी हैं। श्री सिंह के निदेशक चुने जाने पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, अर्जुन सिंह, ललित ओझा, आनंद तिवारी, राजेश कुशवाहा, वैभव सिंह, अजय मुंडा, राजीव नाथ शाहदेव, राकेश चौधरी, विनोद कुमार, चंदन कुमार ने बधाई दी है।

# शिक्षकों का अंतर जिला तबादला जून से होगा शुरू : शिक्षा सचिव

**खुशखबरी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण जून 2023 से शुरू होगा। वर्ष, 2024 तक सबका तबादला कर दिया जाएगा। उक्त बातें एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने कही। संघ के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल और परीक्षित महतो ने 27 मार्च को शिक्षा सचिव से सचिवालय में मुलाकात की। उनसे शिक्षकों के स्थानांतरण पर चर्चा की। संघ के पदधारियों ने बताया कि अंतर जिला स्थानांतरण का काम 8 वर्षों से रुका हुआ है। शिक्षक-शिक्षिकाएं दूसरे जिला में रहकर मानसिक तनाव में काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई शिक्षक और शिक्षिकाएं अपने बूढ़े मां बाप एवं परिवार का सेवा सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व में नियम था कि प्राथमिक शिक्षक-शिक्षिकाएं को एक बार अंतर जिला स्थानांतरण कर गृह जिला में भेज दिया जाता था। पदधारियों ने कहा कि संकल्प (संख्या-2096) और अधिसूचना (संख्या-1556) लागू होने से एक भी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अंतर जिला स्थानांतरण नहीं हो रहा है। इस बीच कई दूसरे जिले से आने जाने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गये हैं।

## खबर एक नजर में

### मंत्री सत्यानंद की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई 19 को

रांची। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े 13 साल पुराने 46.10 करोड़ रुपये के बीज घोटाले में आरोप तय किया जाना है लेकिन आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई से पूर्व उनकी ओर से मामले में डिस्चार्ज याचिका दाखिल की गई है। इस पर एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी लेकिन, सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली तारीख 19 अप्रैल निर्धारित की है। मालूम हो कि 2003.05 में राज्य के कृषि मंत्री रहते हुए बीज व उपकरण खरीद घोटाले के आरोप में साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, कृषि सचिव वी जयराम व निस्तार मिंज, आपूर्तिकर्ता दिलीप गड़ोदिया समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है।

### साक्ष्य के अभाव में जानलेवा हमला के आरोपी रिहा

**रांची।** जानलेवा हमले से जुड़े पांच साल से अधिक पुराने मामले में सेशन कोर्ट ने मुकदमे को साबित करने के लिए चार साल का समय दिया। लेकिन, अभियोजन पक्ष की ओर से इन चार साल में एक भी गवाह अदालत तक नहीं पहुंच सका। अदालत ने मामले के गवाहों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था। गवाहों के नहीं आने पर एसएसपी रांची को लिखा गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ओपी गौरव ने बताया कि अदालत अपने स्तर से गवाहों के लाने के लिए सभी न्यायिक प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। बावजूद न तो केस दर्ज करानेवाला और न ही मामले के अनुसंधान पदाधिकारी गवाही के लिए आया। अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने मामले के तीन आरोपियों लिठिया टोप्पोए बुधना टोप्पो और संदीप टोप्पो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। गौरतलब है कि इनलोगों के खिलाफ मांडर के हेसमी गांव निवासी प्रकाश उरांव ने आठ दिसंबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इनलोगों पर धान काटने को लेकर हुई हिंसक झड़प में महिला सरिता कच्छप को हसुआ से मारकर जख्मी करने का आरोप था। प्राथमिकी के बाद मामले के जांच अधिकारी ने घटना के सही बताते हुए चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में आरोपियों के खिलाफ अदालत ने 2019 में आरोप तय था।

### पद का दुरुपयोग कर रहे हैं प्रधानमंत्री : रानी कुमारी



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता खत्म किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा है कि भाजपा की पूरे देश में आलोचना हो रही है। साधारण मामले में भी सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा सुनायी गयी है। इसके बाद आनन-फानन में सदस्यता खत्म करना अभिव्यक्ति पर या लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह पद का दुरुपयोग है। जनता कभी भी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर बबली देवी, उषा देवी, विद्यार्थी देवी, कविता सिंह, सरिता देवी और अंजली यादव उपस्थित थीं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रेल जमशेदपुर**

**आवश्यक सूचना**

रेल थाना राँची अर्न्तगत गौतमधारा रेलवे स्टेशन के पोल सं0–383/5 एवं 383/5A के बीच मेन लाईन के बगल में ट्रेक से सटे हुए एक अज्ञात पुरूष का शव पाया गया। बरामद शव कि विवरणी निम्न प्रकार हैं :–

01. लिंग–पुरूष,
02. उम्र–लगभग 35 (पैंतिस) वर्ष,
03. रेल थाना राँची यू0डी0 काण्ड सं0–04/23, दिनांक–14.02.2023,
04. पहनावा–लाल एवं नीले रंग का धारीदार हाफ टी–शर्ट, हल्का काला रंग वाला फुल ट्रैकसुट पहना हुआ।
05. शरीर– सामान्य से हल्का मोटा,
06. बालों का रंग–काला,
07. रंग–गोरा,
08. क्लीन सेव,
09. लम्बाई– करीब 05 फीट 05 इंच।



अतः इस उद्घोषणा के द्वारा आमजनों से अपील की जाती है कि उपरोक्त अज्ञात शव के संबंध में किसी प्रकार की सूचना होने/प्राप्त होने पर निम्नांकित दुरभाष नंबरो पर संपर्क स्थापित कर सूचित करें। आपका परिचय गोपनीय रखा जायेगा एवं आपको उचित ईनाम दिया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, रेल जमशेदपुर :– 9431303400
पुलिस उपाधीक्षक(मु0), रेल जमशेदपुर :– 8340185711
पु0नि0–सह–थाना प्रभारी, रेल थाना राँची :– 9570152266

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, रेल जमशेदपुर

PR 293646 Police(22-23)#D


## आइएएस केके सोन और आराधना पटनायक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन और आराधना पटनायक को राज्य सरकार ने विरमित कर दिया है। आईएएस केके सोन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किये गये हैं जबकि आराधना पटनायक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त की गयी हैं।

## जेएसएससी ने पीजीटी परीक्षा के अर्थशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम में किया पूरा बदलाव

**खबर मन्त्र इंपैक्ट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के अर्थशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया था। खबर मन्त्र दैनिक अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से सोमवार के अंक में प्रकाशित किया था। इसके बाद आयोग ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के अर्थशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम को पूरी तरह से बदल दिया है। विज्ञापन संख्या 2/2023 में अर्थशास्त्र विषय के लिए जो पाठ्यक्रम बनाई गई थी, उसमें झारखंड की अर्थव्यवस्था को हटा दिया गया था, और पूरी तरह से संघ लोक सेवा आयोग के पाठ्यक्रम को शामिल किया गया था। मालूम हो कि अर्थशास्त्र विषय के लिए सिलेबस बदल दिए जाने से लगभग 7000 अभ्यर्थी प्रभावित हो रहे थे।

## अनुबंध नर्सिंग कर्मियों ने स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स की नर्सिंग स्टॉफ सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रति आभार जताने उनके आवासीय कार्यालय पहुंची। मालूम हो कि रिम्स जीबी की बैठक में नियुक्ति में 50 पुराने अनुबंध कर्मियों को नियुक्त करने का फैसला लिया गया है। इससे नर्सिंग कर्मियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कर्मियों ने बुके देकर, फूल माला पहनाकर और मुंह मिठाकर आभार जताया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कर्मियों को संबोधित करते हुए हुए कहा कि कोरोना काल में आपने बेहतर कार्य किया था। उसी के कारण आपकी सेवा और समर्पण का फल हेमंत सरकार ने आपको दिया है। सारे नियमों को पूर्ण करते हुए 50 सीट पर आप सभी लोगों को नियुक्त किया जायेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/25/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.04.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 05.04.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 05.04.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of 5 Unit Toilet, Septic Tank, Boundary Wall, Sanitary, and Electrical Work at Kasmar Picket Tarhasi Thana, Palamu. | 1940994.00 | 39000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Repair of 2 Unit Toilet, Septic Tank, Deep Boring, Sanitary, and Electrical Work, 3 Unit Bathroom, Fitting Concertian Wire at Kamgarpur Picket, Hussainabad Thana, Palamu. | 2361523.00 | 47500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Concertina Wire Deep Boring at Mitar Picket, Manatu Thana, Palamu. | 350466.00 | 7500.00 | 750.00 | 01 Months |
| 4. | Repair of 2 Unit Toilet, Septic Tank, Deep Boring, Sanitary, Kitchen Shed at Padma Picket, Manatu Thana, Palamu. | 2019541.00 | 40500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Repair of 5 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical Work, Kitchen Shed at Chetma Picket, Nawajaipur Thana, Palamu. | 2161357.00 | 43500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Repair of 8 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical Work, Deep Boring at Panki Thana, Palamu. | 1308174.00 | 26500.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 7. | Repair of 8 Unit Toilet, Septic Tank, Sanitary, Electrical work at Hariharganj Thana, Palamu. | 980449.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 8. | Repair of 6 Nos Barrack at Saraidih Picket, Naudiha Bazar Thana, Palamu. | 2475975.00 | 5000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Deep Boring at Mansuriya Thana, Palamu. | 327725.00 | 7000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 10. | Repair of Boundary Wall Concertina Wire and Kitchen Shed at Latheya O.P Chhattarpur Thana Palamu. | 1749154.00 | 35000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Concertina Wire at Jhabar Picket, Satbarwa Thana Palamu. | 745925.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 12. | Repair 8 Unit Toilet and Concertina Wire Kishunpur Picket, Patan Thana Palamu. | 668483.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 13. | Repair 16 Unit Toilet, Deep Boring and Electrical Work Mahudand Picket, Hussainabad Thana Palamu. | 1564215.00 | 31500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Concertina Wire at Khajuri Picket, Chhattarpur Thana, Palamu. | 68,224.00 | 1400.00 | 500.00 | 15 Days |
| 15. | Repair 11 Unit Toilet at Chhattarpur Thana, Palamu. | 567997.00 | 11500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 16. | Concertina Wire at Untari Road Thana, Palamu. | 268900.00 | 5500.00 | 750.00 | 15 Days |
| 17. | Repair 05 Unit Toilet, Septic Tank, Electrical Work and Sanitary Work Dangwar O.P, Hussainabad Thana Palamu. | 1468800.00 | 29500.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 18. | Barbed Wire, Toilet and Bathroom at Sadar Thana, Palamu. | 906379.00 | 18500.00 | 1250.00 | 01 Months |

नोट:–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 293661 Building(22-23).D


## समीक्षा बैठक में रोजगार सृजन को लेकर पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# कार्य योजना बनाकर मनरेगा की लंबित योजनाओं को पूरा करायें : प्रशांत कुमार

**योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी को लेकर जतायी नाराजगी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने सभी डीडीसी को निर्देश दिया है कि मनरेगा द्वारा संचालित योजनाएं धरातल पर दिखाई दे, इसे सुनिश्चित करें। मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों के रोजगार का सृजन का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने विभिन्न जिलों में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। वह, विभागीय सभागार में राज्य के डीडीसी से मुखातिब थे। उन्होंने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों को रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन के कारण हो रही परेशानी को एक सप्ताह में सुधार करवाने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने सभी डीडीसी से कहा कि ससमय लक्ष्य पूरा करें। अधिकारी इस बात पर विशेष यह ध्यान दें कि शिकायतें न मिले। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव ने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने रूर्बन मिशन और जलछाजन की भी समीक्षा की।



### अगले 2 साल में बनाये जायेंगे एक लाख कूप

श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक लाख कुओं का निर्माण किया जायेगा। जिलावार इसका लक्ष्य तय किया जायेगा। इसके लिए कूप निर्माण के लिए लाभुकों का सहायता राशि भी दी जायेगी। सिंचाई कूप निर्माण में सामग्री मद में 50 हजार रुपये प्रति कूप सहायता राशि लाभुकों की दी जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धण योजना जिसका मनरेगा के साथ अभिसरण कर निर्माण कार्य किया जायेगा। एक लाख कुआं का निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में इस वितीय वर्ष 50 हजार व दूसरे चरण में अगले वित्तीय वर्ष 50 हजार का निर्माण कराया जायेगा। राज्य में बिरसा हरित ग्राम योजना से बड़े पैमाने पर पौधा रोपण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में इन कुओं के निर्माण से पटवन आसान होगा।

### वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लायें



मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निर्देश दिया। सभी डीडीसी से कहा कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनाओं का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर, उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने को कहा। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 की योजनाओं की समीक्षा की और लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्य योजना बना कर सभी डीडीसी को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं, राज्य में सबसे खराब स्थिति में रहने वाले जिलों के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा जिला में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और डीडीसी को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# झारखंड सरकार की लूट और झूठ की पोथी का जनता के बीच करेंगे पर्दाफाश सुदेश

## जमशेदपुर में केंद्रीय समिति की बैठक बैठक में सरकार पर साधा निशाना, आंदोलन की रूपरेखा तय, पूरे राज्य में जन पंचायत का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झूठ की पोथी पेश कर जनादेश हासिल करने वाली हेमंत सोरेन सरकार में लूट किस कदर हावी है, इसका पदार्फाश जनता के बीच में जाकर करेंगे। सरकार की नीति, निर्णय और मंशा का कच्चा चिट्ठा भी खोलेंगे। आजसू पार्टी ने कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा तय की है। इसी सिलसिले में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन पंचायत लगायी जायेगी। आज जमशेदपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेश के साथ बड़ा छल किया है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मुख्यमंत्री ने नियोजन नीति के नाम पर अपना पॉलिटिकल एजेंडा सेट करने की कोशिश में सब कुछ उलझा कर रख दिया है। विशेष सत्र बुलाकर किसी भी दल का विचार नहीं सुना गया। विकास के तमाम मानकों पर झारखंड लगातार पिछड़ रहा है। सरकारी संरक्षण में लूट का बोलबाला है अराजकता का नेतृत्व शीर्ष पद पर बैठे नेता ही कर रहे हैं।

शासन-प्रशासन का वातावरण इतना बिगड़ चुका है कि इन बीस महीनों में राज्य का भारी नुकसान ही होगा। इसलिए राज्य हित में पार्टी के हर स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सरकार के खिलाफ मोचार्बंदी करें। आजसू पार्टी 13 अप्रैल को राज्य के सभी जिलों में आक्रोश मार्च निकालेगी। नियोजन नीति उलझाये रखने और वेकैंसी, परीक्षाओं, रिजल्ट के इंतजार में लाखों युवाओं के सपने से खिलवाड़ के खिलाफ यह आक्रोश मार्च असरदार होगा।

आजसू पार्टी ने केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में दो टूक कहा कि जातीय जनगणना से सरकार नहीं भागे ओबीसी आरक्षण का यही सही मापदंड हो सकता है। बिना ट्रिपल टेस्ट सरकार ने पंचायत चुनाव कराया और अब नगर निकाय चुनाव में भी वह ट्रिपल टेस्ट से बचना चाह रही है। जबकि आजसू पार्टी सड़क से लेकर सदन में इस विषय पर अपनी आवाज मुखर करती रहेगी। साथ ही पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च अदालत का भी रुख किया है।


बैठक में मंच पर मौजूद सुदेश महतो, रामचंद्र सहिस, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं अन्य नेतागण।

**सांसद समेत प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया :** केंद्रीय समिति की बैठक को पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक समेत कई प्रमुख नेताओं ने भी संबोधित किया। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में एनडीए उम्मीदवार की जीत के साथ हेमंत सोरेन सरकार और यूपीए गठबंधन की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। आम आदमी परेशान है। अफसरशाही हावी है। इन सवालों पर आगे बढ़कर सरकार के खिलाफ जनता को गोलबंद करना होगा। जनता इन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है।

### केंद्रीय कार्य समिति के कुछ प्रमुख फैसले

रिसर्च एंड डेटा एनालिसिस विंग का गठन करेगी आजसू पार्टी। ऐसा करने वाली पहली पार्टी होगी आजसू। 5 अप्रैल को रघुनाथ महतो शहादत दिवस समारोह का आयोजन। 14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर जयंती का आयोजन सभी विस क्षेत्रों में। 23 अप्रैल को राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय यात्रा रांची में। 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति राज्य स्तरीय सम्मेलन भोगनाडीह,साहेबगंज में। 30 अप्रैल को अनुसूचित जाति राज्यस्तरीय सम्मेलन इटखोरी, चतरा में। एशियन स्काई फाउंडेशन के संस्थापक आकाश सिन्हा आजसू पार्टी में शामिल।

### 6-8 अक्तूबर को रांची में महाधिवेशन

**कार्यसमिति** की बैठक में पार्टी प्रमुख ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अक्तूबर में होने वाले महाधिवेशन से पहले एक लाख सक्रिय कार्यकर्ता खड़े किये जाये, जो सांगठनिक और चुनावी मोर्चा पर पार्टी के लिए रीढ साबित होंगे। पार्टी का महाअधिवेशन 6 से 8 अक्टूबर तक रांची में होगा। इसके साथ ही संगठन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए जो काम बाकी है उसे टाइम फ्रेम के तहत पूरे करने को कहा गया है।

# गरीबों एवं महिला दुकानदारों को दुकान आवंटन में प्राथमिकता : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले की डीसी श्रीमती विजया जाधव के आदेशानुसार मानगो-डिमना रोड में चलाये गए अतिक्रमण अभियान पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। गौरतलब है कि शनिवार देर रात उपायुक्त द्वारा मानगो क्षेत्र भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देश के आलोक में रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उपायुक्त के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एसडीओ धालभूम श्री पीयूष सिन्हा तथा जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी मौजूद रहे। सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने में डिवाइडर पर लगाये जाने वाले दुकान तथा सड़कों का भी अतिक्रमण कर सब्जी, चाय नास्ता, मिट्टी बर्तन, टोकरी झाड़ु, होटल आदि दुकान खुल जाने से लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। रविवार देर शाम में अतिक्रमण हटाओ अभियान धालभूम शुरू किया गया जो करीब रात 11 बजे खत्म हुआ। अतिक्रमण हटाने के पहले रविवार सुबह से ही नगर निगम कार्यालय द्वारा सघन माइकिंग करते हुए दुकानदारों को खुद से दुकान हटाने की अपील की जा रही थी जिसपर कुछ दुकानें स्वतः हटाई भी गईं। कुछ लोग जिनका अतिक्रमण बड़ा था उन्हे समय भी दिया गया ताकि मौके से वे अपना सामान ले जाएं ताकि आर्थिक रूप से कोई बड़ी क्षति नहीं हो। स्थानीय लोगों ने कहा कि मानगो में जाम लगना रोज की समस्या थी जिससे छुटकारा मिल जाना अच्छी बात है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण गाड़ियां रेंगती थी या दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती थी जिससे अब राहत मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा एक तरफ अतिक्रमण हटाया जा रहा था वहीं दूसरी ओर रविवार देर शाम से ही लोगों को मानगो पुल के पास बने स्थाई दुकानों का आवंटन भी करना शुरू कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान तोड़े गए दुकानों के संचालकों ने नई दुकान मिलने पर खुशी जाहिर किया है। जिले की उपायुक्त ने सबसे पहले गरीब तथा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुकान आवंटन का आदेश दिये हैं। दुकान आवंटन की प्रक्रिया आज भी जारी है। नगर निगम पदाधिकारी श्री सुरेश यादव ने बताया कि जल्द से जल्द सभी दुकानदारों को उनके नए दुकान में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

मानगो पुल के पास बनाये गए स्थाई दुकान में सबसे पहले मोची का कार्य करने वाले दुकानदार को शिफ्ट किया गया। उन्होने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले सड़क किनारे खुला आसमान में दुकान लगाते थे।


नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद महिला दुकानदार को चाबी सौंपी

## टाटा स्टील ने दिल के स्वास्थ्य के संबंध में सेफ टॉक का आयोजन किया

**जमशेदपुर।** डॉ. मंदार महावीर शाह, चीफ कंसल्टेंट और हेड कार्डियोलॉजी, टाटा मेन हॉस्पिटल ने जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में टाटा स्टील सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित 'सेफ टॉक' के हिस्से के रूप में जीवन बचाने में तकनीकी हस्तक्षेप पर प्रमुख वक्तव्य प्रस्तुत किया। सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट्स द्वारा सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और सामयिक जानकारी और ज्ञान प्रदान करने, दर्शकों की भागीदारी बढ़ाने और ज्ञान संवर्धन के लिए सेफ टॉक श्रृंखला का आयोजन किया जाता है। अपने संबोधन के दौरान, डॉ. शाह ने कार्डियोलॉजी के विकास में पारंपरिक तरीकों से लेकर डिजिटल रूप से न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं की वर्तमान विधियों तक की प्रमुख प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टीएमएच में उपलब्ध नवीनतम नैदानिक और उपचार सुविधाओं और विकल्पों के अलावा टीएमएच में उपलब्ध नवीनतम कैथलैब सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने श्रोताओं को समय पर हस्तक्षेप के महत्व के बारे में समझाया जो कई कीमती जीवन बचाने में मदद करता है, विशेष रूप से गंभीर परिस्थितियों में सूचना देने वाले रोगियों की।

# थिंक ग्लोबल हो लेकिन बिजनेस लोकल इनवायरमेंट को ध्यान में रख कर करें : सुभाष

## एक्सएलआरआइ में क्लॉकस्पीड 3.0 में शामिल हुए टेस्ला पावर के सीईओ समेत सप्लाई चेन के दिग्गज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम ) की ओर से ऑपरेशन एंड सप्लाई चेन कॉन्क्लेव क्लॉकस्पीड 3.0 का आयोजन किया गया, जिसमें देश व दुनिया की कई प्रसिद्ध कंपनियों के एमडी व उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर आलोक राज ने सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए कहा कि आज के दौर में पठन-पाठन में इंडस्ट्री व एकेडमिया के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थी कल जब किसी कंपनी के कर्मचारी बनते हैं या उसका प्रतिनिधित्व करते हें तो उन्हें हर बिंदु की अच्छी जानकारी हो। इसी उद्देश्य से एक्सएलआरआइ की ओर से ऑपरेशन एंड सप्लाई चेन कॉन्क्लेव क्लॉकस्पीड 3.0 का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में यूएसए के टेस्ला पावर सीईओ एपीएसी सुभाष आर्य उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि आज के दौर में वर्ल्ड फंक्शनिंग में सप्लाई चेन मैनेजमेंट अति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि हमें विश्व स्तर पर सोचना चाहिए, लेकिन विश्व स्तर पर व्यापार करते समय हमेशा लोकल कंडीशन को भी उतना ही महत्व देना चाहिए. सप्लाई चेन मैनेजमेंट में कार्य को धरातल पर उतारने की स्पीड काफी अहम भूमिका निभाती है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट में सब कुछ परस्पर आपस में जुड़ा हुआ है। उन्होंने डिमांड कैप्चरिंग समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों में टेक्नोलॉजी की आवश्यकताओं पर बल दिया। इसके बाद सप्लाई चेन एनालिटिक्सः शेपिंग द फ्यूचर ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। जिसमें चैनालिटिक्स के एमडी मिलिंद कानेतकर, मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के प्रेसिडेंट ऑपरेशंस अभय श्रीवास्तव, डीएचएल सप्लाई चेन इंडिया प्रा लिमिटेड के ऑपरेशंस डायरेक्टर इस्ट सौमोव कुंडू, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट व सप्लाई चेन के प्रमुख पुष्कर मुखर्जी, सेलियस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक व सीओओ रजनीश रमन, व एक्सएलआरआइ पीजीडीएम (जीएम) की संजना वार्ष्णेय ने हिस्सा लिया. मौके पर मिलिंद कानेतकर ने अपने भाषण में गूगल मोबिलिटी पर महत्व दिया. कहा कि इससे ग्राहकों की जरूरत को एनालिटिक्स द्वारा निर्धारित किया जा सकता है और कंपनी को इसे क्रियान्वित करने और लागू करने पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने डेटा साइंस के महत्वों से भी अवगत कराया. मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के प्रेसिडेंट ऑपरेशंस अभय श्रीवास्तव ने आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों पर प्रकाश डाला. उन्होंने 35 साल पहले बोर्ड की मीटिंग में जोखिम व पर्यावरण वन लाइनर था। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, इसका प्रबंधन कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकता बन गया. कोविड के बाद डैशबोर्ड पर रिस्क आ गया है. इसके बाद सौमोव कुंडू ने आपूर्ति श्रृंखला संचालन के लिए डेटा एनालिटिक्स के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि डेटा एनालिटिक्स के अनुप्रयोग में दो भाग होते हैं- मशीन साइड और मानव पक्ष। वहीं, पुष्कर मुखर्जी ने कहा कि एनालिटिक्स को कंपनी की समग्र रणनीति में एकीकृत किया जाना चाहिए, न कि केवल आपूर्ति श्रृंखला में, और स्वामित्व नीचे से ऊपर की ओर प्रवाहित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर फर्म सक्रिय रूप से डेटा-संचालित एनालिटिक्स की ओर बढ़ रही है।




## हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का डीसी ने किया शुभारंभ


एंबुलेंस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करती डीसी विजया जाधव।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले की उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया। इस मौके पर समाहरणालय परिसर से उन्होने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल यूनिट को प्रखंडों के लिए रवाना किया। वर्तमान में 7 प्रखंडों जिनमें धालभूम अनुमंडल में पटमदा व बोड़ाम, पोटका, गोलमुरी-सह-जुगसलाई तथा घाटशिला अनुमंडल में घाटशिला तथा धालभूमगढ़ व गुड़बांदा में लोगों को चिकित्सीय जांच, इलाज व दवाओं की निःशुल्क सुविधा मुहैया करायी जाएगी। इस मेडिकल वैन में मेडिकल अफसर के अलावा फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और एएनएम की टीम रहेगी, जो प्रतिदिन मरीजों की जांच, इलाज के साथ-साथ दवाइयां उपलब्ध कराएगी। आवश्यकतानुसार, गंभीर मरीजों को सदर अस्पतालमें रेफर करने का भी कार्य यह टीम करेगी। उपायुक्त ने इस मौके पर हंस फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि खासकर दूर दराज, दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्र में बसे लोगों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में यह मेडिकल यूनिट काफी उपयोगी होगी। पीएचसी/ सीएचसी सेंटर आने में लोगों को जहां दिक्कत हो रही या संसाधनों के अभाव में जहां स्वास्थ्य सुविधायें सुचारू रूप से नहीं दी जा रही वहां ये वाहन जाएगा। उन्होने कहा कि एक हेल्थ सेंटर अब आपके दरवाजे पर आ रहा है। एएनसी जांच के लिए जहां महिलाओं को 'वीएचएसएनडी' दिवस का इंतजार करना पड़ता था वो समस्या अब नहीं रहेगी, वाहन में पर्याप्त सुविधा है जिससे खासकर गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह से जांच में सहूलियत होगी। वाहन में लगे टीवी का उपयोग टेलीमेडिसिन सेवायें देने में कर सकते हैं।

# रामनवमी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त, स्टंट बाइकर्स के 42 वाहन जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था के सफल संधारण तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी एहतियातन कदम उठाये जा रहे हैं। रविवार की देर रात पुलिस प्रशासन दुनारा शहर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्टंट करने वाले बाइकर्स, तेज गति से बाइक दौड़ाने वाले युवा, मॉडिफाईड साइलेंसर को लक्षित कर कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान 383 वाहनों से 58,500 रूपए जुमार्ना वसूला गया, 42 वाहनों को जप्त किया गया। मॉडिफाइड साइलेंसर होने पर 22 वाहनों पर कार्रवाई की गई। जांच अभियान के दौरान बिष्टुपुर यातायात थाना ने 108, साकची 55, जुगसलाई 100, मानगो 50 व गोलमुरी यातायात थाना ने 70 वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

# चैती छठ : अस्तांचल गामी भगवान सूर्य को ब्रतियों ने दिया अर्घ्य





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार की शाम चैती छठ करने वाली ब्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के लिए स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के तट पर काफी संख्या में व्रत धारी जुटे। अर्घ्य देते हुए ब्रतियों ने घर,परिवार और समाज की खुशहाली,स्वास्थ्य एवं तरक्की की कामना की। सिद्धगोरा सूर्य मंदिर घाट के अलावा जिले में तालाबों और कृतिम तालाबों में भी व्रतियों ने अस्तांचल गामी भगवान सूर्य को दिया। अर्घ्य देने के पश्चात ब्रतधारी परिवार घर लौटे और कोसी भरने की प्रक्रिया पूरी की। मंगलवार को उगते सूर्य को व्रत धारी अर्घ्य देंगे और इसी के साथ छठ संपन्न हो जाएगा। इसके पूर्व शाम में स्वर्णरेखा नदी के दोमुहानी और घाट गांधी घाट में काफी संख्या में ब्रतिधारी पहुंचे थे। उनकी सेवा के लिए गांधी घाट में संजीवनी हेल्थ फाउंडेशन की ओर से सेवा से लगाया गया था। सेवा शिविर में व्रतियों के बीच अगरबत्ती,दूध एवं अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया। सुबह में सामाजिक संगठन ब्रतधारियों की सेवा करेंगे। दूसरी ओर, छठ को देखते हुए पुलिस प्रशासन में छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मानगो जयप्रकाश सेतु गोल चक्कर पर वाहनों को नियंत्रित तरीके से निकाला जा रहा था ताकि ब्रतियों को आसानी व सुरक्षित ढंग से घाट के भीतर जाने का मौका मिल सके।







## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा का किया अनावरण

# झारखंड में खनिज संपदा की मची है लूट : मरांडी

- विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के प्रयास से लगा प्रतिमा
- स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों को भी भाजपा करेगी सम्मानित : डॉ शशिभूषण मेहता

**अवध किशोर राय राजू**





**नीलांबरपुर।** पूर्व सीएम सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार में खनिज संपदा की लूट मची है। यही कारण है कि लोगों को बालू जैसे मूलभूत सामग्री भी बोरे में भरकर लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुलामी से हमें मुक्त कराने वाले नीलांबर पीतांबर जैसे योद्धाओं का सही सम्मान भाजपा ही कर सकती है। श्री मरांडी नीलांबर पीतांबरपुर में नीलांबर पीतांबर की आदत कद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लेस्लीगंज का नामकरण नीलांबर पीतांबपुर करने के पश्चात उनके शहादत के पूर्व संध्या पर प्रतिमा का अनावरण होना आने वाली पीढ़ी के लिए एक सुखद संकेत है कि हम अपने पूर्वजों को सही सामान दे। उन्होंने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में अत्याचार और लोगों को ब्लॉक अंचल थाना में काम कराने के लिए चढ़ावा चढ़ाना पड़ रहा है।

सरकार और सरकार का पूरा तंत्र लूट का अड्डा बन चुका है। उन्होंने नीलांबर पीतांबर के वंशज के गांव में भी आजादी के 75 वर्षों के बाद भी मूलभूत सुविधाओं का नहीं होने पर काफी नाराजगी व्यक्त किया और यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले वर्षों में जब भाजपा की सरकार बनेगी तो नीलांबर पीतांबर जैसे योद्धाओं के गांव में सर्वप्रथम विकास के किरण पहुंचेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि पलामू प्रमंडल में आजादी की बिगुल फुकने वाले नीलांबर पीतांबर दोनों भाइयों का अंग्रेजों ने यहां पर फांसी दिया था । उन्हीं की याद में नीलांबर पीतांबरपुर का नामकरण किया गया। इसके पश्चात उनके प्रतिमा का अनावरण आजादी के शहादत के पूर्व संध्या पर किया गया। आने वाले समय में भी आजादी में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले स्वतंत्र सेनानी के वंशजों को भी भाजपा सम्मानित करने का काम करेगी।

कार्यक्रम को विधायक आलोक चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि पूर्व सांसद मनोज कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, लातेहार जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने भी संबोधित किया इसके पूर्व सभा मंच पर नीलांबर पीतांबर के वंशजों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी, पूर्व मंत्री प्रवीण सिंह, लाल सूरज, विनय जायसवाल, मनोज सिंह, लवली गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, लाला प्रसाद यादव प्रकाश मेहता उपस्थित थे। मंच संचालन श्याम बाबू एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में झारखंड के गुमला हजारीबाग से आए हुए कई कलाकारों ने छवनृत्य समेत राम पारीक संस्कृति कार्यक्रम का आगाज भी किया गया था।

## भूमि मुआवजा का उचित मुल्य दें सरकार : अभिमन्यु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रैयत न्याय संघर्ष मोर्चा छः सूत्री मांग को लेकर बिश्रामपुर प्रखंड के जरका दुर्गा मंदिर परिसर में दो अप्रैल को महाधरना देगा। इस संबंध में मोर्चा के अभिमन्यु सिंह ने कहा कि ग्राम शाखा से लेकर राजहरा तक 80 एकड़ भूमि अधिग्रहण एनएच 39 में किया जा रहा है। जिसमें उचित मुआवजा नहीं दी जा रही है। जिस कारण रैयतों के अंदर छोभ व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास जीएम लैंड है, वैसे जमीन को मुआवजा सरकार देना नहीं चाहती है। आवासीय मुल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाए। वरना हम सभी आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क में काम शुरू करने के छः माह पूर्व ही सारी मुआवजा का भुगतान रैयतों को कर दिया जाए। नहीं तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

### पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत

**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के नीलांबर पितांबरपुर में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के तहत बेतला पहुंचने पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित पलामू व लातेहार जिला के कार्यकताओं से परिचय प्राप्त करते हुए मरांडी ने सबों के प्रति आभार व्यक्त किया और पार्टी के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां, भाजपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश तिवारी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय, कुश ओझा, अरुण दुबे, मोहम्मद इसरार, वार्ड नंबर 1 के वार्ड पार्षद इंद्रदेव भुइया, रोहित कुमार, बरवाडी मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, मुकेश कुमार, सावन सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, चंद्रशेखर सिंह चेरो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में एक की मौत, तीन लोग घायल

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को पेट्रोल पंप के समीप लगभग दो बजे दो बाइकों को आपस में टक्कर हो गयी। इसमें उज्जवल कुमार (19), पिता विजय साव, अभिनन्दन कुमार (18) पिता गणेश यादर्व, प्रवेश कुमार पिता पुदीना राम और बादल कुमार पिता दिलीप कुमार रवि बाइक पर सवार थे जो आपस में टकरा गई। जिसमें बाइक पर सवार चारों लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। स्थानीय पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजा गया। इलाज के दौरान बादल कुमार की मौत हो गयी। सभी घायल लोगों की बेहतर इलाज के सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया गया।

### मजदूर नेता के भाई का निधन

**पड़वा पलामू।** सीसीएल राजहरा कोलियरी के मजदूर नेता सत्येन्द्र पांडेय (50) के छोटे भाई नागेन्द्र पांडेय का निधन दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। मजदूर नेता सह नावाबाजार प्रखण्ड के राजहरा निवासी सत्येन्द्र पांडेय ने बताया कि उनके भाई नागेन्द्र पांडेय मध्य प्रदेश के रामनगर में रहकर नीजी विद्यालय का संचालन करते थे। दिल्ली में हर्ट का ऑपरेशन हुआ था इसी दौरान उनका निधन हो गया।

### वीर चौहरमल व रामविलास पासवान की प्रतिमा का होगा अनावरण

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत भगत तेंदुआ एनएच 98 काली मंदिर परिसर में बाबा वीर चौहरमल तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान का आदमकद प्रतिमा का अनावरण लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान करेंगे। उक्त बात की जानकारी सोमवार को बाबा वीर चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने देते हुए कहा कि चिराग पासवान से पटना स्थित आवास पर मुलाकात कर समय लिया गया है। चिराग पासवान ने वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के लोगों से मई महीने में आने की बात कही है। चिराग पासवान से मिलने वालों में समिति के पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, गढ़वा जिला अध्यक्ष चंदन पासवान आदि थे।

# बहुत जल्द झारखंड का सबसे विकसित विस क्षेत्र होगा बिश्रामपुर : रामचंद्र चंद्रवंशी

## विधायक ने बिश्रामपुर बेलहरा मुख्य पथ में पड़ने वाले चार पुल का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिश्रामपुर बेलहारा मुख्य पथ में पड़ने वाले चार पुलों का शिलान्यास सोमवार को शिलापट्ट का अनावरण कर के किया। शिलान्यास के साथ ही बिश्रामपुर प्रखंड में खुटिशोत, पांडू प्रखंड में सुषमा, धुरिया व अमरावती नदी पर पुल बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया। शिलान्यास समारोह में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मैं कभी जात-पात व धर्म सम्प्रदाय की बात नहीं करता। मैं सिर्फ विकास की बात करता हुं। मेरा सपना है कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास हो। जिसे साकार करने के लिए मैं दिन रात प्रयासरत रहता हूं। मेरा प्रयास रंग भी लाया है।

जल्द ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि जब 1995 में पहली बार विधायक बना था तब क्षेत्र उग्रवाद की आग में जल रहा था। क्षेत्र के युवा भटकाव की ओर चले गए थे। हमने युवाओं को शिक्षा व रोजगार उपलब्ध कराते हुए उन्हें मुख्यधारा में वापस लाया.विकास कार्यों को धरातल पर उतारने लगा और देखते ही देखते क्षेत्र विकाशित होने लगा, युवा शिक्षित होने लगे। उसके बाद बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलनी शुरू हो गई। जिस बिश्रामपुर की पहचान उग्रवाद, अशिक्षा और पिछड़ेपन का था, आज वह बिश्रामपुर शिक्षा का हब बन चुका है।

प्रतेक दिन विकास का नया नया अध्याय लिख रहा है और यह सब जानता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय,प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा, बीरेंद्र सिंह, प्रेमसागर सिंह, मुखिया मंजू देवी, राधा कृष्ण साव, मनीष कुमार, संतोष राम, किरण शर्मा, मुन्नी देवी, धीरन तिवारी, नरसिंह चौबे, उखमजी यादव, शुशील ठाकुर, सतेंद्र नारायण सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### जपला में मनी लोक आस्था का महापर्व चैती छठ



**हुसैनाबाद पलामू।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ जपला में धूमधाम से मनाया गया।कांचे ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए के गीतों से शहर भक्तिमय हुआ। विदित हो कि चैती छठ के लिए कुछ वर्षों पूर्व जपला से लोग औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध देव सूर्य कुंड में लोग छठ महापर्व करने जाया करते थे परंतु कुछ वर्षों से जपला में ही व्रत धारियों का भीड़ जमा हो रहा है। इस बार छठ से पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार ने तालाब में पानी और पूरी तरीके से स्वच्छता का प्रबंध किया। इस बार नगर अध्यक्ष और उनकी धर्मपत्नी छठ महापर्व किए। मौके पर अध्यक्ष ने बताया कि मैं और मेरी धर्मपत्नी ने इस लोक आस्था के 48 घण्टा उपवास रखकर क्षेत्र के विकास व सामाजिक समरसता व उन्नति की कामना किया,मौके पर बाजार एवं क्षेत्र के सैकड़ों से ज्यादा व्रतधारियों ने जपला शहर के मुख्य छठ घाट भगवान भाष्कर पोखरा में छठ किया।

### स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**मोहम्मदगंज/ पलामू।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के परिसर में रविवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमण्डल चिकित्सा प्रभारी डॉ दीपक कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि सुदूरवर्ती प्रखंड क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना और लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना प्राथमिकता है। सिविल सर्जन श्री कुमार ने स्वास्थ्य मेला में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेला में चिकित्सीय सेवा के तहत कुल 284 मरीजों को सामान्य चिकित्सा का जांच किया गया। मेले में शुगर, बीपी, कोविड, एनीमिया की जांच की गई। चिकित्सकों ने परिवार नियोजन, पोषण, एड्स, कैंसर व तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में आवश्यक परामर्श दिया। मेला में टीबी बीमारी की भी जांच किया गया। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत व जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया, साथ ही डिजिटल आईडी कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई। मौके पर डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ पीएन सिंह, डॉ मंजूर आलम, राकेश रंजन, शाशिभुषण सिंह, अजय कुमार, अमिता सोनी, राजीव रंजन, विभुती कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, गोपी रमन सिंह, विमलेश कुमार सिन्हा राजेश कुमार, अमर कान्त, दिलीप उरांव, नवीन किशोर पासवान, रामी किन्डो, ज्योति कुमारी, अंपत्ति कुमारी, सुरेखा, सीमा कुमारी, सीमा सिह, गीता मिश्रा, रिंकू देवी, लालती देवी सहित स्वास्थ्यकर्मी व सुदूरवर्ती क्षेत्र के मरीज उपस्थित थे।

### परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटि को जल्द सुधारे विवि : वाईजेकेएसएफ

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल ने सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ कृष्णा यादव और बिपिन यादव के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया और परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया साथ ही यह मांग की कि जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण किया जाए। समस्याओं में मुख्यत: स्नातक सत्र 19-22 फाइनल परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी और स्नातक बैकलॉग के परीक्षा परिणाम नहीं आने की समस्या थी। छात्र नेता विपिन यादव ने कहा कि जो परीक्षा परिणाम नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है, उसमें भारी त्रुटि हुई है। इसमें जल्द से जल्द सुधार किया जाए। जिस पर परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि आज या कल के अंदर इस समस्या का निवारण कर दिया जाएगा। छात्र नेता कृष्णा यादव ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय जल्द परीक्षा परिणाम जारी नहीं करती है तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जीएलए कॉलेज के पूर्व सचिव अक्षय गुप्ता ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहा है। मौके पर दिव्यप्रकाश, श्रीकांत, आनंद, सूरज, राहुल, अभिषेक, अभिनव, समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

### एकता और भाईचारा का प्रतीक है रामनवमी : भोला पांडे

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत बूढ़ी वीर पंचायत के ग्राम छोटासा खरखटी के महावीर नवयुवक दल कार्यालय का उद्घाटन महावीर नवयुवक दल शाहपुर (जेनरल) के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, तथा संरक्षक सह चैनपुर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे एवं संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल उपाध्यक्ष शशांक सुमन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस अवसर पर बूढ़ीबीर पंचायत मुखिया अरविंद तिवारी एवं महावीर नवयुवक दल छोटासा खरखटी के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी ने शाहपुर जनरल के सभी पदाधिकारी तथा सांसद प्रतिनिधि को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा की हम सभी को भगवान श्री रामचंद्र जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है तथा असत्य पर सत्य का विजय का प्रतीक है रामनवमी पर्व एकता और भाईचारा का पर्व है तथा इतने छोटे से गांव में भी श्री राम भगवान के प्रति उत्साह देखकर हम लोग का भी उत्साह तथा हौसला बढ़ता है मौके पर धर्मेंद्र जयस्वाल ने सभी रामभक्तों का उत्साह बढ़ाते हुऐ चैनपुर थाना में हुई शांति समिति की बैठक में सर्वसहमिति से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए जो निर्णय लिए गए उसकी जनकारी ग्रामीणों को दिया। मौके शाहपुर जेनरल अध्यक्ष मुकेश अगरवाल ने सभी रामभक्तो को रामनवमी के त्योहार को उत्सव से मनाने को कहा।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लगा दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। शिविर में रांची के चिकित्सक डॉ सुरुचि, पल्लवी, आशुतोष व क्षेत्र के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ प्रकाश परिमल और उनकी टीम द्वारा मरीजों का जांच तथा ऑपरेशन किया गया। शिविर में 250 मरीजों का निःशुल्क नेत्र जांच हुआ और 110 मरीजों का जांचोपरांत फेको पद्धति से ऑपरेशन करते हुए लेंस प्रत्यारोपित किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सेवा भाव के साथ इस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में पलामू प्रमंडल के सुदूरवर्ती गांवो के मरीजों का मुफ्त जांच, इलाज और ऑपरेशन किया गया। मौके पर अस्पताल प्रबंधक डॉ गौरव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मृतक के आश्रितों को मिला वन विभाग से मुआवजा

**मोहम्मदगंज/पलामू।** सोमवार को मोहम्मदगंज वन विभाग कार्यालय में हाथी के हमले में हुई दो लोगो की मौत के बाद उनके आश्रित को आठ लाख का मुआवजा दिया गया। घटना गत वर्ष 15 दिसम्बर 2022 की है।मालूम हो कि मोहम्मदगंज वन क्षेत्र के जपला चौबे के मनोज राम व किशुनपुर के बाराही गाव के वंशी मेहता को हाथी ने गाव में ही पटक कर मार डाला था। दोनों किसानों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। घटना के बाद हुसैनाबाद (उत्तरी) के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता का प्रयास से मुआवजा की राशि घटना के चार माह बाद मिला है। मृतक के आश्रित पत्नी शिला देवी व कलपतिया देवी को विभाग के कार्यालय में मुआवजा की राशि का चेक प्रदान किया गया। मोहम्मदगंज के प्रभारी वन पाल मिथुन रजक ने बताया की मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि वनों के क्षेत्र पदाधिकारी संजीव चौधरी के निर्देश पर सोमवार को प्रदान कर दिया गया है। इस मौके पर हुसैनाबाद उत्तरी के जिप सदस्य राजू मेहता, वन रक्षी राजू रंजन कुमार, अखिलेश कुमार दास समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## ठाकुरबाड़ी में श्री राम कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ठाकुरबाड़ी मंदिर मेदिनीनगर में पंचम दिवस परम पूज्य दीदी साध्वी समाहिता जी ने श्रीरामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का बहुत ही सरलता पूर्वक से रामचरितमानस का विस्तृत वर्णन किया नव दिवसीय श्री राम कथा के अनुष्ठान में पांचवी दिन श्री राम विवाह उत्सव बहुत ही आनंद पूर्वक मनाया गया पूज्य दीदी जी ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा की प्रणाम की भूमि पर ही आशीर्वाद का फल पुष्पित और पल्लवित होता है। भगवान श्री राम जी प्रातः काल उठकर माता पिता और गुरुजनों को प्रणाम किया करते थे भगवान का अवतार गाय गंगा और ब्राह्मणों के उद्धार के लिए होता है जब जब होई धरम की हानि बाढहि असुर अधम अभिमानी... तब तब प्रभु धरी विविध शरीरा. हरिहि कृपानिधि सज्जन पीरा.. भगवान श्री सीताराम जी का प्रथम मिलन पुष्प वाटिका प्रसंग जनकपुर में श्री राम जी का प्रवेश राम जी की अद्भुत बारात श्री सीताराम जी विवाह उत्सव जनकपुर से जानकी की विदाई पंचम दिवस की कथा में सभी भक्तों ने बहुत ही आनंद पूर्वक कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर यज्ञ समिति अध्यक्ष सतेन्द्र तिवारी महामंत्री अभिषेक तिवारी मंत्री रवि सांगा संरक्षक ललन तिवारी अजय तिवारी अकेला बंसत तिवारी चंचल तिवारी अजित तिवारी अप्पू तिवारी काफी लोग मौजूद रहे।

## आदर्श रूप से रामनवमी पर्व मनाने को लेकर बैठक



**छतरपुर।** थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलिय दंडाधिकारी शह कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर वेदिया ने किया। एसडीपीओ अजय कुमार ने सभी अखाड़ा समिती के लोगों से अपिल किया की सभी लोग पारंपरिक तरीके से रामनवमी उत्सव मनायें। इस बार हमलोग एक आदर्श स्थापित करे की बीना डीजे के जुलूस में आएं और एक नया इतिहास बनाएं लोगों ने उनके बातों से सहमत होकर ढोल नगाड़ा के साथ ही पर्व मनाएंगे। मौके पर अंचला धिकारी मोदशर नजर मंसूरी,थाना प्रभारी शेखर कुमार, नप अध्यक्ष मोहन जयसवाल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, मुस्ताक आलम, पोखराज राम, हरेंद्र सिंह, जितेन्द्र कुमार, अनुज सिंह, रितेश, हिमांशु, मोनू, समेत कई लोग मौजूद थे।

## पड़वा में खुला जिनियस स्माइल प्ले स्कूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**पड़वा पलामू।** पड़वा बाजार परिसर में जिनियस स्माइल प्ले स्कूल खुला। सोमवार को इसका उदघाटन डीडीसी रवि आनंद ने किया। डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का प्ले स्कूल खुलना इस बात का संकेत है कि इस इलाके के लोग अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक है इसके साथ ही यह इलाका विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। प्ले स्कूल बच्चों के शिक्षा का नींव होता है यदि नींव मजबूत होगा तो निश्चित रूप से बच्चे बेहतर करेंगे। डीडीसी रवि आनंद ने स्कूल प्रबंधन से बच्चों को शुरूआती दौर से अनुशासन और संस्कार युक्त शिक्षा देने की अपील की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में प्ले स्कूल खोलने के लिए निदेशक साहिल गुप्ता को बधाई देते हुए इलाके के लोगों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए फीस निर्धारण करने को कहा ताकि गरीब तबके के लोग भी अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिला सकें। संत मरियम आवासीय विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि इस तरह के स्कूल खुलना इलाके के लिए गौरव की बात है। प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि पड़वा धीरे धीरे एजुकेशन हब बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। निदेशक साहिल गुप्ता ने कहा कि इलाके की जरूरत को देखते हुए स्कूल की स्थापना की गई है। इस मौके पर पूर्व मुखिया रामबालक मेहता, एचएमकेपी के अध्यक्ष प्रमोद सोनी, मनोज विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार साउंड सिस्टम का करें उपयोग : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा और संचालन थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने किया। बीडीओ ने जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार तय मानक के अनुसार साउंड सिस्टम का उपयोग करने की बात कही और शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की अपील की। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने लोगों को शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। अफवाहों और सोशल मीडिया से बचने की सलाह दी। साथ ही अवांछित, गलत अफवाह या संदिग्ध परिस्थितियों की जानकारी पुलिस को देने की बात कही। श्री कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान शराब की बिक्री पूर्णतः बंद रहेगा। इस मौके पर एस आई आशीष कुमार, एएस आई राजीव नयन, अनिल कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया उमेश राम के अलावा उदय सिंह, प्रशांत सिंह, रामबचन बैठा, रूपेश पिंटू सिंह, जावेद खान, विश्वनाथ चौधरी, पप्पू प्रजापति, विश्वनाथ चौधरी, मुकेश मेहता, अशोक नोनिया, प्रिंस तिवारी, कमलेश कुमार, सनी कुमार, नदीम खान, दिनेश कुमार, परशुराम सिंह, इंतलेश सिंह सहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य शामिल थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने की। मंच संचालन एसआई राम तबक्या ने किया। बैठक में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय को लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में सरकार के गाइडलाइन की जानकारी देते हुए रामनवमी पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लगा गया। बैठक के दौरान सुआ कौड़िया में पिछले कई वर्षों से आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के लोगों ने सदर थाना प्रभारी को बताया की हमारे यहां पूर्वजों की ओर से संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन लगभग 50 वर्षों से होता आ रहा है। सुआ कौड़िया में चैता दुगोला का कार्यक्रम चलता है। इसे देखते हुए कमिटी के लोगों ने थाना प्रभारी से पुलिस बल की तैनाती की बात कही। मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने बैठक के दौरान लोगों को बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह का सोशल मीडिया या व्हाट्सएप का दुरुपयोग ना करें। ऐसा करने और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर बिस सूत्री सदस्य प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सुआ कौड़िया ग्राम एकता का मिसाल है। हम लोग हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर दोनों धर्मों से जुड़े त्योहारों को बहुत खुशी के साथ मनाते हैं।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि हिरदया सिंह ने बताया कि यहां के लोग किसी भी धर्म से जुड़े परिवार के दुख दर्द को समझते हैं। एक साथ हम लोग सभी त्योहार को मनाते हैं। इस मौके पर सुबोध कुमार विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद, साहब अबुल अंसारी, मुकेश तिवारी पूर्व पंचायत समिति पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, कौड़िया मुखिया पति रविंद्र सिंह, सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह, एएसआई अभिमन्यु सिंह, मुकेश पांडेय उर्फ बुलबुल पांडेय, भरत सिंह, पंचायत समिति सदस्य कौड़िया छोटन राम, अवधेश राम उदेश्वर बैठा, अबुल अंसारी, शंभू ठाकुर उप मुखिया कौड़िया प्रमोद राम गयासुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, उप प्रमुख शीतल सिंह, शिव शंकर सिंह समेत काफी संख्या में दोनो संप्रदाय के लोग उपस्थित थे।

## आजसू नेता ने रक्तदान कर महिला मरीज की जान बचाई

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना के समीप स्थित आदर्श क्लिनिक में सोमवार को आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने सकीना खातून नामक मरीज को 1 यूनिट रक्त देकर जान बचाई। मालूम हो कि बिहार के कैमूर जिला अंतर्गत मोहनिया गांव निवासी नईम शाह की पत्नी सकीना खातून प्रसव के लिए आदर्श क्लिनिक में भर्ती थी। प्रसव के बाद उसके बच्चे की मौत हो गई। जबकि महिला की खून की सख्त आवश्यकता थी। इसकी सूचना मिलते ही आजसू नेता जितेंद्र विश्वकर्मा ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आदर्श क्लिनिक पहुंचकर रक्तदान किया। जिससे उस मरीज की हालत में सुधार हुआ है। इस मौके पर डॉ अनुज कुमार, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, नगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार आलम आदि मौजूद थे।

# युद्ध और मंहगाई

रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभावों का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी नजर आने लगा है। कोरोना संकट के चलते सरकारों ने महामारी से लड़ने के लिए जो अधिक मुद्रा बाजार में उतारी,वह भी महंगाई बढ़ने की एक बड़ी वजह रही है। बहरहाल, कोरोना महामारी के बाद घटी आय के बीच आसमान छूती महंगाई से आम आदमी पर चौतरफा मार पड़ी है। बीते एक साल में पेट्रोल-डीजल,रसोई गैस, दूध, चीनी, दाल से लेकर खाने के तेल की कीमत में भयंकर उछाल आया है। इससे कम आय, नौकरीपेशा और मध्यमवर्ग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालत यह है कि मार्च, 2022 के मुकाबले इस साल मार्च तक सभी जरूरी वस्तुओं की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। पेट्रोल-डीजल के मूल्य बढ़ते ही सभी उपभोक्ता वस्तुओं के दाम चढ़ जाते हैं। लेकिन हर वृद्धि के साथ सरकार का यही तर्क होता है कि भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों की पूर्ति करने के लिए आयात पर ज्यादा निर्भर है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से आसमान छू रहे हैं। बेशक यह सच है,पर अधूरा सच। सरकार अकसर इस सच से मुंह चुरा लेती है, क्योंकि जितना उसका वास्तविक मूल्य होता है, उतने ही कर-शुल्क भी सरकार वसूलती है। सरकार अपनेकर-शुल्कों में भी कुछ कमी करे। बता दें,पिछले साल 3 नवंबर को केंद्र ने पेट्रोल पर 5 रुपये और डीजल पर 10 रुपये सीमा शुल्क घटा दिया था ताकि पूरे देश में रिटेल कीमतों में कमी की जा सके। केन्द्र और राज्यों की सरकार आय के दूसरे श्रोत पर युद्ध स्तर पर ध्यान दे, तेल उत्पाद को जीएसटी के 18 प्रतिशत के स्लैब में शामिल करे, सरकारी खर्च में कटौती कर अपव्यय को कम करे। आज नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान में तेल उत्पाद के मूल्य भारत से कम होना देश के सभी सरकारों की गलत परम्परा की ओर संकेत कर रहें हैं।

# सजा के मायने

राहुल गांधी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज किया गया था। चार साल पुराने इस आपराधिक मानहानि प्रकरण में अब राहुल गांधी को सजा सुनाई गई, हालांकि उन्हें अदालत से जमानत भी मिल गई, साथ ही ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इस कारण उनकी संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गयी है। अब भाजपा-राहुल आमने सामने हैं।2024 के लोकसभा चुनाव केपहले राहुल अब पूरे तौर पर आक्रामक हैं। भाजपा के लिए राहुल गांधी एक ऐसी उलझन बन चुके हैं, जिनसे किस तरह पार पाया जाए, यह भाजपा समझ ही नहीं पा रही है। उन पर व्यक्तिगत आक्षेप लगाए गए, छवि खराब करने में मीडिया का सहारा लिया गया, उनके परिवार पर, परिजनों पर अशोभनीय टिप्पणियों के साथ निम्नस्तर के आरोप लगाए गए, लेकिन राहुल गांधी किसी भी प्रहार से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आ रहे हैं। और ये एक-दो बरस की बात नहीं है, पिछले 20 सालों से ऐसा ही चलता आ रहा है और राहुल गांधी व्यक्तिगत, राजनैतिक तमाम तरह के हमलों का सामना करते हुए अपनी बात बेधड़क रखते चले जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 4 हजार किमी की लंबी पदयात्रा करने का अद्भुत और लगभग असंभव काम संभव कर दिखाया। इस पूरी यात्रा के दौरान भाजपा के उन पर हमले जारी रहे। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में उनसे कई घंटों की लंबी पूछताछ हुई, उसमें भी राहुल गांधी ने धैर्यपूर्वक सारे सवालों का जवाब दिया, जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया। यह संयोग ही है कि राहुल गांधी को 23 मार्च के दिन सजा सुनाई गई। 23 मार्च भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस है। राहुल गांधी ने लगातार विरोध किया है और राजनीति में संभव है उनके इस विरोध और सजा के कारण कांग्रेज और ताकतवर हो जाए।

# भयावह जल संकट के सामने देश



विश्व जल दिवस इस लिहाज से भी अलग था कि जलवायु परिवर्तन अपने शबाब पर है। यानी हमें हर वह काम करना होगा जो करने की जरूरत है। वर्षा-जल की हरेक बूंद को जमा कर पानी की उपलब्धता बढ़ानी है, इसका इस्तेमाल इतने कारगर ढंग से करना है कि वर्षा-जल की हरेक बूंद का इस्तेमाल हमारे भोजन या फ्लश होने वाले पानी में हो। हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्तेमाल पानी की हरेक बूंद का पुनर्चक्रण हो और प्रदूषण से वह खराब न हो। हम यह बात पहले से जानते हैं और अमल में भी लाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में इतना ही काफी नहीं होगा। हमें ये सारे काम कहीं अधिक तेजी से और व्यापक स्तर पर अलग ढंग से करने होंगे।

हमें मालूम है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का ताल्लुक गर्मी और कम-ज्यादा बारिश से है। इन दोनों का जल चक्र से सीधा सह-संबंध है। इस तरह जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए पानी एवं उसके प्रबंधन पर ध्यान देना होगा।

हमें पता है कि हर नया साल इतिहास का सर्वाधिक गरम साल बनता जा रहा है और पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता जा रहा है। भारत में ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान फरवरी की शुरूआत में ही 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। उत्तर भारतीय राज्य बढ़ती गर्मी एवं सामान्य से अधिक तापमान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। खास बात यह है कि यह सब 'ला नीना' के साल में हो रहा है। ला नीना प्रशांत महासागर की वे जल धाराएं हैं जो दुनिया का तापमान कम करने के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। लेकिन भारत के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वैश्विक ताप वृद्धि ने ला नीना के इस शीतकारी प्रभाव को कम कर दिया है।

बढ़ती हुई गर्मी का जल सुरक्षा के लिहाज से कई मायने हैं। पहला, इसका मतलब है कि जल इकाइयों से अधिक वाष्पीकरण होगा। यानी हमें न सिर्फ लाखों जल निकायों में पानी जमा करने पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि वाष्पन के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी योजना बनानी होगी। एक विकल्प भूमिगत जल भंडारण यानी कुओं पर काम करने का है। भारत लंबे वक्त से भूमिगत जल प्रणालियों के प्रबंधन को कम तवज्जो देता रहा है क्योंकि सिंचाई विभाग की समूची अफसरशाही ही नहरों एवं अन्य सतही जल प्रणालियों पर आधारित है। लेकिन जलवायु परिवर्तन एवं पानी की भारी किल्लत के इस दौर में इसे बदलने की जरूरत होगी। हमें तालाबों, पोखरों एवं नहरों से होने वाले नुकसान की भरपाई के तरीके तलाशने होंगे। ऐसा नहीं है कि वाष्पीकरण से पहले नुकसान नहीं होता था लेकिन तापमान बढ ? के साथ इसकी दर बहुत ज्यादा हो गई है। हमें योजना बनाने और अधिक काम करने की जरूरत है।

दूसरा, बढ़ती गर्मी का मतलब है कि मिट्टी में नमी कम होती जाएगी जिससे जमीन में धूल की मात्रा बढ़ जाएगी और सिंचाई की जरूरत बढ़ती जाएगी। भारत जैसे देश में जहां भोजन का बड़ा हिस्सा अब भी वर्षा-सिंचित इलाकों में ही पैदा होता है, वहां पर मिट्टी की नमी कम होने से भूमि अपरदन तेज होगा और धूल का बनना भी बढ़ जाएगा। जल प्रबंधन को वनस्पति नियोजन के साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा ताकि मिट्टी में पानी को रोके रखने की क्षमता बेहतर हो, अधिक देर तक चलने वाली तीव्र गर्मी के दौर में भी।

तीसरा, साफ है कि गर्मी बढ़ने से पानी का इस्तेमाल बढ़ जाएगा क्योंकि पीने एवं सिंचाई के साथ ही जंगलों या इमारतों में लगी आग बुझाने के लिए भी ज्यादा पानी की दरकार होगी। हम दुनिया के कई हिस्सों एवं भारत में भी जंगलों में भीषण आग लगने के डरावने दृश्य देख चुके हैं। तापमान जैसे-जैसे बढ़ता जाएगा, यह सिलसिला भी तेज होता जाएगा। जलवायु परिवर्तन से पानी की मांग बढ़ेगी लिहाजा यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम पानी के साथ अपशिष्ट जल को भी बरबाद न करें।


सच यह है कि अत्यधिक बारिश होने की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में भी जलवायु परिवर्तन का असर दिख रहा है। हम बारिश के एक बाढ़ के तौर पर आने की भी अपेक्षा करें। इस तरह बाढ़ों का एक चक्र पूरा होने के बाद सूखे की स्थिति और भी गंभीर हो। भारत में पहले से ही साल में बारिश कम दिन होती है। साल भर में औसतन सिर्फ 100 घंटे की ही बारिश होती है। लेकिन जलवायु परिवर्तन बारिश वाले दिनों की संख्या और कम करेगा। वैसे भारी बारिश वाले दिनों की संख्या बढ़ जाएगी।

इसका जल प्रबंधन की हमारी योजनाओं पर बड़ा असर होगा। हमें बाढ़ प्रबंधन पर अधिक शिद्दत से गौर करने की जरूरत है, नदियों के तटबंध बनाने के साथ ही बाढ़ के पानी को भूमिगत एवं सतहीय जलभंडार निकायों-कुओं एवं तालाबों में जमा किया जा सके। लेकिन हमें वर्षाजल को इका करने के बारे में अलग तरह से योजना बनाने की जरूरत है।

फिलहाल मनरेगा के तहत लाखों की संख्या में बन रहे तालाब एवं पोखर सामान्य बारिश के हिसाब से डिजाइन हैं। लेकिन अब भारी बारिश की बात आम होने के साथ ही ये जल भंडार संरचनाओं को भी नए सिरे से डिजाइन करने की जरूरत है ताकि वे लंबे समय तक लबालब रहें। मूल बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के दौर में हमें पानी की हर बूंद बचानी होगी, चाहे बारिश का पानी हो या बाढ़ का पानी।

हमें पानी एवं उसके प्रबंधन को लेकर पहले जुनूनी होना था लेकिन अब तो सेहत एवं दौलत के आधार पानी को लेकर हमें संकल्पित एवं सुविचारित रवैया अपनाना होगा। यह अपने भविष्य को बनाने- बिगाड़ने की बात है। अगर हम आज गंभीर न हुए तो पानी सबसे बड़ा संकट बन सामने आयेगा।

(लेखिका सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट से संबद्ध हैं)



- सुनीता नारायण

> वर्षा-जल की हरेक बूंद को जमा कर पानी की उपलब्धता बढ़ानी है, इसका इस्तेमाल इतने कारगर ढंग से करना है कि वर्षा-जल की हरेक बूंद का इस्तेमाल हमारे भोजन या फ्लश होने वाले पानी में हो। हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्तेमाल पानी की हरेक बूंद का पुनर्चक्रण हो और प्रदूषण से वह खराब न हो। हम यह बात पहले से जानते हैं और अमल में भी लाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में इतना ही काफी नहीं होगा।

## खास बात

### सभी अपने हैं

**हृदयनारायण दीक्षित**

अब भारतीय नवसम्वत्सर का उल्लास। यह रस गहरा है। देवी उपासना के नवरात्र उत्सवों की धूम है। भारत का मन उत्सवधर्मा हो गया है। कालरथ के घोड़ों की पगध्वनियां सुनाई पड़ रही हैं। काल पुरुष नृत्यमगन है। यह सबको नचाता है, स्वयं भी नाचता है। यह काल सबके भीतर है और बाहर से भी सबका आच्छादन करता है। ऋग्वेद में यह तीन धूरियों वाला है। पृथ्वी अंतरिक्ष और द्युलोक तीन नामियाँ हैं। अथर्ववेद के ऋषि भृगु से लेकर महाभारत के रचनाकार व्यास तक कालबोध और कालदर्शन की प्राचीन परम्परा है। काल के प्रभाव में वायु प्रवाह है। काल से ही आयु है। काल में जीवन और काल में मृत्यु। कालरथ किसी को नहीं छोड़ता। जीवन देता है, लहकाता है। जराजीर्ण करता है। जीवन का अवसान भी करता है। काल अखण्ड सत्ता है। भूत भविष्य और वर्तमान हम सबने अपनी मन तरंग में रचे हैं। भृगु ने बताया कि ज्ञानी ही कालरथ में बैठते हैं। मन काल के भीतर है। मन ही काल का अनुभव केन्द्र है। पहला संवत्सर प्रथम काल दर्शन है। यह सृष्टि की प्रथम मंगल मुहूर्त है।

समय का जन्म हुआ है। जब तक सृष्टि नहीं, तब तक समय भी नहीं। दिक् भी पहले नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि की जिज्ञासा गाढ़ी है कि सबसे पहले था क्या? सृष्टि आई तो कहां से आई? कहते हैं कि ह्यन असत था और न ही सत। दिक और आकाश भी नहीं थे। तब न मृत्यु थी और न अमरत्व। तब न रात थी और न दिन। केवल कामनाएं थीं ह्व ऋषि प्रश्न करते हैं ह्वकौन जानता है कि यह सृष्टि कहां से पैदा हुई? देवता भी नहीं। देवता भी सृष्टि के बाद पैदा हुए। अनंत में बैठा इसका अध्यक्ष भी यह रहस्य जानता है या नहीं?ह्व स्टीफन हाकिंग्स सहित तमाम आधुनिक वैज्ञानिकों ने अब तक सृष्टि को एक बिन्दु के विस्फोट से पैदा माना है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस बिन्दु में ब्रह्माण्ड की सारी ऊर्जा व द्रव्य एक जगह थे। गहन घनत्व से अंड फूटा, गति हुई। टुकड़े केन्द्र से दूर भागे। समय उगा। वे इसे कासमिक एग अर्थात ब्रह्म-अंड भी कहते हैं।

विज्ञानी सम्पूर्ण विश्व को ह्वकासमोसह्व कहते हैं। इसी से शब्द कासमिक एग बना।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गुरु** नारदजी के कहने पर बाल्मीकि जी ने काव्य रुप में रामायण की रचना की। यह ग्रंथ संस्कृत में लिखा गया। कालांतर में अपने गुरु नरहरिदास जी की आज्ञा से तुलसीदास ने ग्राम्यगिरा में इसी भक्ति कथा को रामचरितमानस के रूप में लिखा गया। भारत की लगभग सभी भाषाओं में श्रीराम कथा अलग-अलग नामों में लिखी जा चुकी है। रामायण वस्तुतः कुछ नहीं बल्कि भक्ति की गाथा है। ब्रह्मर्षि वशिष्ठ जी जैसे गुरु की आज्ञा से विश्वामित्र जी ने बक्सर में रहकर श्री राम के किशोरवय होने की प्रतीक्षा की। फिर यज्ञ रक्षा के बहाने राम को बक्सर लाकर शस्त्र की शिक्षा दी,ताड़का बध कराया,रास्ते में अहिल्या उद्धार कराते हुए जनकपुर ले गये और उसको आदिशक्ति सीता जी से विवाह कराया। गुरु वशिष्ठकी भक्ति में श्रीराम लंका जाकर रावण का वध किये। उन्हीं की आज्ञा से भरतजी राम की भक्ति किये तथा शत्रुध्न जी भरत जी के साथ जीवन व्यतीत किये। बाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में रचित होने से तथा रामचरितमानस काव्य ग्रंथ के रुप में होने से जो भी ग्रंथों का पठन पाठन के लिये उपलब्ध हैउसमें टीकाकारों द्वारा पाठ्य सामग्री का अनुवाद किया गया है। इस अनुवादित ग्रंथों की प्रति आज पठन-पाठन के लिये उपलब्ध है। इस अनुवादित ग्रंथों में गुरुभक्ति का जो वर्णन बाल्मीकिजी एवं तुलसीदास द्वारा किया गया है वैसा अनुवादकों द्वारा स्पष्ट रुप से नहीं लिखा गया।

( ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**अपने** उदर में कोटि-कोटि ब्रह्मांडों को पोषित करने वाली माँ कूष्माण्डा इस जगत की आधारभूत शक्ति हैं। इनकी उपासना साधक को आत्मोन्नति के शिखर तक प्रतिष्ठित करती है। नवरात्र काल में माँ की करुणा-कृपानुभूति,साधन सक्रियता व स्वयं के प्रति सचेतता बनी रहे !

**–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

**भारत** का इंफ्रास्ट्रक्चर बजट अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों से दुगुना है। द इकनॉनिमिट के अनुसार भारत के इन्फ्रा पर खर्च के आँकड़े हमारे पाँच ट्रिलियन इकॉनोमी के लक्ष्य को मजबूत कर रहे है।

**–सुधांशु त्रिवेदी**





**भाजपा** कह रही है, अडानी पर आक्रमण देश पर आक्रमण है। उनके लिए देश अडानी है और अडानी देश है।

आखिर प्रधानमंत्री अडानी को बचाने में अपनी पूरी शक्ति क्यों लगा रहे हैं?

**– राहुल गांधी**

# हम प्रतिदिन 45अरब लीटर पानी बर्बाद करते हैं

**सुधांशु कुमार**

**भारत** के बहुत से इलाके रोज गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। यहां तक कि देश की राजधानी दिल्ली में ही पानी को किल्लत की बड़ी समस्या पैदा हो जाती है। कई बड़े शहरों के बारे में कहा जा रहा है कि आने वाले समय में वहां पानी खत्म हो सकता है। कुछ समय पहले हमने चेन्नई और कई शहरों को पानी के लिए मुश्किल में देखा है. तब वहां ट्रेनों से पानी भेजा गया। दिक्कत ये भी है कि हमारी कुछ आदते ऐसी हैं, जिससे हम रोज काफी पानी बर्बाद करते हैं और हमें पता भी नहीं चलता।

आपको सुनने में ये अजीब लग सकता है। लेकिन क्या आपको पता है कि हम रोज करीब 48 अरब लीटर पानी बर्बाद कर रहे हैं. जी हां। कभी ब्रश और दाढ़ी बनाते वक्त नल खुला छोड़कर, कभी नहाते वक्त, तो कभी पानी भरते वक्त। पानी की इतनी बबार्दी हो रही है कि रोज 48 अरब लीटर पानी यूं ही जाया हो रहा है।

### कितना पानी बर्बाद करता है एक भारतीय

एक रिपोर्ट कहती है कि एक औसत भारतीय रोज 45 लीटर पानी बर्बाद कर देता है। वो जाने-अनजाने में पानी की बबार्दी करता है। हम रोज जितना पानी इस्तेमाल करते हैं, ये करीब उसका 30 फीसदी है। बाथरूम और टायलेट यूज में हम रोज 27 फीसदी पानी खर्च करते हैं। आमतौर पर ब्रश, सेविंग करते समय हम नल को खोलकर पानी को बहाते हैं तो वाशिंग मशीन और लीकेज में बड़े पैमाने पर पानी को वेस्ट कर देते हैं।

## त्योहार

### पानी बबार्दी पर फाइन शुरू हो चुका है

वैसे हमारे देश में दिल्ली फिलहाल ऐसा राज्य जरूर है, जो पानी की बबार्दी पर आर्थिक दंड लगाने का प्रावधान कर चुका है. दिल्ली में अगर आप पानी की बबार्दी कर रहे हैं तो अगर किसी ने उसका फोटो खींचकर दिल्ली जल बोर्ड को भेज दिया तो जल बोर्ड की टीम तुरंत उस जगह पहुंचेगी और पानी बबार्दी मिलने पर पेनाल्टी करेगी. पहली बार अगर आपने ऐसा किया तो 2000 रुपए की फाइन लगेगी लेकिन अगर इतने भी नहीं चेते तो हर 5000 रुपए का आर्थिक दंड भरना होगा.

एनजीटी ने इस बारे में केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय और दिल्ली जल बोर्ड को लिखकर पूछा है कि वो बताएं कि इस दिशा में क्या कार्रवाई हो रही है। साफ पानी की बबार्दी एक बड़ी समस्या है और इसे ऐसे ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### हर तीसरा आदमी बर्बाद कर रहा है पानी

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 33 फीसदी लोग नहाने और ब्रश करने के दौरान पानी बर्बाद कर रहे हैं. बिना काम के नल खुला रखने की वजह से साफ पानी नालियों में बह जा रहा है. एक आंकड़े के मुताबिक हर दिन करीब 4 करोड़ 84 लाख क्यूबिक मीटर पानी यानी एक लीटर वाली करीब 48.42 अरब बोतलों जितना पानी बर्बाद हो जाता है। झारखंड एक पठारी राज्य है जहां वन के कम होने के कारण जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। राजधानी रांची में 1000 फीट नीचे तक जल नहीं मिल रहा है। ऐसे में इस पठारी शहर का भविष्य आने वाले दिनों में चैन्नई जैसा हो जाने की आशंका है क्योंक 1960 के दशक में जो जल श्रोत 25 वर्षो का ध्यान में रखकर बनाये गये थे अब वो राजधानी की बड़ी आबादी का बोझ नहीं उठा सकेंगे। भारत सहित विश्व के विकासशील देशों के लिये यह अति कठिनाई का विषय है। हगर हम नहीं चेते तो आनेवाले समय में हमारा विकास अवरूद्ध हो जायेगा।

## कॉटून वर्ल्ड

युद्ध की विभीषिका ...




साभार कॉटूनमूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### जुगलबंदी

**युद्ध** रूस तथा अमेरिका और नाटो देशों में वर्चस्व की लड़ाई है जिसमें अभी तक दोनों पक्षों को ही नुकसान हुआ है। चीन के राष्ट्रपति अपने आप को शांतिदूत के तौर पर दिखाना चाहते हैं जबकि उसका भारत समेत कई पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि जिस तरह अमेरिका तथा नाटो देश यूक्रेन की हर तरह से मदद कर रहे हैं। **–अविनाश सिंह, रांची**

### अश्लील विज्ञापन

**इन** दिनों महिलाओं की क्रिकेट की घरेलू शृंखला को खेल चैनलों पर दिखाया जा रहा है। ये क्रिकेट चैनल लगभग हर ओवर के बाद एक विज्ञापन भी दिखा रहे हैं जो कि काफी अश्लील है। क्या यह उचित है कि महिला क्रिकेट शृंखला के दौरान इस तरह का विज्ञापन दिखाया जाए? आज जब देशभर के हजारों-लाखों किशोर-किशोरियां इस क्रिकेट शृंखला को काफी रुचि है। **– के खुशी, खूंटी**

# डेट म्यूचुअल फंड और कर डेट म्यूचुअल फंड का अतंर



**अजय दीप वाधवा,**



**डेट** म्यूचुअल फंड और कर डेट म्यूचुअल फंड में टैक्सेशन के नियमों में केंद्र सरकार ने बदलाव कर दिया है। लोकसभा में इसी माह पास किए गए वित्त विधेयक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन संशोधन लेकर आईं जिस के मुताबिक डेट म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स के कैलकुलेशन में इंडेक्सेशन का बेनेफिट नहीं मिलेगा। एक अप्रैल 2023 से डेट म्यूचुअल फंड में निवेश पर ये नियम लागू होने जा रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में संशोधन के जरिए यह प्रस्ताव सरकार लेकर आई है जिसे इसी माह लोकसभा से मंजूरी मिल चुकी है। इस संशोधन के मुताबिक एक अप्रैल 2023 से डेब्ट म्यूचुअल फंड में निवेश पर होने वाले लाभ पर अब निवेशक को सामान्य इनकम टैक्स रेट्स के हिसाब से टैक्स देना होगा जो कि 30% तक हो सकता है। अभी तक अगर निवेशक ने डेब्ट म्यूचुअल फंड में पैसा निवेश किया होता था और उसे वह 3 साल के बाद बेचता था तो उसे होने वाले कैपिटल गेन पर न सिर्फ उसे इंडेक्शन का लाभ मिलता था बल्कि उस लाभ पर कर भी 20% के दर से लगता था। पर अब संशोधनों के हिसाब से 1 अप्रैल से यह लाभ समाप्त हो जायेगा और 1 अप्रैल 2023 के बाद डेब्ट फंड में निवेश करने वाले निवेशकों को होने वाले कैपिटल गेन पर कर की सामान्य दरों से कर देना होगा, अर्थात उनको लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के लाभ नहीं मिलेंगे। दरअसल सरकार ने यह निर्णय ले कर डेब्ट म्युअल फंड में निवेश को बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट के समकक्ष कर दिया है।

बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट में मिलने वाले ब्याज पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन का लाभ नहीं मिलता है। सरकार के इस निर्णय से अब बैंक में ज्यादा फिक्स्ड डिपॉजिट होने की आशा है।

(लेखक कर /वित सलाहकार, सह सीएमए रांची हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भंडारा में श्रद्धालुओं की जुटी भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर बजरंग बलि मंदिर स्थित चबुतर पर आशा देवी व जवाहर कॉलोनीवासियों के सहयोग से चैती दुर्गा पूजा व लोक आस्था का महापर्व छठ के पावन अवसर पर रविवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड-हरिकीत्र्तन का हवन पुर्णाहूति के साथ सोमवार को समापन हुआ। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। अखंड-कीर्तन को संपन्न कराने में बिनोद सिंह रूपू व्यास मंडली रिवर साइड व जवाहर नगर मंडली के श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। अखंड- कीर्तन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ जवाहर नगर निवासी सह समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। भंडारा में सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीनिवास अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि आगे भी सबों के सहयोग से क्षेत्र में भक्ति आयोजन कराया जाएगा।

### महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री प्राचीन मां पंचबहिनी मंदिर लबगा में होने वाले 11 दिवसीय हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ को ले सोमवार को ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने नगर भ्रमण किया। इसमें झंडा-बैनर के साथ दर्जनों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान लबगा, रसदा, अम्बा टोला, गेगद महुआ मोड़ आदि क्षेत्रों का नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं ने लोगों से मांस-मदिर का सेवन न करने की बात कही। कहा गया कि 24 अप्रैल से महायज्ञ का शुभारंभ होगा, जो 4 मई तक चलेगा। नगर भ्रमण से पूर्व पुरोहित शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय मिश्रा, राजेश पाठक, अमरेंद्र पांडेय, नर्वोतम पांडेय ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर में पूजा-अर्चना कराई। पूजा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विजय साहु, बैजनाथ राय, किशोर महतो आदि मौजूद थे।

### रिटायर्ड सीसीएल के कर्मी को दी विदाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कर्मी प्रभात रंजन टा के सेवानिवृत्ति पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ कार्यालय सयाल में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनियन के बिरसा शाखा सचिव प्रभात रंजन टा उर्फ पिंटू दा को संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने माला पहना कर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा की सेवानिवृत्ति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक ना एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। उन्होंने प्रभात रंजन टा के स्वस्थ शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। मौके पर यूनियन के लोगों ने प्रभात रंजन टा को मिठाई खिलाकर और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए विदाई दी। समारोह में संजय मिश्रा, रणधीर साव, शंकर गुप्ता, कमलेश कुमार, बिनोद कुमार, बिनोद सिंह, सनी सिंह, गुरुदयाल महतो, तुलसी करमाली, हरिश्चंद्र पंडित, करमदेव, विजय चौधरी, तेजनारायण, महादेव मुंडा, डोमा साव, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

### मांडू में सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य



**मांडू।** मांडू चट्टी ,मांडूडी ,जोड़ा तालाब ,पुंडी, 20 माइल के क्षेत्र में सोमवार को छठ व्रतियों ने श्रद्धा पूर्वक अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस क्रम में व्रतियों ने घाटो पर विधि पूर्वक अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। मौके पर कुलदीप प्रसाद, पन्नालाल साहू ,अरुण साव, अजय कुमार ,बालेश्वर साव, ज्वाला प्रसाद ,अंशु कुमार, विशाल प्रसाद, केतन कुमार, नंदकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

### रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने प्रेम



**कुजू।** रामनवमीको लेकर मुरपा मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कौलेश्वर महतो ने किया। बैठक में रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन को सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष प्रेम पटेल, उपाध्यक्ष विनोद सोनी, अमित ठाकुर, सुभाष प्रसाद, सचिव पंचित महतो, सह सचिव विकाश चंद्र पटेल, अमित कुमार, अनिल कुमार, संतोष महतो, कोषाध्यक्ष में सागर महतो का चयन किया गया।

### महायज्ञ को ले निकाली कलश यात्रा



**कुजू।** श्री श्री 1008 पंचमुखी हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर आरा-सारूबेड़ा स्थित आईडब्लूएसपी पंचमुखी हनुमान मंदिर से सोमवार को कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ कुंदरिया तालाब पहुंचे। जहां आचार्य प्रदीप पांडेय ने यजमान बने जगदीश महतो व जगरनाथ महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद कलशों में जल को भरा गया। बाद में पुन: क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां कलशों को विधिवत स्थापित किया गया। वहीं यजमानों को आचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य कराया गया। बाद में श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। जगदीश महतो ने बताया कि इस तीन दिवसीय यज्ञ में रोजाना शाम को भव्य आरती किया जायेगा। वहीं मंगलवार को प्रतिमा का नगर भ्रमण के साथ बुधवार को भव्य भंडारा के साथ यज्ञ संपन्न होगा।

---

विनोवा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम कुलपति सम्मेलन में राज्यपाल बोले

# एनइपी पर सभी विवि गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में सोमवार को आयोजित झारखंड के प्रथम कुलपति सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रथम कुलपति के सम्मेलन में यहां उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हमारे राज्य में विश्वविद्यालयों द्वारा सामना किए जा रहे विभिन्न मुद्दों को समझने का यह पहला प्रयास है। समर्पित भाव से किए गए काम ही हमें कामयाबी दिलाती है। केंद्र सरकार ने जो 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लायी है, उसे हर हाल में सफल बनाना है।

झारखंड सरकार और मानव संसाधन विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों से वह बात करेंगे ताकि सभी विश्वविद्यालयों का विकास हो सके। झारखंड के 11 विश्वविद्यालयों के कुलपति की राय सुनने के बाद कुलाधिपति ने कहा कि खुशी इस बात की है कि सभी विश्वविद्यालय एनईपी पर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति का उद्देश्य हर विद्यार्थी में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति को लेकर कुछ समस्याएँ हैं।

**विवि और कॉलेजों में होगी बहाली :** प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों के साथ-साथ गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए शीघ्र ही कदम उठाए जाएंगे। सभी विश्वविद्यालयों को यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में छात्रों के ड्रॉप आउट पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के उचित प्लेसमेंट के लिए, सभी विश्वविद्यालयों को प्लेसमेंट मेलों का आयोजन करना चाहिए और विद्यार्थियों के रोजगार हेतु स्थानीय उद्योगों को बुलाना चाहिए।

शिक्षा में सुधार के लिए विश्वविद्यालयों को अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रम का अवसर तलाशना चाहिए। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का बेहतर तरीके से आयोजन हो, सभी विश्वविद्यालय सीटेट के लिए परीक्षा केंद्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशें और आवश्यकता पड़ने पर छात्रों को निकटतम परीक्षा केंद्रों सुलभ कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। हमें डिजीलॉकर के माध्यम से विश्वविद्यालय के सभी प्रकार के प्रमाण पत्र डिजिटल प्रारूप में प्रदान करने होंगे ताकि विद्यार्थी को कहीं भी ये सुविधा उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा मेरे संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारी अपना बहुमूल्य समय अदालती मामलों के प्रबंधन में लगा रहे हैं। विश्वविद्यालयों को उच्च न्यायालय में लंबित सभी मामलों की समीक्षा करनी चाहिए और विश्वविद्यालय के स्तर पर यथाशीघ्र वास्तविक शिकायतों का समाधान किया जाना चाहिए। जहां तक संभव हो मुकदमों से बचने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय को एक उचित शिकायत निवारण कोशांग स्थापित करना चाहिए। विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए सुसज्जित पुस्तकालय, कैंटीन, खेल आदि जैसी सुविधाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई दी एवं कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, झारखंड में इस प्रथम कुलपति सम्मेलन में भाग ले रहे हैं तथा इसकी सफलता की कामना करता हूँ।

---

# रामनवमी में अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ करें कार्रवाई

## शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामनवमी पर्व को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने एसपी पीयूष पांडे के साथ आगामी रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य जानकारियां दी। वहीं, उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में कहीं भी कोई अफवाह सामने आने पर उस पर त्वरित कार्य एवं अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी किसी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों/ थाना अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06553 222005 देने की अपील की। शांति समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में रूट नही बदलने एवं इसे सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहकर क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं किसी भी प्रकार का संदेह होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को डीजे के इस्तेमाल पर पाबंदी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### हजारीबाग के मटवारी में खुला अमृत जन औषधि केंद्र


**हजारीबाग।** मटवारी में अमृत जन अषौधि केन्द्र सोमवार को खुला । इस दवा दुकान खुलने से यहां के मरीजों को सभी दवा में 50 प्रतिशत से अधिक छुट मिलेगा। शहर में लंबी बीमारियों से पीड़ित रोगियों जैसे मधुमेह ,पेट के रोग ,हृदय रोग, गुर्दे की बीमारियों सहित लंबी चलने वाली तमाम बीमारियों की दवाई उपलब्ध कराने के लिए अमृत जन औषधि केंद्र दवा दुकान खोला गया है । जो दवाई मरीजों को बाहर निजी दवा दुकानों में 100 रुपए में मिलती है, वही दवा अमृत जन औषधि केंद्र में 15 से 20 रुपए में मिलेगी। अमृत जन औषधि केंद्र के संचालक राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस दवा दुकान खोलने से यहां के गरीब असहाय लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए इस दुकान को संचालित किया गया है।

### पर्व लेकर दोनों समुदाय की बैठक

**बरही।** रामनवमी को ले दुलमहा एवं लखना के ग्रामीणों ने की बैठक। बैठक में दोनों समुदाय के बुद्धिजीवी समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के बीच लखना स्कूल में आपस में बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रामनवमी या रमजान को समुदाय के लोगआपसी भाईचारा सौंदर्यपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने पर सहमति बनी।

---

### झारखंड सेवा समिति विमल बुधिया गुट को देगा समर्थन



**रामगढ़।** चेंबर चुनाव में झारखंड सेवा समिति ने विमल बुधिया गुट के समर्थन का एलान किया है। यह जानकारी समिति द्वारा सोमवार को आयोजित बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष सीए अजीत जायसवाल ने दी। बैठक में समिति के विनोद साव, रंजन फौजी, राजेश प्रसाद,अरविंद अग्रवाल,चिंटू अग्रवाल,रूपेश गुप्ता, धीरज परासर, अरूण महतो, शिव शंकर साहू शामिल थे। समिति द्वारा आयोजित बैठक में कहा गया कि झारखंड सेवा समिति का मानना है कि यदि विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी चुनाव में विजय होंगे तो व्यवसायियों के हितों का बेहतर तरीके से ख्याल रखते हुए कार्य करेंगे। इसलिए हमारे संगठन ने विमल बुधिया गुट के समर्थन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि हम सबों की ईच्छा है कि चेंबर चुनाव में विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी विजय हों। ताकि चेंबर सशक्त और मजबूत हो और व्यवसायियों के हितों का ख्याल रखते हुए रामगढ़ में उद्योग और व्यवसाय के विस्तार की दिशा में ठोस कार्य कर सके।

# रामगढ़ चेंबर चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

## विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से मांगा समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** 2 अप्रैल को होनेवाले रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने सांडी, कुजू आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से समर्थन मांगा। विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से कहा कि यदि उनका गुट चुनाव में विजय हुआ तो व्यवसायियों के हितों का ख्याल रखते हुए कार्य करेगा। प्रत्याशियों ने व्यवसायियों से कहा कि आप अपना बहुमूल्य वोट देकर हमारे गुट के सदस्यों को विजय बनाएं हम सभी सदैव आपलोगों की सेवा में लगे रहेंगे। साथ ही जिले में उद्योग और व्यवसाय के विकास के लिए कार्य करेंगे। इसके अलावे विमल बुधिया गुट के सदस्य हर सुख दुख में आपके साथ रहेंगे। इसलिए हमारे गुट के सदस्यों को वोट देकर विजय बनाएं। जनसंपर्क अभियान में अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरूण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र अग्रवाल (जीतू), जितेंद्र प्रसाद (डब्लू), जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रविशंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी, विनोद कुमार पंकज शामिल हुए।

---

# छठव्रतियों ने दिया अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आससपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भक्ति का महापर्व चैती छठ इस बार भी भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन सोमवार को छठव्रती दिन-रात निर्जला उपवास रहीं।

साथ ही अपराहन बाद सूप दउरा में प्रसाद, धूप, अगरबती, नारियल व फल-फूल सजाकर छठ घाटों पर जाकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य दी। वहीं चौथे दिन मंगलवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर जाकर उदयीमान भगवान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य अर्पित करेंगे। दोनों समय अर्घ्य अर्पित करने से पहले छठव्रती आधे शरीर पानी में रहकर छठ मां, भगवान सूर्य की पूजा अराधना करेंगे। छठ महापर्व पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटो पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इधर चैती छठ महापर्व पर कोयलांचल में जगह जगह छठ महापर्व के गीत बज रहे हैं। साथ ही नलकारी नदी छठघाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य, मां गंगा मंदिर को



अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देती छठव्रति

**गीतों से गूंजा कोयलांचल**

आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वहीं भुरकुंडा-सौंदा नलकारी छठ-घाट, रिभर साईड-गिद्दी छठघाट सहित चिकोर, लपंगा, भदानीनगर आदि छठ घाट श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सजधज कर तैयार है। पूजा के दौरान कई जगहों पर स्टॉल लगाकर समाजसेवी संस्थानों द्वारा दूध, अरगबती, नारियल सहित फल-फूल का भी वितरण किया गया। साथ ही छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं के आवागमन में दिक्कत न हो इसके लिए सड़कों की समतलीकरण व पानी का भी छिड़काव किया गया।

---

## एक नजर में

### रामनवमी समिति अध्यक्ष बने राजेन्द्र प्रसाद



बरही। रामनवमी पर्व के मद्देनजर करियातपुर के मीटिंग हाल में रामनवमी महासमिति के अधिकारियों एवं सदस्यों ने बैठक का आयोजन किया।बैठक में करियातपुर, कोरियाडीह, धनवार, दूधपनिया, पिपराघोघर, दुलमाहा और लखना के चयनित सदस्य समेत आम जनता शामिल हुए। जहां सर्वसम्मति से श्रीरामनवमी महासमिति का गठन किया गया। जिसमें श्रीरामनवमी महासमिति के अध्यक्ष धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रदीप केशरी, सहसचिव संतोष केशरी, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सहकोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, संरक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केशरी, बाबूलाल पासवान, सुरेश साव, किशोरिमोहन पाण्डेय, नंदलाल कुशवाहा, जितेंद्र गिरी, नारायण यादव, सुरेश कुशवाहा को मनोनीत किया गया। मौके पर रंजीत कुमार पांडेय, सुरेश प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, नंदलाल प्रसाद, किशोरीमोहन पाण्डेय, अनिल केशरी, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, बाबूलाल पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### विधायक ने 18 अखाड़ों को दिये लाठी व तलवार



**दारू।** विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड क्षेत्र के बक्शीडीह, दारु, हरली और रामदेव खरिका ग्राम में प्रखंड क्षेत्र के कुल 18 अखाड़ा धारियों को पारंपारिक शस्त्र भेंट किया। इस दौरान सभी जगहों पर गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ महावीरी पताका लहराते हुए और नारा -जयकारा लगाते हुए पारंपारिक तरीके से विधायक मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। विधायक के स्वागत में जय श्रीराम के नारे से पूरे क्षेत्र में गुंजायमान होने लगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, दारू प्रमुख प्रमुख कुमारी श्वेता, भाजपा नेता राम नारायण कुशवाहा, लक्ष्मी देवी, केदार नारायण, संजय कुमार, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गाड़ीसाडम यज्ञ में शामिल हुए विधायक

दारू ।कबीलासी पंचायत अवस्थित ग्राम गाड़ी साडम में अयोजित श्री श्री 1008 आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा नव दिवसीय महायज्ञ में शामिल होने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल यहां पहुंचे तो संपूर्ण ग्राम वासियों ने एकजुट होकर पारंपारिक वाद्य यंत्र ढाक वादन के साथ नारा-जयकारा लगाते हुए ग्राम प्रवेश कराया। ग्राम भ्रमण करते हुए विधायक मनीष जायसवाल यज्ञ मंडप पहुंचे जहां ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक गीत के साथ उनका अभिनंदन किया। विधायक ने रामनवमी को लेकर ग्रामीणों को पारंपारिक हथियार लाठी और तलवार भेंट किया। मौके पर दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, राम जी कुशवाहा, स्थानीय यज्ञ समिति के अध्यक्ष चेतलाल महतो, कैलाश प्रजापति, मनोज महतो, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### मवि झरपो और अमनारी में कीट वितरित



**टाटीझरिया।** उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय प्रांगण स्थित मध्य विद्यालय झरपो में मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबु प्रसाद सोनी एवं प्रधानाध्यापक सत्येंद्र दीपक के हाथों विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया तथा भराजो पंचायत के मध्य विद्यालय अमनारी में मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय के हाथों वितरित किया गया। मौके पर मध्य विद्यालय झरपो अध्यक्ष बसंत राम, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार,बलराम प्रसाद कुशवाहा, उमेश दीन,अर्जुन प्रसाद,किशोरी ठाकुर,बद्री भुईयां समेत अन्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वास्थ्य मेला

**दारू।** पेटो उपस्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अंचल अधिकारी नीतू कुमारी, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, जिंनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी तंत्र में विशेष सुविधा के तहत मेले का आयोजन एक जागरूकता अभियान है। इस प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में टीकाकरण, टीबी, मातृ स्वास्थ्य, किशोर एवं किशोरी स्वास्थ्य, मलेरिया, टाइफाइड, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य सोलह स्टाल लगाए गए हैं जिसमें लोगों को सभी बीमारियों के प्रति जानकारियां दी जा रहीं है। मौके पर महिला चिकित्सा पदाधिकारी पूनम सेविका इका, डॉक्टर आयुषी प्रसाद, डॉक्टर सृजन जयपूरीयार, डॉ सुरेंद्र राय, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी विनीता कुमारी, कांता कुमारी, हासाबारा, ईभा अलका कुल्लू,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जागेश्वर शर्मा, देवासीश मित्रा, सुमित कुमार पासवान साथ-साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

### बरही : राजसिंह चौहान को हुई बेटी



**बरही।** सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान को चैती छठ पर्व पर पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई है। सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल कर्मियों का आभार जताया। इस खुशी के मौके पर उन्होंने पुरे अस्पताल कर्मियों एवं सभी उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि चैती छठ पर्व के दिन पुत्री की प्राप्ति होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि बरही अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी समेत अन्य चिकित्सक एवं कर्मियों ने सुरक्षित प्रसव में अपनी भूमिका निभाई है, जिसके लिए वो उनका आभारी है।

### सड़क मरम्मति के लिए हुआ भूमि पूजन



बरही। प्रखंड का सबसे सुदूरवर्ती एवं पंचायत रानीचुआं सबसे अधिक पिछड़ा एवं उपेक्षित गांव नरसिघवा, धोबघट तथा परसातरी में ग्रामीणों के लिए ग्राम जीतपुर से धोबघट होते हुए परसातरी तक सडक मरम्मती कार्य को लेकर भूमि-पूजन किया गया। उक्त कार्य के लिए एक समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय जिला परिषद सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष सह उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि रानीचुआं पंचायत की स्थानीय मुखिया मुर्ती देवी, उपमुखिया किरण देवी, पंचायत समिति सदस्य पारो देवी उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, विजय यादव, संतोष यादव, बाबूलाल पासवान, भीम यादव, अर्जुन हांसदा, विशुन टुडू, रामधनी मुर्मू, तालो टुडू, सीकरी हांसदा, महेश शोरेन, बासुदेव हांसदा सहित रानीचुआं पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत के सभी सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### लरंगो बाजार से वन विभाग की टीम ने की जब्ती की कार्रवाई

**गुमला ।** चैनपुर और बिशनपुर वन विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए में सिसई प्रखंड के लरंगो बाजार से घर में लगने वाली 12 से 15 फीट तक लंबी सखुआ की कांडी तथा दरवाजा चौखट को जब्त किया है। जब्ती की कार्रवाई को देखकर जब्त माल की जिम्मेवारी लेने के लिए कोई भी सामने नहीं आया। स्थानीय मुखिया के माध्यम से यह हिदायत दी गई है कि बाजार में किसी भी प्रकार का चौखट फ्रेम या बेड की बिक्री नहीं होगी। पकड़े जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

### कोमडो गांव में पुलिस पब्लिक मीटिंग

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरी पंचायत के कोमडो गाँव में स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीणों के उपस्थिति में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित जारी थानेदार मनीष कुमार ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए नशापान,मानव तस्करी, बालविवाह, साइबर क्राइम, डायन विसाही, महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित अपराध एवं अन्य बातों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर आपस में चर्चा की गई।

### पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**सिसई।** नामकुम थाना रांची के कांड संख्या 96/ 2021 के फरार अभियुक्त सिसई थाना क्षेत्र के लठदाग गांव निवासी हजरत अंसारी के पुत्र शमीम अंसारी के घर सोमवार को नामकुम पुलिस ने इश्तिहार चिपका कर अभियुक्त शमीम अंसारी के गिरफ्तार करने का सहयोग करने की अपील की है।

### रामनवमी व रमजान को लेकर हुई बैठक

**सिसई।** पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वकारीब ने रामनवमी पर्व और रमजान को लेकर सोमवार को सिसई, पुसो,भरनो व करंज थाना के थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने रामनवमी पर्व में भड़काऊ डिजे बजाने पर रोक लगाने, ड्रोन कैमरा से निगरानी करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं वॉच टावर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व भाईचारे के साथ मनायें।

### लोहरदगा में भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने फिर दी दस्तक

# पुल निर्माण में लगे दो ट्रैक्टरों को फूंका


जला हुआ ट्रैक्टर और मौके पर पहुंची पुलिस।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में एक बार फिर भाकपा माओवादी सक्रिय हो गए है। जिले के पेसरार क्षेत्र में सेरेंगदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुंदाग नदी में पुल निर्माण मे लगे दो ट्रैक्टरों को भाकपा माओवादियों ने जोनल कमांडर रविन्द्र गंझू के नेतृत्व में आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मियों में हड़कंप मच गया है। वहीं दर्जनों की संख्या में पहुंचे भाकपा माओवादी ट्रैक्टर को आग के हवाले कर चलते बने।

जानकारी अनुसार पुंदाग नदी में आरईओ विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से लगभग दो करोड़ की लागत से पुल निर्माण कराया जा रहा था। बीती रात्रि वहां लगभग 15-20 की संख्या में हथियार से लैस माओवादी पहुंचे। रविंद्र गंझू के दस्ता के नक्सलियों ने बिना कुछ कहे कार्य में लगे दो ट्रैक्टर से तेल निकालकर दोनों के चारों चक्को में आग लगा दी। इस घटना में ठेकेदार को लाखो रुपया का नुकसान हुआ है, साथ ही कार्य भी बाधित हो गया है।

मौके पर मौजूद मजदूरों का कहना था कि नक्सलियों ने पहले मुंशी की खोजबीन की, नहीं मिलने पर मजदूरों से उसकी जानकारी ली और ट्रैक्टर में आग लगा दी।

मामले को लेकर सेरेंगदाग थाने में एफआइआर दर्ज कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सोमवार सुबह घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं, इस मामले पर एसपी आर रामकुमार ने कहा है कि उन्हें सूचना मिली है कि पुल निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर के चक्का को आग के हवाले कर दिया गया है । उन्होंने इसे लेकर एक विशेष टीम की गठन किया गया है, जो पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## भाकपा माले रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक सोमवार को शहीद अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास पार्टी के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण के प्रति स्थानीय सांसद व विधायकों को चिंता नहीं है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, बेरोजगारी, पलायन, मानव तस्करी तथा सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इन समस्याओं से आम जनता त्राहिमाम कर रही है। वहीं सांसद-विधायक, भ्रष्ट अधिकारी व बिचौलिए चांदी काट रहे हैं। इस हालात को बदलने और जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी हालात बदलो संदेश यात्रा 6 अप्रैल 2023 से बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से शुरू करेगी। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कमर कस लेने की अपील की । बैठक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व जनसमस्याओं को लेकर तथा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण, किसानों व महिलाओं द्वारा उत्पादन को बेचने के लिए बाजार उपलब्ध कराने, सिंचाई कोल्ड स्टोरेज तथा कृषि आधारित रोजगार सृजन जैसी जनहित से जुड़े जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर आंदोलन शुरू करने के अलावे कई निर्णय लिये गये। साथ ही लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए 31 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

## विद्यार्थी भविष्य संवारने को पुस्कालय का करें भरपूर उपयोग : उपायुक्त


पुस्तकालय का निरीक्षण करते उपायुक्त व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा (गुमला)।** उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती और अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता ने सोमवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बने पुस्तकालय भवन, सरांगो गांव स्थित बांस कारीगर कला केंद्र सहित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारंगो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दरम्यान उपायुक्त ने पुस्तकालय भवन में स्थित कंप्यूटर कक्ष, छात्र-छात्राओं का पठन कक्ष, शौचालय व पेयजल सहित कई चीजों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पुस्तकालय निर्माण को लेकर के संतुष्टि जताया व सभी छात्र-छात्राओं से अपील किया कि अपने भविष्य को संवारने के लिए पुस्तकालय का भरपूर उपयोग करें और अपना करियर संवारे।

बता दें कि पुस्तकालय व बांस कारीगर कला केंद्र के भवनों का उद्घाटन राज्य के दो मंत्री रामेश्वर उरांव व बादल पत्रलेख 29 मार्च को करेंगे। इसी को लेकर के जिले के सभी अधिकारी योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

उपायुक्त सुशांत गौरव ने उद्घाटन को लेकर के पूरी तैयारी की जिम्मेदारी अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज को देते हुए कहा कि इस पुस्तकालय भवन का उपयोग इस पूरे आदिवासी बहुल क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भरपूर रूप से करें यह सुनिश्चित हो। अधिकारियों की टीम ने सारंगों गांव में बने बांस कारीगर कलाकेंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कारीगर के बीच बांस के सामग्री बनाने वाले टूलकिट का भी वितरण किया। उपायुक्त ने कहा कि यह एक शुरुआत है कारीगरों को गर्मी व बरसात में काम करने में काफी परेशानी होती थी। जिसके मद्देनजर यहां शेड मुहैया कराया गया है। जल्द ही और भी गांव में इस तरह के शेड बनवाया जाएगा और बांस कारीगर द्वारा बनायी गयी सामग्री को एक बेहतर बाजार देने के लिए भी जिला प्रशासन के द्वारा राज्य व देश स्तर पर काम किया जाएगा ताकि इसके कार्य को बढ़िया मुनाफा हो सके। इसके बाद अधिकारियों की टीम उसी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंची। जहां पर विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की स्थिति को देखकर उपायुक्त काफी खुश हुए और विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदय प्रताप जायसवाल की काफी प्रशंसा भी किया। सरकारी स्कूल की व्यवस्था देख कर खुशी से गदगद हुए उपायुक्त ने तुरंत ही विद्यालय में 5 किलो वाट का सोलर ग्रेड लगाने के साथ-साथ पूरे विद्यालय का चारदीवारी करने का भी बात कही। साथ ही प्रधानाध्यापक को सम्मानित करने की भी बात कही गई। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, मुखिया राजेश बड़ाइक, कुमार अनिल सहित कई लोग मौजूद थे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य किया अर्पित


भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करतीं छठव्रती।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सूर्य उपासना व लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सोमवार को व्रतियों ने आस्था व विश्वास के साथ अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शहर के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए भगवान भास्कर से विशेष प्रार्थना किया। छठ व्रती सोमवार की शाम में तालाब में प्रवेश कर घंटों भगवान भास्कर की प्रार्थना व ध्यान कर सूर्यास्त के समय अर्घ्य अर्पित किया। वहीं मंगलवार की सुबह उदयीमान सूर्य को व्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को दूध, पानी, ठेकुआ, केला, नारियल, सेब आदि फलों से पूजा की। वहीं छठव्रती छठ गीतों को भक्ति -भाव से गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर डंडवत लेटकर भगवान भास्कर को छठ व्रतियों द्वारा नमन किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के डंडवत लेटते ही उनके पैर छूने के लिए लोग काफी उतारू दिखे। शहर के मुरली बगीचा छठ घाट व मत्स्य विभाग स्थित वनतालाब छठ घाट व नागफेनी नदी छठ घाटमें व्रतियों द्वारा भगावन भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। शहर मुख्यालय के अलावे जिले के चैनपुर, डुमरी, रायडीह, जारी, विशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, पालकोट, बसिया, कामडारा प्रखंड में भी अस्तचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया। मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय चैती महा छठ संपन्न होगा।

## सदर अस्पताल के कुपोषण उपचार केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण

**गुमला।** सदर अस्पताल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का सोमवार को डीसी सुशांत गौरव, डीडीसी हेमंत सती ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में केंद्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी उपचार केंद्र में भर्ती मरीजों के परिजन से लिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कुपोषण मुक्त अभियान के तहत एमटीसी केंद्रों में सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों की सूची बना ली गई है। कुपोषण मुक्त जिला बनाने की दिशा में कार्य आरंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में माताएं गलती कर रही हैं उसे बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। सहिया और सेविका ग्राउंड स्तर पर कार्य कर कुपोषण को दूर भगाने में अहम योगदान कर रही हैं।

## गुमला को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को किया जायेगा पूरा : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सदर अस्पताल में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 43 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि गुमला जिला टीबी मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। टीबी मुक्त जिला व देश बनाने का संकल्प को सिद्धि के साथ किया जा रहा है। वर्ष 2025 तक पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत को टीबी मुक्त देश बनाने की दिशा में पहल शुरू की है। गुमला जिला इस अभियान में शामिल है। टीबी की संपूर्ण जांच व इलाज प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क होता है। पीएम ने टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र पोषण योजना शुरू की है। इसके तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट सामग्री दी जा रही है। जिसमें 2 किलो दाल, एक किलो गुड़, 3 किलो चना व एक किलो सरसों तेल एवं सोयाबीन शामिल है, जो मरीजों के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया कि बहुत से ऐसे टीबी चैंपियन है जो टीबी बीमारी से ठीक होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और जागरूकता फैला रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, निकाला फ्लैग मार्च

**गुमला।** रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को गुमला पुलिस के द्वारा परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया गया। सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक ड्रिल में पुलिस जवानों ने भीड़ से निपटने के गुरू सिखे। वहीं किसी तरह के उपद्रव होने पर उपद्रवियों पर पानी की बौछार करने, आंसु गैस के गोले दागने आदि का प्रयास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान भीड़ को तितर बितर करने का अभ्यास किया गया। वहीं मॉक ड्रिल के बाद शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शहर के सभी मुख्य मार्गों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में भारी संख्या में जवान शामिल थे जो सड़कों पर एक दूसरे के पीछे कतार बद्ध तरीके से चल रहे थे।

### चैती छठ को लेकर की गयी साफ-सफाई

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के छठ नगर छठ घाट के सदस्यो ने चैती छठ पर छठ व्रतियों के सुविधा को लेकर सोमवार को छठ घाटो का साफ-सफाई की। साथ ही छठ घाटों को धोया ।ताकि छठ व्रतियों को किसी भी तरह को परेशानी ना हो यहां बता दें कि आज डूबते सूर्य को छठ बर्तियो के द्वारा अरघ दिया जाएगा और मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अरघ दी जाएगी ।वही घाटों की साफ सफाई करने वाले में यश राज गुप्ता ,अमन ठाकुर, रितिक सोनी ,सत्यम गुप्ता, निखिल सिंह, साहिल कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे।

### गुमला के प्रखंडों व गांवों में विहिप ने मनाया रामोत्सव

**गुमला।** गुमला जिला के विभिन्न गांवों में रामोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें जिले के टंसेरा, लांजी बरगांव, फोरी गांव और भरनो प्रखंड के डोंबा ग्राम, सिसई प्रखंड के पोटरो ग्राम, रेडवा ग्राम, शिवनाथपुर दहुटोली, बोंडो, बुढका ग्राम में भव्य रुप से श्री राम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत के मार्गदर्शन मंडल के संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, विभाग सह मंत्री केशव चंद्र साय, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला मंत्री मनोज वर्मा, जिला संयोजक रविंद्र सिंह शामिल हुए। सभी ग्राम के समस्त कार्यकताओं की सहायता से कार्यक्रम बहुत ही अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। जिला मंत्री मनोज वर्मा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी के द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### जारी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**जारी (गुमला)।** जारी गांव में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक,प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत गान गाकर व पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया।इस नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला में लगभग 11 स्टॉल लगाए गए थे। आयुष किट एवं फाइलेरिया किट का वितरण आयुष चिकित्सक डॉ. राजेश शर्मा ने किया। रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवा दी गयी। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा की यह बहुत ही अच्छी बात है की इस तरह के स्वास्थ्य मेला का आयोजन यहां किया गया है जिससे क्षेत्र के सभी मरीजों को लाभ मिलेगा।

### सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में झारखंड जनहित संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने की पूजा

**कैरो।** प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणि कोयल नदी तट स्थित मनोकामना पूर्ति व आस्था के प्रतीक मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में पीएमओ कार्यालय व सीबीआई से सेवनिर्वित झारखंड जनहित संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार शुक्ला अपने धर्मपत्नी संग राजधानी से पूजा करने पहुँचे। मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के बारे में जाना जिसके बाद इस धार्मिक व मनोरम स्थल को विकसित करने को लेकर प्रयाश करने की बात करते हुए कहा कि ऐसा प्राकृतिक व मनोरम स्थल को विकसित कर दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने से भक्त, आम जनता के साथ साथ राज्य सरकार को भी इसका लाभ मिलेगा जिसके लिए पर्यटन कला संस्कृति विभाग को आगे बढ़कर इसकी विकास के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

### भंडरा बाजार मे जलजमाव से संक्रामक रोगों का खतरा

**भंडरा ।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार टाड़ मोहल्ल इस समय जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हल्की सी बरसात भी यहां की स्थिति बदतर हो जा रही है। प्रखंड के सबसे प्रसिद्ध व बड़े सप्ताहिक हाट जाने वाली सड़क वर्षो पहले बनी थी जो काफी नीचा हो गया है । जिसके कारण हल्की बारिश मे जलजमाव हो जाती है । साथ ही जल निकासी के लिए नाली भी नही है । जिससे कई लोगों के आवास और परिसर में गंदा पानी जमा हो जाता है ऐसे में यहां संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस समस्या के लिए लोग प्रसासन को दोषी ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि वर्षो से इस समस्या पर कोई कार्य नहीं हुआ, जिससे यह समस्या यथावत बनी हुई हैं। मुख्य पथ के सटे सप्ताहिक बाजार जाने वाले पथ मे पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है।

### रैयतो ने हिंडाल्को के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया

**लोहरदगा।** बगडू विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा पूर्व मंत्री सधनु भगत और देवेंद्र उरांव के अगुवाई में अपनी मांग को लेकर सम्हारणालय मैदान में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के माध्यम से जिले के बगडू हिल में बॉक्साइट खनन के लिए आदिवासी रैयतो से लिया गया जमीन पर खनन नहीं कर के अन्य कार्य का विरोध करते हुए रैयतो को जमीन वापसी के साथ मुआवजा की मांग की गई। विस्थापित संघर्ष समिति ने बॉक्साइट खनन कर रहे हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड पर आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर अवैध खनन करने और सरकारी शर्तो का उलंघन करने का आरोप लगाते हुए जमीन वापस करने की मांग की है।

### किसानों के बीच नि:शुल्क सब्जी बीज का हुआ वितरण

कैरो। उद्यान विकास योजना के जिला उद्यान विभाग द्वारा प्रखण्ड उद्यान मित्र के माध्यम से सोमवार को खरता में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों के बीच कद्दू, मिर्चा, टमाटर, भिंडी व बैगन बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा किसानों को विभाग द्वारा आवेदन भरवाया जाता है जिसके बाद सब्जी बीज, आम, केला, ओल, अदरक, ईख, फूल इत्यादि का बीज दिया जाता है ताकि किसानों को धान, गेहूं व सब्जी के अलावे बागवानी का भी लाभ मिले और वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें।

### डॉक्टरों ने किया विरोध प्रदर्शन

लोहरदगा। आईएमए जिलाध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद के नेतृत्व में जिलेभर के डॉक्टरों ने राजस्थान सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल पास करने का विरोध करते हुए काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे है डॉक्टरों का कहना था कि सरकार डॉक्टरों को चिंता नहीं कर रही है। वही इस बिल का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे डॉक्टरों पर सरकार के आदेश से पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करना पूरी तरह दुर्भज्ञापूर्ण है। इस घटना से पूरे देश के डॉक्टर मर्माहत है।

## चैती दुर्गा पूजा को लेकर बेलवरण संपन्न, आज खुलेगा पंडाल का पट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को बेलवरण की पूजा की गई। प्रातः ही षष्ठायादि कल्पारंभ के बाद मां का अधिवास व आमंत्रण किया गया। बेलवरण पूजन में यजमान के रूप में चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्य बैठे थे जबकि पूजा की विधि आचार्य हरिशंकर मिश्र, पूजक शैलेश मिश्र, राज किशोर पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। वहीं पूजा समिति के द्वारा सोमवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप में कात्यायनी की पूजा की गई। चैती दुर्गा पूजा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूजा को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। मंगलवार से पूजा पंडाल का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। पूजा को लेकर रामायण पाठ भी नवरात्रा के साथ आरंभ हुआ था। रामायण पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्ति मय हो गई है। मौके पर अध्यक्ष श्री सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष संजीव उर्वशी आदि उपस्थित थे।

# शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें रामनवमी : डॉ वाघमारे

### लोहरदगा में रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, एसपी ने कहा- कानून से ऊपर कोई नहीं


बैठक में मौजूद लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** रामनवमी-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद् कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई।

बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि श्रीराम के जन्म के समय उनकी जन्मभूमि अयोध्या में मंगलगीत गाये गये थे और एक वर्ष तक उत्सव की तरह माहौल था। एक मंगलगीत से प्रारंभ हुई रामनवमी आगे भी मंगलमय तरीके से मनायी जाती रहे, यह सभी की जिम्मेवारी है। हम सभी मिलकर रामनवमी त्यौहार को शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं। उक्त बातें उपायुक्त ने जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शांति की बैठक में कही।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने रामनवमी एवं रोजेदारों को शुभकामना देते हुए कहा कि त्यौहार के माहौल में सद्भावना रखना बहुत ही जरूरी है। अगर ऐसे में कोई गलत कदम किसी के द्वारा उठाया जाता है तो उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ता है। युवा ऐसा करते हैं तो पुलिस क्लिरेंस मिलने में परेशानी होती है। सरकारी नौकरी नहीं हो सकती, आपको पासपोर्ट बनवाने में परेशानी आ सकती है। इसलिए जिस तरह बच्चों का ख्याल रखते हैं, उसी तरह युवाओं का भी ख्याल रखें ताकि वे कोई गलत कार्य ना करें। उन्होंने कहा की अगर किसी जुलूस में डीजे का इस्तेमाल होता है तो वह निर्धारित डेसीबल सीमा के अंदर ही बजाया जाना है। उसमें किसी तरह का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाला गाना या नारा नहीं हो। गाने मंगलमय पूर्ण हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। कोई भी विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। बीते एक वर्ष में सभी त्यौहार काफी शांतिपूर्ण ढंग से मनाये गये, इसके लिए शांति समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। एक-दूसरे के त्यौहारों से हमें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है, इसलिए हमें एक-दूसरे के पर्व-त्यौहार में शामिल होना चाहिए। युवा सद्भावना मंच के द्वारा आपसी सद्भाव बनाये रखने के लिए कई अच्छे कार्य किये गये हैं। इसमें पुलिस जवान और दण्डाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रत्येक प्रखण्ड में शांति समिति की बैठक की गई है। रामनवमी के शोभायात्रा में अगर कोई अनजान बाहरी व्यक्ति दिखे तो तुरंत प्रशासनिक पदाधिकारी/पुलिस अधिकारी को सूचना दें। अखाड़ा वाले अपने वॉलेंटियर्स की सूची थानों में उपलब्ध करायें। बच्चों को गुमशुदगी से बचाने के लिए बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों के पॉकेट में माता/पिता का नाम व मोबाईल नंबर लिख कर एक पर्ची अवश्य डालें ताकि पुलिस सकुशल उन्हें उनके घर तक पहुंचा सके। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सही तरीके से करें। अफवाह नहीं फैलायें, एडमिन का व्हाट्सपग्रुप में नियंत्रण हो। व्हाट्सएप्प, फेसबुक व इंस्टाग्राम में धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाने वाला कोई पोस्ट ना करें। शोभायात्रा निर्धारित रूट में ही निकाले और तय समय पर संपन्न कराया जाये और अनुशासन बना रहे। युवाओं को भटकाव से बचाने को उनकी काउंसलिंग करायें। पदाधिकारियों को सभी मेले में हेल्पडेस्क लगाने का निर्देश दिया गया।

स्पीड न्यूज

## अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन

**चतरा।** शहर के काली मंदिर स्थित अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जीप परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीत काट कर किया ।इस अवसर पर उन्होंने का की चतरा जिले में अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर खुलना यहा की जनता के लिए सुगम और सुलभ सेवा का मानक है ।लोग यहां पर आसानी से सभी रोगों के लिए सस्ते दर पर जांच करा सकते हैं। संचालक संतोष कुमार ने बताया कि अपोलो संस्थान भारत वर्ष का जाना माना संस्थान है ।अब चतरा जिले में भी इस संस्थान का लाभ लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर श्याम लाल चौधरी, राम कुमार तिवारी, उदय तिवारी, नारायण चौबे, मोहम्मद शलीम , मंजीत कुमार समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जल संचयन को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**इटखोरी।** इंसानियत क्लब शहरजाम के तत्वावधान में डा भीमराव अंबेडकर उच्च विद्यालय में सोमवार को जल संचयन पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक त्रिलोकी राणा ने की। जबकि मंच संचालन सतीश यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच चित्रांकन एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## सघन वाहन चेकिंग अभियान चला

**कांडी।** थाना पुलिस ने क्षेत्र के सुन्डीपुर पंसा पुल पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि बिहार के राज्यपाल रोहतास जिला के दौरे पर हैं। रोहतास बिहार का ऐसा जिला है, जो झारखंड से लगता है, राज्यपाल की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार, एस आई स्वामी रंजन ओझा सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## जहरीले जंतु के काटने से नाबालिग की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरसोता निवासी रमाशंकर शर्मा के 11 वर्षीया पुत्री गुंजा कुमारी की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। घटना रविवार की देर शाम की बताई जा रही है। खप्पड़ बिछा के काटने के बाद घायल गुंजा को परिजनों ने मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। गुंजावर्ग पांचवी की छात्रा थी। पंचायत के समाजसेवी पप्पू कुमार एवं वार्ड सदस्य बबलू कुमार ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि गुंजा गरीब परिवार के घर से आती थी।

## डीईओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**मझिआंव।** जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति ने सोमवार को मझिआंव प्रखंड के मुखदेव +2 उच्च विद्यालय में प्रथम पाली में चल रही मैट्रिक परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के सामने हो रही कदाचार मुक्त परीक्षा पर संतोष जाहिर किया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**धुरकी।** धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन धुरकी प्रमुख शांति देवी, अंचलाधिकारी बीडीओ अरूण कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह व थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में मलेरिया, टीवी, कुष्ट, कुपोषण, परिवार नियोजन, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य जांच, दंत जांच, मोतियाबिंद, आयुष्मान भारत, मानसिक स्वास्थ्य जांच आदि के स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल पर संबंधित बीमारी के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# एकतरफा प्यार में प्रेमी ने सोनाली को मार डाला

## पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, मोबाइल चार्जिंग तार से गला घोंट कर मार डाला, खदान में फेंक दिया शव

खबर मन्त्र संवाददाता





प्रेस वार्ता करते एएसपी व ढाढस बंधाते पूर्व विधायक

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र का सोनाली हत्याकांड का उद्भेदन कोडरमा अवर पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने डोमचांच थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर किया। प्रेस वार्ता के दौरान अवर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतिका सोनाली के पिता ने अपनी पुत्री की गुमसुद्गी का लिखित आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पुत्री 21 मार्च से गायब है, उसके बाद हमलोगों ने तहकीकात शुरू किया, तहकीकात के क्रम में पता चला कि महथाडीह निवासी दीपक साव पिता नारायण साव का युवती से एकतरफा लगाव था, दीपक के द्वारा सोनाली को शादी के लिए दबाव दिया जा रहा था, लेकिन सोनाली द्वारा शादी से इनकार कर दिया गया, जिसके बाद प्रतिशोध की भावना से दीपक साव ने अपने कुछ साथियों से जिसमें भरत उर्फ कारू ग्राम मंझलीटांड़ निवासी, संतोष मेहता ग्राम मसनोडीह निवासी, संजय कुमार मेहता ग्राम नवाडीह (खेमनडीह) निवासी के साथ मिलकर सोनाली जो बगड़ो स्थित एक स्कूल में पढ़ाने गई थी, वहां से 21 मार्च को 11:30 बजे सूमो वाहन संख्या जेएच11एम/4793 में चालक रोहित कुमार मेहता, पिता नन्दलाल मेहता सिमरिया के साथ मिलकर लोन दिलवाने के बहाने बरही ले जाने बोलकर सोनाली का अपहरण करवाकर उसकी हत्या कर नीरू पहाड़ी की ओर जंगल में अवस्थित अम्बादहा बन्द पड़े पत्थर खदान में एक प्लास्टिक के बोरे में भरकर और उसमें पत्थर डालकर फेंक दिया।

हत्या मोबाइल चार्जिंग तार से गला घोंटकर की गई। वहीं हत्या में शामिल दो अपराधियों दीपक साव पिता नारायण साव ग्राम महथाडीह निवासी एवं रोहित कुमार मेहता पिता नन्दलाल मेहता ग्राम सिमरिया डोमचांच निवासी को गिरफ्तार किया गया एवं सामानों को भी जप्त किया गया। दोनों अपराधियों ने युवती की हत्या में शामिल होने का अपराध स्वीकार कर लिया। वहीं हत्या में शामिल अन्य अभियुक्त अभी भी फरार चल रहे हैं। इस हत्या में एक लाख पचास हजार की सुपारी दी गई थी, जिसमें चौंतीस हजार पांच सौ रुपया बरामद किया गया।

**जब्त सामानों की सूची :** जिन सामानों को जप्त किया गया उनमें रोहित कुमार मेहता का सफेद रंग का सूमो वाहन जेएच11एम/4793, रोहित कुमार मेहता का ओपो कंपनी का सिल्वर-पिंक रंग का एंड्राइड मोबाइल, 34,500 नगद जिसमें 500 का 69 नोट, दीपक साव का काला रंग का इनफिनिक्स कंपनी का एंड्राइड मोबाइल और एक काला रंग का छोटा कीपैड वाला नॉकिया कंपनी का मोबाइल, सफेद रंग का मोबाइल चार्जिंग केबल जिससे अपहत मृतिका का गला घोट कर मारा गया, सफेद एवं नारंगी रंग का प्लास्टिक का बोरा जिसमें अपहत मृतिका का शव डालकर पानी में फेंका गया, वस्त्र जो अपहत मृतिका के द्वारा पहना गया था, सफेद नीला रंग का छिटदार कुर्ती, नीला रंग का बंडी कोट एवं भूरा रंग का पजामा। छापेमारी दल में डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**पूर्व विधायक ने मृतिका के आवास पंहुचकर परिजनों को बंधाया ढांढस :** सोनी उर्फ सोनाली कुमारी हत्याकांड मामले को लेकर राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव मृतिका के आवास डोमचांच पंहुचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस दिन परिजनों ने पुलिस को गुमशुद्गी की सूचना दी और शक के आधार पर पुलिस को जिन नामों को बताया गया, यदि उसी समय उनलोगों पर यदि पुलिस दबाव बनाती तो शायद आज हमारे बीच सोनाली जिंदा होती, इसमें प्रशासन की ओर से भारी लापरवाही हुआ है।

हमारी पार्टी मांग करती है कि झारखंड आईजी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया जाए और इस घटना में जो भी अपराधी इस प्रकार का घिनौना त्य किए हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। हमलोग मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे और हमारी पार्टी इस पर चुप नहीं बैठेगी। अगर पीड़ित परिवार को न्याय नही मिलेगा तो हमारी पार्टी पूरा कोडरमा, डोमचांच को जाम और बंद कर देंगे। वहीं उन्होंने कहा कि जो भी हत्यारे हैं, फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर 3 महीने के अंदर अपराधियों को फांसी की सजा दी जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना को अंजाम देने के लिए अपराधी हिम्मत न करे, यदि 3 दिनों के अंदर सोनाली की हत्या मामले में फरार अपराधी गिरफ्तार नहीं होते हैं तो भाकपा माले इसके खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि परिवार को 20 लाख रुपया मुआवजा और परिवार के किसी सदस्य को नौकरी भी दिया जाए। उन्होंने अर्जुन साव हत्याकांड मामले को लेकर कहा कि यही डोमचांच की पुलिस गरीब व्यापारी अर्जुन साव सपही की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आज तक उन पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

एक नजर में

## पैसा दुगना करने वाला ठग कर्नाटक से गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के घनगड्डा गांव से वर्ष 2016 में ग्रामीणों के पैसे को दुगुना करने वाले गिरोह के एक सदस्य शेखर नायक को पुलिस ने कर्नाटक के बेल्लारी जाकर गिरफ्तार किया है। इस मामले में सदर थाना के एसआई प्रकाश सेठ के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार करने कर्नाटक गयी थी। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर चतरा लाया गया है। बताया जा रहा है कि फ्राड प्रकरण में घनगड्डा गांव निवासी पंकज रजक के कहने पर घनगड्डा व आसपास के गांवों के करीब 150 लोगों ने पैसा दुगुना होने के लालच में करीब 27 लाख रु की राशि पंकज के खाते में ट्रांसफर कर दी थी। जब लोगों को राशि दुगुनी होकर नहीं मिली तो उन्होंने पंकज रजक से पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद पंकज रजक ने इस फ्राड को स्वयं के साथ हुए फ्राड को कहना शुरू कर दिया। बाद में इस मामले को लेकर आरोपी पंकज ने चतरा व्यवहार न्यायालय में बिनोद मोदी, धीरज कुमार, रामप्रीत साह,उमेश गुप्ता, शेखर नायक व विकास कुमार के खिलाफ परिवाद पत्र संख्या 787/2016 दाखिल किया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर सदर थाना में कांड संख्या 333/16 दिनांक 18-11-16 व धारा 406/420 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। सात वर्षों तक फरार रहने के बाद गत 9 मार्च को फ्राड के मुख्य आरोपी बिनोद मोदी को पुलिस ने बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया। कांड के अनुसंधानकर्ता प्रकाश सेठ ने बताया कि फ्रॉड केस के दूसरे आरोपी शेखर नायक को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। अन्य अभियुक्त अभी भी फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## बीडीओ ने उत्ष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित



सम्मानित करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में उत्ष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने दीप जलाकर किया। उक्त समारोह में बीडीओ ने एएनएम रेणु बजेंति खलखो, सुलेखा कुमारी, साबित कुमारी, चंचला कुमारी, राज कुमारी एवं बंध्याकरण कार्य में बेहतर कार्य के लिए सहिया सुनीता देवी बैगाडीह एवं फुलपती देवी चपरी, अस्पताल में बेहतर कार्य के लिए नर्स अगाथा को सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करना बहुत अच्छी सोच है। सम्मानित करने से कर्मियों का मनोबल बढ़ता है।

जिससे अच्छे काम करने के लिए कर्मी प्रेरित होते हैं और आगे भी अच्छा काम करते हैं। इलाज के साथ-साथ समाज को जागरूक करना समाज के लिए बहुत बड़ी योगदान है। समारोह का संचालन धर्मजीत पासवान ने किया। मौके पर अभिनीत विश्वास, निशांक निश्रम, प्रदीप पाठक, अनूप गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद, कमल सैनी, इंद्र किशोर विश्वकर्मा, सुनील पटेल, अनुज कुमार, ब्रजेश कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## 20 दिवसीय हेल्थ कार्यक्रम को लेकर मरीजों का सर्वे शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला प्रशासन एवं इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन में इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत 5 अप्रैल से शुरू होने वाले 20 दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, साथ ही उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं व अन्य कर्मियों के द्वारा घूम-घूम कर मरीजों का सर्वे कर उन्हें हेल्थ कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बताते चलें कि पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डक्टर शामिल होंगे और विभिन्न रोगों का परीक्षण और इलाज करने का कार्य करेंगे। इन तिथियों को स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल होकर, आप उठा सकते हैं लाभ : 05 से 10 अप्रैल आंख की जांच, मोतियाबिंद का अपरेशन, स्तन और ग्रीवा कैंसर की जांच, 12 से 16 अप्रैल कान की जांच एवं सर्जरी, 18 से 20 अप्रैल मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी, कटे फटे ओंठ की जांच एवं सर्जरी, 20 से 25 अप्रैल दांत की जांच एवं उपचार शामिल हैं।

## भाकपा के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी और एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** भाकपा के वरीय नेता एवं जिप सदस्य महादेव राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त व एसपी को ज्ञापन सौंप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बीते 21 फरवरी को दिए ज्ञापन पर अविलम्ब कार्रवाई करें, ग्रीन कार्डधारियों का 7 माह का बकाया अनाज वितरण करवाना सुनिश्चित करें, लोकाई के 2 एकड़ 24 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन का एलपीसी देने वाले राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने, जयनगर प्रखण्ड के अंतगर्त स्वास्थ्य केंद्र कुशाहन में एएनएम की पदस्थापना डोमचांच थाना कांड संख्या 137/22, 46/21, एससी एसटी थाना कांड संख्या 4/22 और 04/23 का निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

## चिकित्सकों ने काला बिल्ला लगा कर किया विरोध दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राजस्थान सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ कानून लाये जाने के विरोध में सोमवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वाहन पर पूरे भारत वर्ष के चिकित्सकों ने विरोध में काला बिल्ला लगा कर विरोध दर्ज किया है। आईएमए के आह्वाहन का झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने भी अपना समर्थन दिया है और झारखंड राज्य में भी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सको ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया। जिला झासा एवं आईएमए के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री को लिखा गया है। जिसमे यह मांग की गई है कि इस राइट टू हेल्थ बिल को वापस लिया जाए और इस बिल के विरोध में राजस्थान में जब चिकित्सक शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे तो उन पर लाठी चार्ज किया गया है। जिसमे कई चिकित्सकों को गंभीर चोट आई है। इस पूरी मामले की न्यायिक जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कारवाई की जाए। वहीं ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान के राज्यपाल एवं स्वास्थ्य मंत्री को भी दिया गया है। आईएमए उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव डॉ रमण कुमार एवं झासा राज्य इकाई के उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने बताया कि अगर इस पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया तो जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगे के आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी और राष्ट्रीय स्तर पर विरोध किया जाएगा। उपायुक्त को ज्ञापन देने वालो में झासा राज्य इकाई के उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, डॉ सुजीत राज, डॉ राजीवकान्त पांडेय, डॉ सागर मणि सेठ, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ सुनील कुमार मोदी, डॉ प्रशांत उपाध्याय, डॉ चेलना जैन, डॉ भारती सिन्हा, डॉ धनंजय कुमार, डॉ संदीप, डॉ आशीष, डॉ प्रमोद कुमार वर्णवाल, डॉ रविकांत सिंह, डॉ मणिकांत गुप्ता, डॉ अरुण कुमार अबोध एवं अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## भगवान की प्राप्ति केवल प्रेम भाव से ही संभव है, भौतिक पदार्थों से नहीं : प्रपन्नाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रवचन करते प्रपन्नाचार्य

**गढ़वा।** शहर के नरगीर आश्रम में चल रहे रामकथा, ज्ञान कथा यज्ञ के पांचवें दिन पूज्य सन्त प्रपन्नाचार्य जी ने भगवान राम के बाल लीलाओं, चारों भाइयों के नामकरण संस्कार, विश्वामित्र मुनि द्वारा यज्ञ के रक्षार्थ राम लक्ष्मण को मांगना, पिता दशरथ के मनोव्यथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र रघुकुल के पुरोहित वशिष्ठ ऋषी द्वारा चारों पुत्रों का नामकरण किया गया। श्रीराम ने अपने बाल लीलाओं से माता कौशल्या को अपने परम ब्रह्म होने अहसास करा दिया था।

प्रपन्नाचार्य ने बताया कि एक बार माता कौशल्या ने श्री रामचन्द्रजी को स्नान कराया और श्रृंगार करके पालने पर सुला दिया। फिर अपने कुल के इष्टदेव भगवान की पूजा के लिए स्नान किया। पूजा करके नैवेद्य चढ़ाया और स्वयं वहां गई, जहां रसोई बनाई गई थी। फिर माता पूजा के स्थान पर लौट आई और वहां आने पर पुत्र को भोजन करते देखा। माता भयभीत होकर पुत्र के पास गई। तो वहां बालक को सोया हुआ देखा। फिर देखा कि वही पुत्र वहां भोजन कर रहा है। उनके हृदय में कंपन होने लगा। वह सोचने लगी कि यहां और वहां मैंने दो बालक देखे। यह मेरी बुद्धि का भ्रम है या कोई चमत्कार है। प्रभु श्री रामचन्द्रजी माता को घबराया हुआ देखकर मधुर मुस्कान से हंस दिए। फिर उन्होंने माता को अपना अखंड अद्भूत रूप दिखाया। जिसके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्माण्ड लगे हुए हैं।

माता का शरीर पुलकित हो गया। मुख से वचन नहीं निकला। तब आँखें मूंदकर उन्होंने रामचन्द्रजी के चरणों में सिर नवाया। माता को आश्चर्यचकित देखकर श्री रामजी फिर बाल रूप हो गए। उन्होंने कहा कि चारों भाई धीरे-धीरे बड़े हो रहे थे। इसी बीच महर्षि विश्वामित्र महाराज दशरथ के पास आए और राम लक्ष्मण को साथ ले जाने की बात कहने लगे। वह नियमित यज्ञ कार्य आदि नहीं कर पा रहे थे। दुष्ट प्रति के मारीच और सुबाहु यज्ञ स्थल पर मरे प्राणियों की हड्डी बिखेर देता। प्रारम्भ में दशरथ जी तैयार नहीं हुए। बाद में कुलगुरु बशिष्ठजी के समझाने पर कि राम कोई साधारण बालक नहीं बल्कि साक्षात ईश्वर हैं। वे राम लक्ष्मण को भेजने के लिए तैयार हो गए। प्रपन्नाचार्य ने कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल प्रेम भाव से ही संभव है। भौतिक पदार्थों से ईश्वर को कभी नहीं पाया जा सकता है।

मौके पर समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल सहित पदाधिकारी करीमन, जगजीवन बघेल, संजय सिंह, भरत केशरी, ब्रजेश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## ऑटो पलटने से तीन महिलाएं घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियाराबर में सोमवार को ऑटो पलटने से ऑटो सवार तीन महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं। घायल महिलाओं की पहचान धनेश्वरी देवी धरगांव निवासी एवं प्रभा देवी फुलवरिया निवासी के रूप में की गई है। खबर लिखे जाने तक एक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। जिसमें प्रभा देवी रेफरल अस्पताल में सेवारत हैं। वहीं घायलों को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तत्काल डोमचांच रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर ऑटो को जब्त कर थाने ले गयी।

## सीसीएलकर्मी संजय महतो हत्याकांड मामले में तीन हत्यारे गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी सह चर्चित सीसीएल कर्मी संजय महतो को बीते 24 मार्च को प्रेम प्रसंग मामले में हत्या कर शव को ग्राम गोड़वार एवं डेढ़गढा के बीच स्थित रेलवे लाइन पर क्षत विक्षिप्त अवस्था मे फेक दिया गया था।

जिसपर चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं टंडवा एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं 48 घण्टे के अंदर उद्भेदन कर तीन हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक संजय कुमार का आठ बच्चे वाली एक महिला के साथ अवैध संबंध एवं ग्राम होने के कुछ व्यक्तियों के साथ पूर्व का विवाद का होना पाया गया, इन्हीं कारणों से अपराध कर्मियों के द्वारा षड्यंत्र कर महिला के सहयोग से इस घटना को अंजाम दिया गया। अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य भी प्रकाश में आई है कि वर्ष 2018 में जिला हजारीबाग के कटकमदाग थाना अंतर्गत मृतक संजय कुमार के ऊपर सीसीएल के भूमि अधिग्रहण के विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना घटित हुई थी, जिससे मृतक के सहकर्मी शंभू प्रसाद राणा की मृत्यु हुई थी जिस संदर्भ में कटकमदाग थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड मामले में अब तक के अनुसंधान में प्रेमिका महिला सहित कुल आठ से दस अपराध कर्मियों की संलिप्ता प्रकाश में आई है। उक्त सभी अपराध कर्मी ग्राम होन्हे एवं उसके आसपास के रहने वाले हैं। तथा सभी अपराध कर्मियों को सत्यापन किया जा चुका है, अभी तक इस कांड में महिला सहित कुल तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तारी कर जेल भेज दी गई, जिसमे होन्हे गांव निवासी पहला प्रदीप गंझू पिता अन्दू गंझू, दूसरा रोहन यादव पिता फागुन यादव एवं एक प्रेमिका महिला शामिल है। एवं तीन मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। तथा शेष अपराध कर्मियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसआईटी टीम के द्वारा सघन छापामारी किया जा रहा है। उक्त जानकारी एसडीपीओ शम्भू सिंह एवं इंस्पेक्टर विजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर दी।

## ब्राउन शुगर व अफीम के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** जिले के लावालौंग और गिद्धौर पुलिस ने 20 ग्राम ब्राउन शुगर और 2 केजी अर्धठोस अफीम के साथ 5 तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया की पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में लोग अफीम की तस्करी हेतु आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार दो अलग-अलग टीम का गठन किया गया। जिसमें गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगापुर पत्थलगड़ा रोड से विक्रम कुमार मेहता पिता चन्दर प्रसाद मेहता ग्राम जिरहू थाना पदमा, अमित कुमार मेहता पिता दुलारचंद मेहता ग्राम बरका खुर्द थाना इचाक जिला हजारीबाग, प्रदीप यादव पिता दिनेश्वर यादव ग्राम रोहमर थाना गिद्धौर चतरा का रहने वाला है। जिन तीनों अपराधियों से तीन अलग अलग प्लास्टिक में पैक 20 ग्राम शुगर एक बिना नंबर का मोटरसाइकिल, नगद 9550 रुपए एक इलेट्रॉनिक माप तौल मशीन तीन मोबाइल के साथ जरूरियात कागजात शामिल है। दूसरी ओर लावालौंग थाना क्षेत्र से दो किलो अफीम के साथ जुगेश कुमार गंझू पिता गनौरी गंझू ग्राम बंदारू,फागुन गंझू पिता कुशन गंझू ग्राम बंदारू दोनो थाना लावालौंग जिला चतरा का रहने वाला है ।जिनके पास से अर्ध ठोस दो किलो अफीम,एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में शामिल लावालोंग से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी, थाना प्रभारी बमबम कुमार एसआई रोहित साव एवं सशस्त्र बल वहीं गिद्धौर से अंचला अधिकारी जयशंकर पाठक थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल आरक्षी पंकज कुमार और बबलू अंसारी शामिल है।

# स्पीड न्यूज

## छठ महापर्व की धूम, भगवान सूर्य को अर्पित किया गया पहला अर्घ्य



**चंदवा।** चार दिनो तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर चंदवा में उत्साह का माहौल दिखा। चंदवा के देवनद दामोदर तट स्थित छठ घाट पर महापर्व के तीसरे दिन सोमवार की संध्या बेला में दर्जनो की संख्या में छठ व्रतियों समेत हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने अस्तचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सुख समृद्धि व वैभव का आर्शीवाद मांगा।इसके पूर्व विवेकानंद किशोर संस्थान के कार्यकर्ताओं के द्वारा गंगा आरती का आयोजन किया गया। चार दिनो तक चलने वाला महापर्व का समापन मंगलवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो जायेगा। इधर महापर्व के दौरान छठ घाट पर विधि व्यवस्था को दुरूस्त करने में विवेकानंद किशोर संस्थान पुरी तरह से तत्पर दिखी, वहीं एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम भी मुश्तैद देखी गयी।

## 232 टाना भगत परिवारों को मिलेगा अंग वस्त्र की राशि

**बारियातू।** झारखंड सरकार व उपायुक्त के निदेर्शानुसार बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे निवास करने वाले 232 टाना भगतो को अंग वस्त्र के लिए राशि मिलेगा। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी दीपाली भगत ने बताया की झारखंड सरकार व लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार बारिखाप, साल्वे, डाढा, टोटी व टुंडाहाटू मे निवास करने वाले 232 टाना भगत परिवारों को वस्त्र के लिए राशि वितरण करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। राशि वितरण के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए सीआई सुरेश राम ने कहा की उपरोक्त टाना भगत परिवार को चार-चार हजार रुपए दिए जाएंगे। नियमानुसार सभी लाभुकों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पहचान पत्र व दो हाल का रंगीन फोटो 28 मार्च को अंचल कार्यालय यथाशीघ्र लाना अनिवार्य होगा। उपरोक्त गाँव के टाना भगत परिवारों से अंग वस्त्र की राशि लेने की अपील की गई है।

## ईंट भट्ठा में हुए हमले में से इनकार

**चंदवा।** जेएसजेएमएम उग्रवादी संगठन के किशोर नायक उर्फ अभय जी ने हस्तलिखित प्रेस बयान जारी कर बीते दिनों चंदवा के बारी बरेनी स्थित ईट भट्टे में मजदूरों के साथ मारपीट व जेसीबी में तोड़फोड़ किए जाने की घटना में संलिप्तता से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन वह रांची में था। प्रशासन से मामले की जांच कर घटना में संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई करने की गुहार भी लगाई है।

## राजा मेदिनीराय के प्रतिमा पर पूर्व सीएम ने किया माल्यार्पण



**बेतला।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह लातेहार जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया, पाकी विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमित तिवारी समेत कई भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने राजा मेदनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इससे पहले लातेहार कार्यक्रम के बाद रविवार की देर शाम बेतला नेशनल पार्क बाबूलाल मरांडी पहुंचे थे। वहीं बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय भाजपा के मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने उन्हें बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ भी विचार विमर्श किया गया एवं बूथ स्तर तक अपने संगठन को कैसे मजबूती प्रदान करें इसके लिए कई सुझाव दिए। इस दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह, ईश्वर सिंह, दीपक तिवारी, अजय सोनी, कमलेश यादव, सखीचंद प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में सोमवार को तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पलामू विभाग के संघ चालक जानकी नंदन राणा,विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष पवन प्रसाद व प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे ओउम भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पअर्पित कर किया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम ने बताया कि उक्त कार्यशाला तीन दिवसीय चलेगी जहाँ विद्यार्थियों को गुणात्मक विकास कैसे हो। इस पर विशेष चिंतन मंथन की जाएगी। साथ ही सत्र 2022-23 की समीक्षा करते हुए सत्र 2023-24 की योजना बनाई जाएगी। कार्यशाला में प्रतिदिन पांच सत्र चलेगी। सोमवार को सत्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को परीक्षा एवं प्रतियोगिता सहित सभी पक्षों पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर आचार्य राज किशोर मिश्र, शशि कुमार सिंह,लवकेश कुमार उपाध्याय,लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार, वसंत कुमार, आचार्या किरण देवी, खुशबू कुमारी, मनीषा कुमारी, विनीता कुमारी उपस्थिति रही।

### बरवाडीह: बीडीओ ने सीडीपीओ को दिया पोषण पखावड़ा में अनुपस्थित सेविकाओं पर कारवाई का निर्देश

# ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र रहते है बंद

➲ बच्चों को दिए जाने वाले पोष्टिक आहार का फोटो प्रतिदिन उपलब्ध कराएं सेविकाएं : राकेश सहाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिये महिला एवं बाल विकास के निर्देश पर पोषण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बरवाडीह प्रखंड कार्यालय अंतर्गत सीडीपीओ सभागार में बीते 20 मार्च से चल रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने उपस्थित सेविकाओं को कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाली सेविकाओं को स्पष्टीकरण देने का निर्देश सीडीपीओ अनिता कुमारी को दिया। बीडीओ ने सेविकाओं को निर्देश दिया कि आप सभी अपने-अपने केंद्रों में बच्चों को पोष्टिक आहार खिलाते हुए जीपीएस कैमरा से प्रतिदिन 12 बजे तक फोटो व्हाट्सप्प ग्रुप में शेयर करें। क्योंकि महज आठ-दस सेविकाओं के द्वारा ही ऐसा किया जाता हैं। इससे प्रतीत होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई केंद्र प्रतिदिन नहीं खुलते हैं। उन्होंने सभी सेविकाओं को इसके लिए अंतिम चेतावनी भी दिया।



विकलांग महिला की समस्या सुनते बीडीओ राकेश सहाय।

## विकलांग महिला को नहीं मिली वैशाखी

पोषण कार्यक्रम के दौरान उकामाड़ ग्राम से अपने पति यमुना सिंह और छोटी बच्ची के साथ एक वैशाखी के लिए सीडीपीओ कार्यालय पहुंची विकलांग व वृद्ध महिला राजमतिया देवी को वैशाखी नहीं मिली। उन्हें आधार कार्ड और कुछ अन्य दस्तावेज जमा करने की बात कह कर लौटा दिया गया। महिला के पति ने बताया कि वह पूर्व में कई बार दस्तावेज और प्रमाण दे चुके हैं। लेकिन सीडीपीओ ने जिला से वैशाखी मंगाकर देने की बात कही। इधर बीडीओ को जानकारी मिलते ही उन्होंने वृद्ध दंपती से मुलाकात कर एक सप्ताह के अंदर उनके घर पर वैशाखी पहुंचाने को लेकर आश्वस्त किया और रास्ते के खर्च के लिए आर्थिक मदद भी की।

### मनमाने तरीके से होता है आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन

गौरतलब है कि बरवाडीह प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का बंद रहना नियति सी बन गई हैं। पर्यवेक्षक ऑफिस में बैठकर ड्यूटी निभाते है। वहीं आम लोगों या मीडिया के माध्यम से सीडीपीओ को केंद्र बंद होने की जानकारी दिए जाने पर कारवाई के नाम पर महज स्पष्टीकरण जैसी कागजी खानापूर्ति कर छोड़ दिया जाता हैं। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनमाने तरीके से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जाता हैं।

# पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की पहल पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संगठन ने लगवाया सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की पहल पर लातेहार बालिका प्लस टू स्कूल में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संगठन (एनओबीए) के संकल्प संगिनी के तहत सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं प्रयोग में लाये गए सेनेटरी पैड को नष्ट करने हेतु इंसीनरेटर मशीन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आर्थिक सहयोग से इंस्टॉल किया गया। जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से बालिका प्लस टू स्कूल धर्मपुर प्रधानाध्यापक नीतू अंजना टोप्पो, लातेहार महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कर्मी अलका लकड़ा के द्वारा किया गया। वहीं नोबा जीएसआर के द्वारा बिहार झारखंड में अब तक लगभग 480 गांव बालिका विद्यालयो में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जा चुकी है। इस अवसर पर प्लस टू स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीतू अंजना टोप्पो ने कहा हमारे विद्यालय में 1500 सौ से ज्यादा बालिका अध्ययन करती है। नोबा जीएसआर के द्वारा की गई यह पहल बहुत सराहनीय है। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के माध्यम से लातेहार और चंदवा विद्यालय में लगाया जा रहा है, समय-समय पर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का निरीक्षण भी किया जाएगा एवं बच्चियों को स्वच्छ माहवारी के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इस अवसर पर एसबीआई ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार सिंह, सार्जेंट संतोष प्रशिक्षक मुजफ्फर आलम, शिक्षिका ज्योति ज्योत्सना, सरिता कुमारी, विनीता शर्मा, स्मिता केरकेट्टा, रूबी कुमारी समेत अन्य महिला शिक्षिका एवं छात्रा उपस्थित रहीं।



उद्घाटन करते महिला थाना प्रभारी व प्रधानाचार्य।

## मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारे का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बडका बालूमाथ शिव मंदिर में मां भगवती और भगवान हनुमान के प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया गया। उसके बाद पंडित दीपक मिश्रा, अजय मिश्रा और रविंद्र पाठक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। इसके पूर्व एक भव्य कलश यात्रा शोभायात्रा निकाली गई। जो शिव मंदिर बडका बालूमाथ से आरंभ होकर आठ किलोमीटर दूर रामघाट नदी पहुंची और वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल लेकर वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ो महिला-पुरुष बच्चे शामिल हुए शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवा धारण कर जय श्रीराम हर हर महादेव समेत कई नारा लगा रहे थे। इस दौरान पूजा समिति की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों महिलाएं पुरुष बच्चे ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंचानंद पांडे, सूरज शाह, गुड्डू साहू, पप्पू ठाकुर, सुनील गुप्ता, अमर ठाकुर, गुड्डू सिंह, राहुल सिंह, पंकज सिन्हा, अमन सिन्हा, मनोज साहू, प्रकाश कुमार, विशाल कुमार, आशीष कुमार, अमर कुमार, राज गंझु, उमेश ठाकुर, रौशन कुमार, बबलू पासवान, राकेश कुमार, नागेंद्र कुमार, आकाश कुमार, राजीव रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को सरयू टीओपी परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सालखू हेम्ब्रम के नेतृत्व में किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने कहा कि आगामी रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाने की अपील किया गया। श्री भगत ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाईचारा के साथ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व द्वारा पर्व त्यौहार के मौके पर शांति भंग करने वाले पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, पर आपत्तिजनक फोटो वीडियो यहां टिप्पणी करने वालो पर पैनी नजर रखी जाएगी। वहीं सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम ने आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की बात कही है। मौके पर उपस्थित अवर निरीक्षक मो शाहिद अंसारी, टिओपी प्रभारी घनस्याम उरांव, हवलदार जगदीश महतो, सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट निशांत मिश्रा, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकित देवी, वार्ड सदस्य आशा कुमारी, मनोहर प्रसाद, शौकत अली, असगर हुसैन, ईश्वर प्रसाद, फजलुर रहमान, सुरेश प्रसाद, सुनील प्रसाद, अनुबम प्रसाद, साबिर अंसारी, आशिक अंसारी, उदय प्रसाद, केडी नायक, वीरेंद्र प्रसाद, मो कलाम, समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित लोग।

# रघुवर दास के आगमन पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। आगामी 5 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के चौपाल कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में चंदवा मंडल भाजपा कमिटि की बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये श्री गुप्ता ने बताया कि आगामी 5अप्रैल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास का चौपाल का कार्यक्रम बालूमाथ के बालू ग्राम होनी है। इसी निमित रघुवर दास के स्वागत हेतु तैयारीयो के लिए समीक्षा बैठक किया गया। सभी बिंदुओ चर्चा कर सभी को जिम्मेवारी सौपी गई। कार्यक्रम में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम मौजूद रहे। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह एवं कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू, देवमोहन सिंह, बबलू सोनी, राज कुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, शंकर मुंडा, मुखिया रामेश्वर उराँव, जयराम साहू,विजय दुबे, संजय साहू, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, कृष्णा कुमार, सूर्यनारायण साहू, वीरेंद्र प्रसाद, संटू गुप्ता, उमेश गंझु, जमुना चौधरी, मनोज पाठक, रविंदर साहू, मुरारीलाल साहू, प्रदीप साहू, सुरेश यादव, अवधेश यादव, दिलेश्वर उराँव, राजीव उराँव, भुनेश्वर गंझु, राजन भगत, सुनिल मुंडा, बैजू कुमार, राजेंद्र सिंह, शंभु प्रसाद, योगेंद्र यादव, रामचरितर यादव, समेत सैकड़ो सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद थे।



बैठक में मौजूद भाजपाई।

# बालूमाथ में ट्रक ऑनर एशोसिएशन की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी कार्यालय परिसर में विस्थपित-प्रभावित मगध ट्रक ऑनर एशोसिएशन एवं ट्रांसपोर्टर की एक बैठक मगध परियोजना पदाधिकारी निपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाड़ा वृद्धि सहित कई विषयो पर चर्चा हुई। जिसमे जमुरिया पावर के बिहारी सिंह ने ट्रक ऑनर एशोसिएशन की मांगों को सही ठहराते हुए जमुरिया का भाड़ा 1900रुपये प्रति टन करने की बात कही। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा की ट्रक ओनर एसोसिएशन की मांग जायज है पूर्व में जो भाड़ा था उस भाड़ा में ट्रक मालिक भुखमरी की कगार में पहुंच गए थे कई ट्रक मालिक ट्रक भाड़ा कम होने के कारण किस्त तक नहीं दे पा रहे थे। मगध परियोजना में आने वाले रैयतों अपना जमीन सीसीएल को खनन के लिए दिया है ।वही रोजगार के लिए ट्रक खरीदा है। उन्होंने सभी ट्रांसपोर्टर से अपील करते हुए ट्रक भाड़ा में सहयोग करने की अपील किया। मौके पर त्रिवेणी साव, सतनारायण साव, मिथुन कुमार, राजेन्द्र राम, दिलीप कुमार, रंजीत कुमार, कुंडी उप मुखिया राजेश साव, भीम साव, युगेश्वर साव, कामेश्वर साव, ईश्वर कुमार, श्रवण कुमार, प्रकाश साव, मदन कुमार प्रसाद, विनोद साव, प्रेम साव, चंद्रिका साव, पंकज सिन्हा, गिरेंद्र यादव, डोमन यादव, अभिनव सिन्हा, प्रदीप कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित लोग।

## हाईड्रा के चपेट आने से पुत्र, पुत्र का पैर कटकर हुआ अलग

चंदवा। चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभिजीत प्लांट गेट के समीप सोमवार की दोपहर बाईक सवार पिता-पुत्र हाइड्रा के चपेट में आ गये। जिसमें पिता-पुत्र गंभीरू से घायल हो गये। बाईक सवार रौशन कुमार का पैर बुरी तरह से कटकर अलग हो गया वहीं पिता आदित्य मांझी का भी पैर टूट गया। घटना की सुचना के बाद चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम घटना स्थल पहूंची व घायलो का अस्पताल लया गया। घायल बालक रौशन कुमारी की दादी अपने पोते के पैर को लेकर अस्पताल पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल पिता-पुत्र की गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

# भगवती नगर मुहल्ला का हुआ नामकरण मुहल्ला वासियों में खुशी की लहर, पिछले कई वर्षो थी परेशानी

➲ पिछले कई वर्षो से बिना नाम का ही चला आ रहा था मुहल्ला, पता बताने में हो रही थी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के मेन रोड स्थित विजय सिंह के आवास में भगवती नगर वासियों के द्वारा बैठक किया गया। बैठक का मुख्य उदेश्य मुहल्ला का नामकरण करना था, जहां सर्वसम्मति से मुहल्ला का नामकरण भगवती नगर रखा गया। जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। बताते चले कि पिछले कई वर्षो से मुहल्ला का नामकरण नहीं होने से लोगों को पता बताने में काफी परेशानी होती थी। हमेशा से नियर बाजार स्कूल या अन्य लोकेशन को बताकर स्थान का पता बताना पड़ता था। लेकिन अब नामकरण हो जाने से मुहल्ला निवासियों परेशानी नहीं होगी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रामनवमी त्योहार धूम धाम से मनाने को लेकर सहमति बनी और इसी नव नामकरण मुहल्ला के नाम से बैनर बनाने की भी सहमति बनी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर रामदुलार प्रसाद, मोती साव, गोपाल प्रसाद, राजू प्रसाद, श्याम किशोर प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, हेमंत प्रसाद, बिरेंद्र प्रसाद, मुरारी प्रसाद, विजय सिंह, शंकर प्रसाद, दशरथ प्रसाद, सुचित कुमार, रवि कुमार उर्फ विक्की, उत्तम कुमार, रौशन कुमार, सुमित कुमार, विक्रम कुमार, सुभम कुमार, रोहित कुमार, सचिन कुमार, अंगद कुमार, हर्ष कुमार, सुबाई दे, दिवाकर कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, अंकित कुमार, गौतम कुमार, सुजल समेत कई लोग उपस्थित थे।



# सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के द्वारा सामग्री का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेदप्रकाश त्रिपाठी द्वारा सोमवार को बी/11 बटा. गारू लातेहार द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क चिकित्सा जाच, दवा तथा मच्छरदानी वितरण के साथ देश भक्ति के चलचित्र (फिल्म) का फिल्मांकन किया गया। जिसमें गारू क्षेत्र के ग्राम कारवई कुई, बहेराटोली लोहरगडा आदि गाँव के ग्रामीणो उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में कमांडेंट वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में रूपेश कुमार साहु (वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी) 11 बटालियन एवं अरविंद कुमार (ए. एमओ) रेफरल अस्पताल गारू के द्वारा ग्रामीणों के बीच निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवा का वितरण किया। इस अवसर पर 11बटा के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीण अंचल में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव होने के कारण ग्रामीणों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नही मिल पाती है इस कमी को पूरा करने के क्रम मे सीआरपीएफ समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा वितरण तथा अन्य जरूरत की वस्तुओ का वितरण जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए करती रहती है। इस अवसर पर विनोद कुमार कन्नोजियां (द्वितीय कमान अधिकारी), प्रणव आनन्द झा (उप कमा.) चन्द्रशेखर कुशवाहा, (सहा.कमा), प्रभा देवी (मुखिया) धाँगरटोला समेत कंपनी के जवान एव ग्रामीण उपस्थित थे।



सामग्री वितरण करते कमांडेंट।

## ग्रामीणों के बीच किया मच्छरदानी का वितरण

➲ राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर विकास में सहभागी बनें ग्रामीण: मुकेश कुमार

**बरवाडीह।** नक्सलवाद को समाप्त करने के साथ-साथ आम नागरिकों के दिलों को जीतने में भी सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन कामयाब हो रही है। बता दें कि वाहिनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को मोरवाईं स्थित डी/11 कंपनी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर विभिन्न गांवों के 40 लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया। उप कमांडेंट मुकेश कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य को ठीक रखने और मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए नियमित मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर विकास में सहभागी बनने का अनुरोध किया। कहा कि नक्सली कभी ग्रामीणों का हित नहीं कर सकते बल्कि भ्रमित कर उन्हें तकलीफ देंगे। वहीं ग्रामीणों ने बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया और मच्छरदानी पाकर खुश हुए। इस मौके पर कंपनी कमांडर निरीक्षक महेंद्र सिंह, मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह, उप निरीक्षक मल्लिक मुख्तार मियां, माला बैठा, मुकेश मांझी, विक्रम प्रताप सिंह, अनिल तिर्की और संजय भंडारी सहित कई सीआरपीएफ के जवान और ग्रामीण मौजूद थे।



ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी वितरण करते उप कमांडेंट।

# आइपीएल 2023 के लिए सभी टीमों ने कसी अपनी कमर

### मेरे जैसी गोल करने की भूख बहुत कम खिलाड़ियों में : छेत्री

इंफाल। अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंचने के बावजूद 38 वर्ष के सुनील छेत्री की गोल करने की भूख कम नहीं हुई है और भारतीय फुटबॉल स्टार हर मैच में गोल करना चाहते हैं। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सर्वाधिक (132 मैचों में 84 गोल) गोल कर चुके छेत्री ने कहा, मेरा मानना है कि गोल करने की मेरे जैसी भूख बहुत खिलाड़ियों में नहीं होती है। छेत्री ने कहा कि इंडियन सुपर लीग फाइनल में उनकी टीम बेंगलुरू एफसी को मिली हार के बाद राष्ट्रीय शिविर से जुड़ना वरदान की तरह था। उन्होंने कहा राष्ट्रीय शिविर से हमारा मनोबल बढ़ता है।

### अफगानिस्तान की जीत पर शोएब अख्तर बोले- मैं बहुत खुश हूं

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने अफगानिस्तान को पहली बार टी20 सीरीज में पाकिस्तान को हराने पर बधाई दी है। अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि पठानों और बंगालियों में अतिवाद है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे अपने चरमपंथ को सकारात्मक रूप से चैनलाइज कर सकते हैं तो वे दुनिया की सबसे अच्छी टीम बन सकते हैं। अख्तर ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। अगर पठान और बंगाली अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें तो वे दुनिया के अग्रणी टीम बन सकते हैं। क्योंकि दोनों में अतिवाद है। मैं बहुत खुश हूं कि हमारे पठान भाई जीत गए।

### 99 वर्षीय फैंस से मिले कीवी कप्तान विलियमसन साइन बैट दिया

नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन ने अपने 99 वर्षीय फैन मुरु का दिन बना दिया। मुरु के 99वें बर्थडे पर उनसे मिलने पहुंचे विलियमसन ने उन्हें साइन किया हुए बल्ला भी दिया। मुरु ने कहा कि वह (विलियमसन) न केवल एक अच्छा क्रिकेटर है बल्कि एक चरित्रवान व्यक्ति भी है। मुरु की बेटी ने कहा कि उनके दादा लंबे समय से न्यूजीलैंड के प्रशंसक रहे हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। आइपीएल का 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च से होने जा रहा है और बीसीसीआई ने टीमों का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इस बार 10 टीमें अपना सारा जोर लगाने वाल है और इसी के साथ लीग और दिलचस्प होने वाली है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स से लेकर पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद तक सभी टीमें चैंपियन बनने के लिए हर मुमकिन कोशिश करने वाली हैं।



#### सनराइजर्स हैदराबाद



सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2023 के लिए एडन मार्करम को टीम की कमान सौंपी है। हालांकि टीम मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए टीम के पास कप्तान खुद, हैरी ब्रूक और ग्लेन फिलिप्स के आने से टीम का मीडिल आर्डर काफी मजबूत दिख रहा है। इसके अलावा टीम के पास गेंदबाजी यूनिट भी काफी अच्छी है। इसी वजह से टीम आईपीएल 2023 का खिताब अपने नाम कर सकती है।

#### गुजरात जायंट्स




डिफेंडिंग चैंपियन टीम गुजरात जायंट्स ने आईपीएल 2023 के लिए लॉकी फर्गुसन को टीम से हटा दिया हैं। हालांकि पिछले साथ टीम खिताब जीतने में कामयाब हुई थी। लेकिन इस बार टीम को काफी टक्कर मिलने वाली है। हालांकि टीम इस बार भी कमान का प्रदर्शन कर सकती है।

#### राजस्थान रॉयल्स



आईपीएल फ्रेंचाईजी राजस्थान रॉयल्स भी इस बार अपना कमाल दिखा सकती है। टीम के पास जॉस बटलर और जायसवाल जैसे बल्लेबाज है और साथ ही गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिख रही है। वहीं टीम इस बार आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन कर सकती हैं।

#### लखनऊ सुपर जायंट्स



आईपीएल कती नयी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स अपना दूसरा सीजन खेलने के लिए तैयार है। वहीं टीम को देखे तो टीम ताबड़तोड़ बल्लेबाजों से भरी हुई है। हालांकि टीम के पास गेंदबाजी यूनिट में अनुभव की कमी है लेकिन उनके आईपीएल प्रदर्शन को देखा जाए, तो सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी वजह से टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

#### मुंबई इंडियंस

आईपीएल इतिहास की सबसे ज्यादा बार खिताब दीतने वाली मुंबई इंडियंस को इस बार बुमराह की कमी खलने वाली हैं। हालांकि इससे पहले भी टीम ने बेहद खराब प्रदर्शन किया था और अंक तालिका में सबसे आखिरी पर सीजन को खत्म किया था। हालांकि इस बार जोफ्रा आर्चर टीम के लिए डेब्यू करेंगे, लेकिन वो काफी समय बाद क्रिकेट खेल रहे है जिसकी वजह से उनके कामयाब होने की संभावना कम है। हालांकि एमआई एक चैंपियन टीम को उसे उबरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा चैंपियन बनने वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स का पिछला सीजन काफी खराब गया था। वहीं इस बार कप्तान एमएस धोनी के लिए आईपीएल 2023 आखिरी होने वाला है और वो टीम को चैंपियन बनाना चाहते है लेकिन उनके लिए यह आसान नहीं होगा। क्योंकि उनके पास गेंदबाजी यूनिट में थोड़ा कमी दिख रही है। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो टीम में उम्रजराज खिलाड़ी मौजूद है।

**पंजाब किंग्स:** पंजाब किंग्स के पास आईपीएल 2023 के लिए काफी शानदार टीम नजर आ रही है। टीम के पास वर्ल्ड क्लास ऑलराउंड के साथ आक्रामक बल्लेबाज मौजूद है जो किसी भी गेंदबाज के हवा निकाल सकते है। इसके अलावा टीम के पास रबाडा, सैम और अर्शदीप जैसे शानदार गेंदबाजी यूनिट भी है जिससे टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

#### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल में एक भी खिताब अपने नाम नहीं कर सकी है। टीम ने पिछली बार टॉप 4 में अपना सीजन खत्म किया था। लेकिन इस बार टीम को दूसरे टीमों से कड़ी टक्कर मिलेगी। हालांकि कोहली की आरसीबी किसी भी टीम को हराने का दम रखती है।

#### कोलकाता नाइट राइडर्स



आईपीएल इतिहास की दो बार की चैंपियन टीम पिछले कुछ सीजन से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। इसकी झलक हमें पिछले सीजन में भी देखने को मिली थी। हालांकि चैंपियन टीम कभी भी रुख बदल सकती है। लेकिन इस बार टीम को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**दिल्ली कैपिटल्स:** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएस से पहले ही उनके कप्तान ऋषभ पंत बाहर हो गए है जिसकी वजह से टीम को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। लेकिन पंत के न होने से भी टीम काफी मजबूत दिख रही है। लेकिन टीम को इस बार अपना सपना पूरा करना काफी मुश्किल हो सकता है।



### सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

1. **क्रिस गेल:** खुद को यूनिवर्स बॉस कहने वाले क्रिस गेल के नाम आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 141 पारियों में 357 छक्के जमाए हैं। उनका 148.96 का स्ट्राइक रेट साबित करता है कि कैसे गेंदबाज उनके सामने कांपते हैं। गेल का आईपीएल में औसत 39.72 का है और उन्होंने 6 शतक और 31 अर्धशतक की मदद से 4965 रन बनाए हैं।
2. **एबी डिविलियर्स:** सूची में दूसरे स्थान पर एबी डिविलियर्स हैं, जिनके नाम लीग में 251 छक्के हैं। प्रोटियाज क्रिकेटर ने 170 पारियों और स्ट्राइक में 413 चौके भी लगाए हैं। 153.81 की स्ट्राइक रेट से उन्होंने अपने आईपीएल करियर में रन बनाए। उन्होंने लीग में 39.70 के औसत से 3 शतक और 40 अर्धशतक के साथ 5162 रन बनाए हैं।
3. **रोहित शर्मा :** भारतीय खिलाड़ियों में रोहित शर्मा के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। रोहित के नाम लीग में 240 छक्के हैं और उन्होंने 519 चौके भी लगाए हैं। उन्होंने 222 पारियों में 30.30 की औसत से 5500 से अधिक रन बनाए हैं। रोहित ने मुंबई की टीम को 5 बार खिताबी जीत दिलाई है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा है।
4. **एमएस धोनी :** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटरों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 206 पारियों में 346 चौकों के अलावा 229 छक्के लगाए हैं। लीग में धोनी का औसत 40 से कुछ ही नीचे है जबकि उनका स्ट्राइक रेट 135.19 है। उन्होंने 2008 में उद्घाटन सत्र के बाद से चेन्नई सुपर किंग्स टीम का नेतृत्व किया और 2010, 2011, 2018 और 2021 में चार बार ट्रॉफी जीती।
5. **कीरोन पोलार्ड:** छक्के लगाने के मामले में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज कीरोन पोलार्ड पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 171 पारियों में 223 छक्के लगाए हैं, जिसमें 218 चौके बल्ले से भी निकले हैं। उन्होंने कैश-रिच लीग में 28.67 के औसत से 3412 रन बनाए हैं जिसमें 16 अर्धशतक भी शामिल हैं।

पिछले 15 संस्करणों में, कुछ पावर-हिटिंग और बल्लेबाजों ने निरंतर आधार पर अपनी छक्के मारने की क्षमता के साथ टूर्नामेंट में तूफान ला दिया है। आईपीएल जैसी कैश-रिच लीग में किसी भी टीम के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम में बड़े हिटर होना अनिवार्य है। टीमों को बड़ा फायदा होता है जब उनके कुछ खिलाड़ी अपनी मर्जी से बड़े छक्के लगाते हैं। यह पावर प्ले और डेथ ओवरों के दौरान सबसे ज्यादा काम आता है। यही वजह है कि कुछ टीमें अपने सबसे विस्फोटक खिलाड़ियों को या तो पारी खत्म करने या सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजती हैं।

## एशियन हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद रांची एयरपोर्ट पर भोलानाथ सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

खेल संवाददाता

रांची। कोरिया गणराज्य के मुंगयोग शहर में विगत 24 मार्च को आयोजित एशिया हॉकी महासंघ के कांग्रेस सह चुनाव में हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह को एशियन हॉकी महासंघ का उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। वहां से लौटने के बाद सोमवार को रांची के एयरपोर्ट पर पहुंचते ही हॉकी झारखंड के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों एवं जिला इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा उन्हें फूलमाला, गुलदस्ता, शाल देकर उनका स्वागत किया गया। उनके स्वागत में विशेष रूप से हॉकी के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष अश्रिता लकड़ा, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, हॉकी रांची के सचिव जयंत



केरकेट्टा, हॉकी जामताड़ा के अध्यक्ष हरिओम, असुंता लकड़ा-भारतीय टीम की चयनकर्ता, एवं साथ में रवि मुंडा, रणधीर कुमार और भोलानाथ सिंह के बड़े भैया विश्वनाथ सिंह उपस्थित रहे।

### टी20 सीरीज लाथम को मिली कप्तानी

क्राइस्टचर्च। अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 श्रृंखला में टॉम लैथम न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एनजेडसी ने बताया कि करीब दो साल बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे लैथम पाकिस्तान दौरे पर भी कीवी टीम की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज दो अप्रैल से खेली जाएगी जबकि न्यूजीलैंड का पाकिस्तान दौरा 14 अप्रैल से शुरू होगा।

### महिला फीडे ग्रां प्री शतरंज : हरिका हंपी नें खेला ड्रॉ



नयी दिल्ली। फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज का तीसरा टूनार्मेंट शुरू हो गया है और पहले राउंड में भारत की शीर्ष ग्रांड मास्टर और खिताब की दावेदार कोनेरु हंपी और हरिका द्रोणावल्ली के बीच बाजी ड्रॉ रही है। पहले दिन खेले गए सभी मुकाबले अनिर्णीत रहे और रूस की पोलिना शुवालोवा ने हमवतन लागनों काटेरयना से चीन की जू जिनर ने रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना से और जॉर्जिया की निनो बतसियाश्व्ली नें हमवतन नाना दगनिडजे से बाजी ड्रॉ खेलीहालांकि टूनार्मेंट कुछ विवादो के चलते अपने निर्धारित समय से एक दिन बाद शुरू हुआ। सबसे पहले कजाकिस्तान की शीर्ष खिलाड़ी और डिप्लोपेटिक पासपोर्ट धारी अब्दुमालिक ज्हंसाया अचानक से यह कहते हुए टूनार्मेंट से हट गयी की उनके अनुसार उन्हे खेलने के लिए उचित माहौल नहीं मिला जबकि अंतिम समय में जर्मनी की एलीसाबेथ पाएहत्ज के हटने से भारत की आर वैशाली को वॉक ओवर मिला है। अब यह टूनार्मेंट 10 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर खेला जाएगा।

### बोलेरो और बाइक के बीच टक्कर, छात्र की मौत

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के सीमावर्ती वैशाली जिले के बलीगांव थाना क्षेत्र के चक दोहोरी गांव के पास सोमवार को बोलेरो और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक छात्र की मौत हो गई थी। मृतक छात्र की पहचान समस्तीपुर जिले के वैनी ओपी क्षेत्र के नारायणपुर खेड़ी गांव निवासी असर्फी पासवान का पुत्र सन्नी कुमार 19 वर्ष के रूप में की गई है।

### शादी करने पहुंचा 2 बच्चों का पिता मिली लाश

पूर्णिया। पूर्णिया में दो बच्चे का पिता दूसरी शादी करने गया था। उसकी लाश मिली है। प्रेमिका के घर के बरामदे में उसका शव पड़ा था। गले में रस्सी लिपटी हुई थी। मुंह से खून निकल रहा था। घटना अमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगरैया गांव की है। जहां सोमवार को लड़की के घर से युवक सहाबुल आलम (23) की लाश मिली है। लाश मिलते ही उसके परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अमौर थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद ने बताया कि मृतक के परिजन ने चार आरोपियो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सहाबुल आलम की मौत कैसे हुई है, इस पर जांच चल रही है। मृतक के भतीजा मोहम्मद शौकत ने बताया कि शादीशुदा सहाबुल का अमौर के रंगरैया गांव में किसी दूसरे लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दो दिन पहले ही वह घर से निकला था।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप को भेजा गया बेऊर जेल

पटना। यूट्यूबर मनीष कश्यप को फिर से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मनीष कश्यप बेऊर जेल जाएगा। विशेष कोर्ट में उसकी पेशी हुई, जहां से जेल भेज दिया गया। बता दें कि एडव की चार दिनों की रिमांड सोमवार की शाम पूरी हो गई। एडव ने मनीष को फिर से रिमांड की अपील नहीं की थी। मनीष को तमिलनाडु पुलिस पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाना चाहती है। इसके लिए कोर्ट में अपील भी अलग से की गई है। कोर्ट ट्रांजिट रिमांड पर विचार करेगी। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है। मनीष के पार्टनर और 'सच तक' कंपनी के डायरेक्टर मणि द्विवेदी के फ्लैट से आर्थिक अपराध इकाई (एडव) ने 3 रजिस्टर और 2 चिप कार्ड बरामद किया है। जिसे जांच एजेंसी ने जब्त कर लिया है। बरामद किए गए रजिस्टर में रुपयों के लेन-देन का हिसाब लिखा हुआ है। अब इस रजिस्टर को एडव की टीम काफी बारीकी से जांच करेगी। रुपयों का लेनदेन कब, क्यों और किसके साथ किए गए? इसकी पड़ताल होगी। सोमवार को एडव की तरफ से इसकी पुष्टि की गई है। वहीं, जब्त किए गए चिप कार्ड को भी खंगाला जाएगा। इस बात की पड़ताल की जाएगी कि कार्ड के अंदर क्या-क्या रखा हुआ है? कहीं कोई वीडियो तो नहीं है? इसके अलावा कुछ और डॉक्यूमेंट्स भी फ्लैट से जब्त किए गए हैं। मणि द्विवेदी अब भी फरार है। जांच एजेंसी को उसकी तलाश है। इसके मिलने कई नई बातें सामने आ सकती हैं। सबूत जुटाने के लिए टीम ने रविवार को महेश नगर के रोड नंबर जीरो स्थित पूजा अपार्टमैंट के इ ब्लॉक फ्लैट नंबर 201 में छापेमारी की थी। ये फ्लैट मणि द्विवेदी का है। अक्सर मनीष कश्यप यहां ठहरता भी था।

### अभिनेत्री सुसाइड केस में समर सिंह पर एफआईआर

पटना। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में नया मोड़ आ गया है। सोमवार को मुंबई से बनारस पहुंची आकांक्षा की मां ने सारनाथ थाने में सिंगर समर सिंह, उनके भाई और दो अन्य सहयोगी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की हत्या हुई है। भोजपुरी सिंगर समर सिंह इसका दोषी है। उसने बेटी को रिलेशनशिप में धोखा दिया है। आकांक्षा की मां मधु दुबे ने कहा, समर बेटी को 3 साल से प्रताड़ित कर रहा था। फिल्म में काम करने पर पैसा नहीं देता था। जब भी आकांक्षा काम के पैसे उससे मांगती थी, तो उसके साथ मारपीट करता था। इतना ही नहीं, किसी दूसरे की फिल्म या गाने में काम करने पर भी मारता-पीटता था। वहीं, आकांक्षा के शव का आज पोस्टमॉर्टम भी होगा। रिपोर्ट आने के बाद काफी हद तक तस्वीर साफ हो जाएगी। दूसरी तरफ फोरेंसिक टीम ने भी कमरे की जांच कर सबूत इकट्ठा किए हैं।


## फेसबुक पर हुए प्यार ने 4 महीने में तोड़ा 'दम', पति के लिए थाने के चक्कर लगा रही प्रेमिका

एजेंसी

छपरा। सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के सोनौली गांव निवासी युवक की बनियापुर थाना क्षेत्र के भकुरा भिठठी गांव की युवती से फेसबुक पर दोस्ती हो गई। फेसबुक के जरिए दोनो में बातें शुरू हुईं। प्यार परवान भी चढ़ा और परिवार की मर्जी के खिलाफ युवती अपने प्रेमी के पास चली आई। छपरा में पहले दोनों ने कोर्ट मैरिज की। फिर मंदिर में भी शादी रचाई। इसके बाद दोनों पति-पत्नी बन दिल्ली चले गए। 4 महीने बाद पत्नी बनीं प्रेमिका को दिल्ली में छोड़कर पति वापस बिहार भाग आया। प्रेमिका ने जब बात करने की कोशिश की तो उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा। थक हार कर पत्नी सोनौली गांव पहुंची। पत्नी को गांव में देख पति और उसके परिवार के सदस्यों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब युवती ने विरोध किया तो मारपीट कर उसे भगा दिया। अब पत्नी ने पति के साथ उसके पूरे परिवार पर धोखा देने, मारपीट करने का मामला दर्ज कराने के लिए थाने में आवेदन किया है।

#### फेसबुक पर दोस्ती, वॉट्सएप पर चैट, प्यार हुआ तो कर ली शादी

मशरक थाना क्षेत्र के सोनौली गांव निवासी अंकित कुमार पिता संजय महतो की फेसबुक पर बनियापुर थाना क्षेत्र के गांव की लड़की से दोस्ती हुई थी। पहले चैटिंग होती रही, फिर दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया और व्हाट्सएप पर बातें होने



लगीं। बात करते- करते प्यार परवान चढ़ा और दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया।

#### 27 दिसंबर को कोर्ट में की थी शादी: युवती

युवती ने बताया कि 27 दिसंबर 2022 को कोर्ट में शादी कर ली। दोनों दिल्ली जाकर खुशहाल जीवन जी रहे थे। लेकिन शादी के 4 महीने के अंदर ही मामला अब मशरक थाने पहुंच गया। युवती ने बताया कि अंकित ने कोर्ट मैरिज के बाद मंदिर में हिन्दू रीति रिवाज से भी शादी की थी। दिल्ली में रह रहे थे। एक दिन अंकित ने कहा कि कुछ जरूरी काम है, गांव जाना है। वो गांव चला आया।

#### गांव आने के बाद अंकित ने ब्लैक लिस्ट में डाल दिया उसका नंबर: युवती

युवती ने बताया कि गांव आने के कुछ दिन बाद अंकित ने उसका मोबाइल नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। कॉल करती तो नंबर नहीं लगता। जब वह गांव पहुंची तो पति और परिवारवालों ने घर में घुसने नहीं दिया। प्यार में धोखा खाई युवती ने मशरक थाने में जाकर शिकायत की। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### नीतीश को मिले नोबेल पुरस्कार विधानसभा में मांझी की मांग

पटना। पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार को नोबेल पुरस्कार देने की मांग की है। विधानसभा में उन्होंने इसकी मांग की। जीतन राम मांझी ने कहा कि श्री कृष्ण बाबू के बाद नीतीश कुमार ने बिहार का मान बढ़ाया है। विकास के जो निरंतर काम मुख्यमंत्री ने किए और किसे नहीं किया है। बिहारी कहलाना पहले शर्म की बात थी, लेकिन अब गर्व की बात है। इसलिए हम सदन के माध्यम से मांग करते हैं कि नीतीश कुमार को नोबेल पुरस्कार मिले। जीतन मांझी ने सदन के माध्यम से नीतीश कुमार से बिहार में आरक्षण आयुक्त की पूर्ण बहाली करने की मांग भी की। इससे पहले सदन में आज राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया। विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। महागठबंधन के विधायकों और विधान पार्षदों ने सदन के बाहर काली पट्टी बांधकर प्रोटेस्ट किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित हो गई है। इधर, बिहार में बढ़ी बिजली दरों को लेकर बीजेपी विधायकों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सदन के अंदर भी विधायकों ने सरकार को घेरा। विधायक बिजली दरों को बढ़ाने का फैसला वापस लेने की मांग को लेकर वेल में पहुंच गए।

### मुजफ्फरपुर के खुदीराम बोस केंद्रीय कारा हुआ गजब का 'खेल'

## बेल किसी और का... रिहा हुआ कोई और...

एजेंसी

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा का हैरतअंगेज कारनाम जान आप भी हैरान हो जाएंगे। कोर्ट द्वारा जमानत किसी और को दी जाती है और जेल प्रशासन किसी और को रिहा कर दिया। कहानी फिल्मी नहीं, यह हकीकत है। जानकारी के अनुसार, मामला 20 नवंबर 2022 का बताया जा रहा है। हालांकि मामले का खुलासा अब हुआ है। जानकारी के अनुसार, मीनापुरा थाना के शंकर पट्टी के रहने वाले रामदेव सहनी के बेटे गुड्डू कुमार को कोर्ट से जमानत मिली थी। जमानत के मिलने के बाद वकील के माध्यम से पत्र को जेल प्रशासन को भेजा गया। पत्र मिलने के बाद जेल प्रशासन ने तमाम प्रक्रिया पूरा करने के बाद गुड्डू कुमार को मुक्त कर दिया। हालांकि जिस गुड्डू को रिहा करना था उसे नहीं छोड़ा गया। दरअसल, उसी गांव के रहने वाले गुड्डू कुमार, जो घनेश्वर राय के बेटे हैं, उन्हें मुक्त कर दिया।वहीं, जब इस बात की जानकारी जमानत कराए गुड्डू के परिजनों को लगी तो उनके होश उड़ गए। इसको लेकर जेल प्रशासन पर परिजनों ने सवाल खड़ा किया। इस बात की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन हरकत में आया और विभागीय जांच शुरू कर दी। विभागीय जांच में खुलासा हुआ कि गलती हुई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कारा अधीक्षक बृजेश कुमार से रिपोर्ट तलब की गई।

#### सहायक अधीक्षक सस्पेंड

इधर, जेल सुपरिटेंडेंट से रिपोर्ट तलब की गई तो उन्होंने प्रवेश प्रभारी सह सहायक अधीक्षक प्रियंका को भेज दी। बताया जा रहा है कि यह काम प्रियंका के द्वारा ही भूलवश किया गया था। आरोप है कि उन्होंने बिना पूरा नाम पता मिलाए ही युवक को छोड़ दिया था। जेल अधीक्षक के रिपोर्ट पर सहायक अधीक्षक प्रियंका को सस्पेंड कर दिया।

### एनडीआरएफ जवान की डूबने से मौत

पटना। पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के सोन नदी में सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के जवान की डूबने से मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान पंजाब के गुरदासपुर जिला के उमरपुर कलन गांव निवासी स्व. मोहिंदर पाल के 40 वर्षीय बेटे जगन सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ के अधिकारी और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसी क्रम में सोमवार को बिहटा के परेव गांव स्थित सोन नदी में दर्जनों जवानों को पानी में तैरने और लोगों को बचाने समेत अन्य प्रशिक्षण दिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ

## पेज एक का शेष

### रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2....

वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की एमएलए फंड की एकमुश्त निकासी की स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इसकी जानकारी ही। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत कई मंत्री और आला अधिकारी मौजूद थे।

**इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी :** एनसीसी कैडेट अब खेलकूद विभाग की जगह अब स्कूली शिक्षा विभाग के अंतर्गत शामिल होगा। सिमडेगा, खूंटी, दुमका में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 में सरकार द्वारा देय प्रीमीयम सब्सिडी राज्यांश एवं किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि को राज्य सरकार द्वारा भुगतान करने के लिए 362.50 करोड़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही बीमा कंपनियों के भुगतान की मंजूरी दी गयी। हर घर तक सुविधा पहुंचाने को लेकर मोबाइल वेटनरी यूनिट स्थापित करने के लिए 236 मोबाइल वेटनरी यूनिट क्लीनिक खोला जायेगा। इसके लिए 46 करोड़ दिये गये हैं। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की नियमावली में संशोधन किया गया है। इससे सरकारी सहायता प्राप्त सभी स्कूलों के साथ मदरसा को भी लाभ होगा।

रांची में दुर्गा सोरेन चौक से रिंग रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 करोड़ की योजना स्वीकृत हुई। नमामि गंगे योजना के तहत रामगढ़ में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 310 करोड़ की योजना मंजूर हुई है। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के इलाज के दौरान हुये खर्च की मंजूरी दी गई। एकलव्य मॉडल स्कूल को एनजीओ से चलाने के लिए मार्च 2023 तक इसी तरह कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित आश्रम विद्यालय पीवीटीजी आवासीय एसटीएससी प्राथमिक विद्यालय को भी एनजीओ से चलाने के लिए मार्च तक अवधि विस्तार दिया गया। एनटीपीसी करणपुरा टंडवा में गरही जलाशय के लिए 25 एकड़ जमीन एनटीपीसी को देने की स्वीकृति दी गयी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मे अब महानिदेशक, अपर महानिदेशक के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक भी हेड हो सकते हैं। कई विभागों यथा उत्पाद, कृषि, श्रम, कार्मिक, नगर विकास आदि के नियमावली में मैट्रिक, इंटर झारखंड से पास होने की अनिवार्यता को खत्म किया गया। सिमडेगा के जेवियर खाखा को इलाज के लिए मिलेगी 20 लाख की सहायता राशि मिलेगी।

### इडी ने राजीव अरूण एक्का से घंटों .....

ट्रांसफर- पोस्टिंग में विशाल की संलिप्तता के बारे में भी पूछताछ : सूत्रों के अनुसार इडी ने पूछताछ के दौरान राजीव अरुण एक्का से अधिकारियों के ट्रांसफर- पोस्टिंग में विशाल चौधरी की संलिप्तता के बारे में भी पूछा।

### काले कपड़े में सदन पहुंचे, स्पीकर पर फेंकी...

बाद में विपक्षी सांसदों ने काले कपड़े पहनकर संसद में गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की। **संसद की कार्यवाही स्थगित :** विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सोमवार को दोनों सदनों लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही सदन शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्थगित हो गयी। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर विपक्षी दलों के नेता कागज और काली पट्टी फेंकने लगे।

### कड़ी सुरक्षा में अतीक अहमद नैनी सेन्ट्रल...

मंगलवार को एमपीएमएलए कोर्ट में इस केस पर फैसला आने की उम्मीद है। उमेश पाल अपहरण के मामले में अदालत में पेशी के लिये माफिया अतीक को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया जायेगा। **जेल की सुरक्षा अत्यंत कड़ी :** जेल सूत्रों ने बताया कि अतीक को जिस हाई सेक्यूरिटी सेल में रखा जायेगा वहां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा उसके बैरक के बाहर जिन सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## काबुल विस्फोट में छह लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को हुए विस्फोट में छह नागरिकों की मौत हो गयी और तालिबान आंदोलन के तीन सदस्य घायल हो गये। काबुल पुलिस कमान के प्रमुख खालिद जादरान ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर को अपने लक्ष्य तक पहुँचने से पहले काबुल में मलिक अजगर स्क्वायर में एक चौकी पर सुरक्षा बलों द्वारा निशाना बनाया गया। इस दौरान, इसमें विस्फोटक विस्फोट हुआ, जिसमें छह नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना में तालिबान के तीन सैनिक भी घायल हो गए। इससे पहले दिन में मीडिया ने खबर दी थी कि धमाका अफगान विदेश मंत्रालय की इमारत के पास हुआ है और यह शॉपिंग सेंटर से ज्यादा दूर नहीं है।

## मेलबोर्न से टोक्यो के बीच उड़ानें फिर बहाल

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विमानन कंपनी क्वांटास ने तीन साल से अधिक समय में पहली बार मेलबोर्न और जापान की राजधानी टोक्यो के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं। कोरोना महामारी के कारण इन उड़ानों को स्थगित कर दिया गया था।

## कोलकाता में दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या

कोलकाता। तिलजला इलाके में एक व्यक्ति ने पड़ोस में रहने वाली सात साल की लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करके उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद सोमवार को स्थानीय लोगों ने सड़कों और रेल पटरियों पर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने कहा कि कुस्तिया इलाके के श्रीधर रॉय रोड के पास रहने वाली लड़की रविवार सुबह से लापता थी और काफी तलाश के बाद इलाके के एक अपार्टमेंट में एक फ्लैट में पुलिसकर्मियों को उसका शव मिला।

## 22 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी । उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए अक्षय तृतीया के पर्व पर 22 अप्रैल को दोपहर 12:41 बजे खुलेंगे। यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि यमुना जयंती के अवसर पर सोमवार को मां यमुना के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली में विश्व प्रसिद्ध गढ़वाल के चारधामों में से एक यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के समय का मुहूर्त निकाला गया। उन्होंने बताया कि इसी दिन गंगोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे जिसके साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का आरंभ हो जाएगा। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को जबकि बदरीनाथ के कपाट 27 अप्रैल को खुलेंगे।

## शाह के सुरक्षा में सेंध दो छात्र गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के दौरान सुरक्षा का उल्लंघन करने के आरोप में बेंगलुरु से दो छात्रों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान इमरान और जिब्रान के रूप में हुई है, दोनों बेंगलुरु के छात्र हैं और नीलासंद्रा के निवासी हैं। यह घटना रविवार देर रात हुई जब शाह बेंगलुरु में पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक में भाग लेने के बाद दिल्ली के लिए वापसी की उड़ान भरने के लिए एचएएल हवाईअड्डे जा रहे थे।

## अमृतपाल के एक और सहयोगी असम शिफ्ट

डिब्रूगढ़ । कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के एक और सहयोगी को सोमवार को असम के डिब्रूगढ़ स्थित केंद्रीय कारागार भेज दिया गया, जहां पहले से उसके सात सहयोगी बंद हैं। भगोड़े अमृतपाल का अंगरक्षक होने के संदेह में वरिंदर सिंह को कुछ दिन पहले पंजाब में गिरफ्तार किया है।

# एनसीईआरटी की पुस्तकों में एनईपी के अनुरूप होगा संशोधन

एजेंसी

**पाठ्यपुस्तकों को 2024-25 सत्र से पेश किए जाने की संभावना**

**नयी दिल्ली।** नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार संशोधित एनसीईआरटी की नयी पाठ्यपुस्तकों को 2024-25 शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में पेश किए जाने की संभावना है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार तैयार किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नयी पाठ्यपुस्तकों को 2024-25 शैक्षणिक सत्र से पेश किए जाने की संभावना है। यह एक लंबा काम है, लेकिन हम इसके लिए लक्ष्य बना रहे हैं। पाठ्यपुस्तकों को नयी एनसीएफ के अनुसार संशोधित किया जाएगा,



जिस पर काम पहले से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि कोविड-19 ने हमें सिखाया है कि डिजिटल शिक्षा की मांग है, सभी नयी पाठ्य पुस्तकों को एक साथ डिजिटल रूप से उपलब्ध कराया जाएगा ताकि कोई भी उन्हें डाउनलोड कर सके। यह उल्लेख करते हुए कि पाठ्य पुस्तकों में ठहराव नहीं होना चाहिए, अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक संस्थागत ढांचा विकसित किया जाएगा कि पाठ्यपुस्तकों को नियमित आधार पर अद्यतन किया जाए।

# राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस

एजेंसी

**लोकसभा सचिवालय ने दिल्ली में 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगला को 22 अप्रैल तक खाली करने के लिए लिखा पत्र**

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक उन्हें आवंटित सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राहुल गांधी को पिछले सप्ताह लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के मद्देनजर लोकसभा की आवास संबंधी समिति ने इस संबंध में फैसला किया और इसके बाद निचले सदन के सचिवालय ने कांग्रेस नेता को 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगला खाली करने का पत्र भेजा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा वर्ष 2019 के मानहानि के एक मामले में सजा सुनाये जाने के मद्देनजर शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी ।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अयोग्य ठहराये गए सदस्य को उनकी सदस्यता खोने के एक महीने के भीतर सरकारी बंगला खाली करना होता है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी इस अवधि को बढ़ाने के लिए आवास संबंधी समिति से आग्रह कर सकते हैं। राहुल को अयोग्य ठहराए जाने संबंधी लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना की प्रति को एनडीएमसी के संपदा महानिदेशालय सहित विभिन्न विभागों को भेजा गया था। कि



आवास संबंधी संसद की समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद सी आर पाटिल हैं और इसमें विभिन्न दलों के 11 सदस्य हैं। समिति के सदस्य एवं कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर ने इस फैसले को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब राहुल गांधी कुछ कॉरपोरेट घरानों को मिल रहे फायदे के बारे में बोलते हैं, तब उनकी सुरक्षा को एसपीजी से सीआरपीएफ को दे दी जाती है और अडाणी, मोदी मित्रता की बात करते हैं, तब उन्हें संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाता है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि सरकार द्वारा आवंटित बंगला किसी की निजी सम्पत्ति नहीं है।

## अडानी समूह में सारा पैसा निवेश का कारण बताए सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जनता का पैसा अडानी समूह की कंपनियों में क्यों निवेश कर रही है इसका देश को जवाब चाहिए लेकिन सरकार मौन बनी हुई है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि जो पैसा अदानी समूह की कंपनियों में गलत तरीके से डाला गया है उसको लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं लेकिन उसकी जांच हो रही है और ना इस बारे में कोई जवाब दिया जा रहा है।उन्होंने ट्वीट किया कि एलआईसी की पूंजी, अडानी को। एसबीआई की पूंजी,अडानी को। ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को। मोडानी के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी, न जांच, न जवाब। आखिर इतना डर क्यों।

## अहंकार के कारण मिली सजा : साध्वी

औरैया। केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी न तो जनता के सामने झुकना चाहते है और न ही उन्हे न्यायपालिका की परवाह है और यही अहंकार उनकी सजा का कारक बना है।आयी साध्वी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व ही खतरे में है। हाल ही में संपन्न चुनाव में नागालैंड जैसे प्रदेश में कांग्रेस रसातल पर पहुंच गयी है। कांग्रेस कहती है ह्ल हम पार्लियामेंट नहीं चलने देंगे, राहुल गांधी पार्लियामेंट में माफी नहीं मांगेंगे तो पार्लियामेंट के बाहर ही माफी मांग लो कि हां मुझसे गलती हुई है लेकिन राहुल का अहंकार है कि वह जनता के सामने झुकना नहीं चाहते।

# पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए स्मार्ट शहर,गांव का विकास महत्वपूर्ण : गडकरी

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी है कि स्मार्ट शहरों और गांवों का विकास किया जाए और इस काम में सार्वजनिक-निजी भागीदारी हो।

श्री गडकरी ने कहा कि स्मार्ट सिटीज भारत की सफलता की कहानी हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास अपार संभावनाएं हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से इन पर काम कर रहा हूं। वह सोमवार को यहां प्रगति



मैदान में तीन दिवसीय 30वें कॉन्वर्जेन्स इंडिया एवं 8वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो का उद्घाटन कर रहे थे। इसका आयोजन स्मार्ट सिटीज मिशन, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, इंडिया ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) एवं एक्जीबिशन इंडिया ग्रुप (ईआईजी) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। तीन दिवसीय आयोजन देशी-विदेशी इकाइयों, नवप्रवर्तकों, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों एवं स्टार्ट-अप्स को नेटवर्किंग की क्षमता का लाभ उठाकर कारोबार के अवसर बढ़ाने एवं नयी साझेदारियां करने का मौका देगा। उद्घाटन समारोह में स्लोवाक गणराज्य के आर्थिक विभाग के मंत्री मरेल हिरमन भी मौजूद थे।

# अब्बास व निकहत मुलाकात मामले में शहबाज गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चित्रकूट जेल में विधायक अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निकहत अंसारी की गैरकानूनी मुलाकात मामले में पुलिस ने वाराणसी से शहबाज आलम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस मामले में यह दसवीं गिरफ्तारी है। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के डीआईजी विपिन कुमार और चित्रकूट के एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया ॰ कि जेल में अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निकहत अंसारी की गैरकानूनी मुलाकात मामले में एक और आरोपी शहबाज आलम को वाराणसी से रविवार को गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि शहबाज आलम एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्यालय में तैनात है और उसने अब्बास अंसारी के कहने पर जेल कैंटीन के ठेकेदार नवनीत सचान के बैंक खाते में दो लाख रुपये अंतरित किये थे। शहबाज ने रोशनी बानो और आशाफ शाह के नाम से दो फर्जी बैंक खाते खोले थे, जिनके जरिये इन खातों से पिछले छह माह में एक खाते से 92 लाख रुपये और दूसरे खाते से 87 लाख रुपये का अंतरण किया जाना पाया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें आयकर विभाग एवं ईडी की भी मदद ली जाएगी। आरोपी शाहबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कर्नाटक : भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सोमवार को कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) से संबंधित रिश्वत मामले में भाजपा के विधायक मदल विरुपक्षप्पा की जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ घंटे बाद लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। चन्नागिरी विधायक को उनके बेटे प्रशांत एम. वी. को दो मार्च को एक ठेकेदार से 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के कुछ दिन बाद अंतरिम जमानत मिल गई थी।सूत्रों ने बताया कि विरुपक्षप्पा के बेटे के नकदी के साथ पकड़े जाने के बाद की गई छापेमारी में विरुपक्षप्पा के घर से 8.23 ??करोड़ रुपये की बिना हिसाब की रकम का पता चला। लोकायुक्त के पुलिस महानिरीक्षक ए. सुब्रमण्येश्वर राव ने बताया कि जब वह (विधायक) बेंगलुरु जा रहे थे, तब हमने उन्हें तुमकुरु में गिरफ्तार किया।ह्व उच्च न्यायालय ने पिछले हफ्ते इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला सरकारी कंपनी को रसायनों की आपूर्ति का ठेका आवंटित करने के लिए कथित रूप से रिश्वत मांगने और प्राप्त करने से जुड़ा है।

# पाकिस्तान में जीवन रक्षक दवाओं की भारी कमी

एजेंसी

**डीआरएपी की विवादास्पद दवा मूल्य निर्धारण नीति से कीमतें कई गुना बढ़ी**

**कराची।** पाकिस्तान की दवा नियमितता प्राधिकरण (डीआरएपी) की मूल्य निर्धारण नीति और रुपये में गिरावट के कारण पाकिस्तान में अधिकांश आयातित और महत्वपूर्ण दवाओं की अत्यधिक कमी हो गई है, मीडिया रिपोर्टों में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

द न्यूज ने बताया, फार्मासिस्ट और जैविक उत्पादों के आयातक अब्दुल मन्नान ने कहा- डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी मुद्रा के अत्यधिक मूल्यह्रास और पाकिस्तान की ड्रग रेगुलरिटी अथॉरिटी (डीआरएपी) की विवादास्पद दवा मूल्य निर्धारण नीति के कारण, उनकी कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं और आयातकों के लिए उन्हें डीआरएपी द्वारा दी गई मौजूदा कीमतों पर लाना आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हो गया है। दवाओं के आपूर्तिकर्ताओं और अधिकारियों ने कहा



कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्वास्थ्य सुविधाओं को आयातित टीकों, कैंसर उपचारों, प्रजनन दवाओं और एनेस्थीसिया गैसों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि विक्रेताओं ने डॉलर-रुपये की असमानता के कारण अपनी आपूर्ति बंद कर दी है।

फिलहाल, सबसे महत्वपूर्ण दवा जो स्वास्थ्य सुविधाओं को नहीं मिल रही है, वह हेपरिन है, जो कुछ हृदय संबंधी प्रक्रियाओं के बाद इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह, विभिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार के लिए आइसोफ्लुरेन, सेवोफ्लुरेन के साथ-साथ मोनोक्लोनल एंटीबॉडी जैसी कुछ महत्वपूर्ण संवेदनाहारी गैसों के साथ-साथ मानव क्रोनिक गोनाडोट्रोपिन (एचसीजी) और मानव रजोनिवृत्ति संबंधी गोनाडोट्रोपिन (एचएमजी) जैसे प्रजनन उत्पादों को भी डॉलर-रुपये की असमानता और डीआरएपी की मूल्य निर्धारण नीति के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। हालांकि अधिकांश ओरल दवाएं जिनमें सिरप, टैबलेट और इंजेक्शन शामिल हैं, स्थानीय रूप से उत्पादित की जाती हैं, लेकिन भारत, चीन, रूस, यूरोपीय देशों के साथ-साथ अमेरिका और तुर्की से पाकिस्तान सभी टीकों, कैंसर रोधी दवाओं और उपचारों, हार्मोन, प्रजनन दवाओं के साथ-साथ अन्य उत्पादों सहित अधिकांश जैविक उत्पादों का आयात करता है।

# वीर हनुमान में काम करेंगे खेसारी लाल यादव

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म वीर हनुमान में काम करते नजर आयेंगे। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी-फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार, खेसारी लाल यादव और निर्देशक पराग पाटिल की जोड़ी फिर से साथ काम करने जा रही है।वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी-फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार ने खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी नई भोजपुरी फिल्म वीर हनुमान को घोषणा की है, जिसका निर्देशन पराग पाटिल करने जा रहे हैं, वही फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी की है।

वर्ल्डवाइड चैनल जितेंद्र



गुलाटी प्रस्तुत वीर हनुमान की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। फिल्म की घोषणा करते हुए निमार्ता रत्नाकर कुमार ने एक पोस्टर सांझा किया है। जिसमें वीर हनुमान का आधा भाग नजर आ रहा है। वही पूरा पोस्टर सिंदूर रंग के साथ बनाया गया है। रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा है कि अनाउंसिंग फिल्म वीर हनुमान विथ खेसारी लाल यादव.शूटिंग स्टार्टिंग सून.डरेक्टेड बाय पराग पाटिल, प्रोड्यूस बाय रत्नाकर कुमार, रिटेन बाय अरविंद तिवारी। निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि हमने खेसारी लाल यादव के साथ अपने ड्रीम प्रोजेक्ट वीर हनुमान की घोषणा की है। जिसकी तैयारी हम पिछले बहुत समय से कर रहे हैं। फिल्म वीर हनुमान में आपको खेसारी लाल यादव का एक अलग अवतार देखने को मिलने वाला है।जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

## रामचरण व कियारा आडवाणी की जोड़ी 'गेम चेंजर' में आयेगी नजर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता रामचरण और अभिनत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी फिल्म गेम चेंजर में नजर आयेगी। रामचरण - कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म का टाइटल टेंटेटिवली आरसी 15 रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम रिवील कर दिया गया है। रामचरण ने अपने जन्मदिन पर अपनी अपकमिंग फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म का टाइटल गेम चेंजर रखा गया है। राम चरण ने टाइटल रिवील



वीडियो भी अपने ऑफिशियल ट्विटर पर शेयर किया।राम चरण की गेम चेंजर का निर्देशन शंकर ने किया है।

## वाणिज्य की खबरें

### सरकार कोयला ब्लॉक के सातवें दौर की नीलामी बुधवार को शुरू करेगी

**नयी दिल्ली ।** सरकार कोयला खदानों के सातवें दौर की वाणिज्यिक नीलामी बुधवार को शुरू करेगी। इसमें 106 कोयला ब्लॉक रखे जाएंगे। कोयला मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह छठे दौर की नीलामी में शामिल 28 कोयला ब्लॉक के लिये समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। कोयला मंत्रालय छठे दौर में नीलाम किये गये 28 कोयला खदानों के लिये समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। इसके साथ कोयला ब्लॉक के सातवें दौर की नीलामी 29 मार्च को होगी। मंत्रालय के अनुसार, नीलामी में शामिल 28 कोयला खदानों की अधिकतम क्षमता (पीआरसी) 7.4 करोड़ टन सालाना है। अधिकतम क्षमता पर इन खदानों से सालाना 14,497 करोड़ रुपये का राजस्व अनुमानित है। इन खदानों के चालू होने से एक लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। बुधवार को शुरू सातवें दौर की नीलामी में शामिल 106 कोयला खदानों में से 95 गैर-कोकिंग कोयला खदान, एक कोकिंग कोयला खदान और 10 लिग्नाइट खदान हैं। निविदा दस्तावेजों की बिक्री 29 मार्च, 2023 से शुरू होगी। खदानों, नीलामी की शर्तों, समयसीमा आदि का विवरण एमएसटीसी नीलामी मंच पर देखा जा सकता है। नीलामी राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर पारदर्शी तरीके से दो चरणों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।




### 55 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बैंक अधिकारी और उसके साथी को आरोप पत्र में नामजद किया है, जिन्होंने ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण विभिन्न खातों से 55 करोड़ रुपये से अधिक का गबन किया और इसका एक बड़ा हिस्सा ऑनलाइन सट्टेबाजी में लगाया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने आरोप लगाया कि आरोपी अधिकारी बेदांशु शेखर मिश्रा और उसके साथी शैलेश कुमार जायसवाल ने विभिन्न बैंक खातों में रखे पैसे को विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी में लगाने के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक में जालसाजी की, जहां मिश्रा काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि मिश्रा 28 जून 2021 से दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा कॉलेज में पंजाब एण्ड सिंध बैंक की नॉर्थ कैम्पस शाखा में तैनात था। बैंक की जांच के दौरान एक बयान में मिश्रा ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए अवैध लेनदेन करने के वास्ते सहकर्मियों की बैंकिंग पहचान पत्र का इस्तेमाल करने की बात कबूल की थी।

### बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 127 अंक मजबूत और निफ्टी 17 हजार के करीब

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 126 अंक से अधिक के लाभ के साथ बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 126.76 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,653.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 492.45 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 40.65 अंक यानी 0.24 प्रतिशत बढ़कर 16,985.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा 1.54 प्रतिशत का लाभ दर्ज हुआ।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

स्पीड न्यूज

## उपायुक्त ने त्रिशानु राय को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

**चाईबासा।** प०सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय को सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों/ घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर सहायता करने एवं मानवसेवा को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प०सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा प्रशस्ति - पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उपायुक्त अनन्य मित्तल ने त्रिशानु राय के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। उपायुक्त श्री मित्तल ने कहा कि भविष्य में भी आप अपने दायित्वों के प्रति इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठ बने रहेंगे।

## पीजी सेमेस्टर 3 का परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरे जायेंगे 1 अप्रैल से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी सेमेस्टर 3 का परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरने की तिथि सोमवार को जारी हुई। परीक्षा फार्म 1 अप्रैल से भरे जायेंगे। इसकी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-23 के पीजी सेमेस्टर 3 के परीक्षा 2022 का परीक्षा फार्म ऑनलाईन 1 अप्रैल से भरे जायेंगे। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक होगी। छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

## मसाला कारोबारियों के मिलों का औचक निरीक्षण

**दुमका।** अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका के निदेशानुसार सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने मसाला कारोबारियों के मिलों का औचक निरीक्षण करते हुए हल्दी, धनिया, मिर्च, जीरा आदि का खाद्य नमूना का संग्रह किया गया। सभी खाद्य नमूनों के जांच के लिए खाद्य जाँच प्रयोगशाला भेजा जायेगा। रिपोर्ट में यदि खाद्य सामग्री में मिलावट या गुणवत्ता में कमी की पुष्टि होती है, तो संबंधित मसाला कारोबारियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा मसाला कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिया गया है कि मसालों में किसी प्रकार की मिलावट नहीं करें। बिक्री हेतु रखे गए मसाला में निर्माण तिथि निश्चित रूप से अंकित करना सुनिश्चित करें। जिन मसाला कारोबारियों द्वारा अब तक फूड लाईसेंस नहीं लिया गया है। वह जल्द लाईसेंस का आवेदन ऑनलाईन करें।

## मोबाईल चोरी के आरोपी साहिबगंज का युवक गया जेल

**शिकारीपाड़ा।** मोबाईल चोरी के आरोप में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी साहिबगंज के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लक्ष्मण कुमार राय है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट कुशपहाड़ी गांव के जोसफ हेम्ब्रम नामक एक ग्रामीण का मोबाइल चोरी कर रहे एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। जोसेफ भालकी गांव का रहने वाला है । जैसे ही उसका मोबाइल गायब हुआ। लोगों ने चोर को पकड़ लिया। लोगों ने जमकर धुनाई करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस जोसेफ के बयान पर मामला दर्ज आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## बन्दोबस्त के मोहर्रिर शमीम सिंहभूम हुआ तबादला

**दुमका।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, रांची के द्वारा बंदोबस्त विभाग के मोहर्रिर शमीम अख्तर अंसारी का तबादला सिंहभूम किया गया। इनके तबादला दुमका के बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा 2 मार्च को राजस्व एवं भूमि सुधार को लिखा था।जिसके आलोक में विभाग ने शमीम अंसारी का तबादला प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया। जैसे ही 21 मार्च को विभाग की कॉपी बन्दोबस्त कार्यालय दुमका पंहुची। उसके अगले दिन ही बंदोबस्त पदाधिकारी ने शमीम अंसारी को दुमका बंदोबस्त कार्यालय के मोहर्रिर के पद से विरमित कर दिया।

# दुमका पुलिस का दिखा संवेदनशील मानवीय चेहरा, छात्रा के लिए मददगार बनी खाकी

### पढ़ाई में आने वाले रूकावटें को दूर कर थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने छात्रा को भेंट किया साईकिल व किताबें

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** एक बार फिर खाकी की संवेदशील चेहरा सामने देखने को मिला है। अमूमन खाकी के प्रति लोगों का डर और खौफ की कहानियां आये दिन समाने आती रहती है। लेकिन समय-समय पर पुलिस-पब्लिक मिटिंग समेत विभिन्न आयोजन कर पुलिस लोगों से दोस्ताना रिस्ता कायम करने का बखूबी प्रयास करती रही है। कुछ हद तक लोगों के मन से पुलिस के प्रति भय दूर भी हुआ है। इससे एक कदम आगे बढ़कर दुमका पुलिस बेसहारा और गरीब-गुरूबो के लिए मसीहा के रूप में मददगार भी साबित हो रहा है। इस


छात्रा को साईकिल व किताबें भेंट करते थाना प्रभारी

बार ऐसी ही संवेदनशीता की कहानी हंसडीहा पुलिस की सामने आयी है। जहां खाकी एक छात्रा के पढ़ाई के रास्ते में आने वाले रोड़ा को दूर कर मददगार बनी। थानाध्यक्ष ने आदिवासी गरीब छात्रा को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानियां और किताबों की कमी के कारण पढ़ाई पूरी करने में हो रही कठिनाईयों से अवगत होकर दूर करते हुए न्यू साईकिल और किताब उपहार स्वरूप भेंट किया। जिसे पाकर छात्रा और उसके परिजन के चेहरे पर एक नई खुशी लौट आई। दरअसल हंसडीहा थाना प्रभारी सुगना मुंडा बीते सोमवार को गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आदिवासी बहुल गांव गरडी पहुंचे थे।

इसी बीच 9 वी कक्षा की छात्रा बिटिया मरांडी पुलिस वेन के करीब पहुंची। थाना प्रभारी के समक्ष बोली की सर में पढ़ना चाहती हूं। गांव से मेरा विद्यालय करीब चार किलोमीटर दूर है। पैदल जाने में बहुत समय लग जाता है और कभी कभी तो देर से पहुंचने पर क्लास भी छूट जाता है और गरीबी के कारण समुचित किताबें भी नहीं है। बच्ची की बातों को सुन थाना प्रभारी भावुक हो गए। छात्रा को मदद का आश्वासन देकर लौट आये। फिर हंसडीहा बाजार से न्यू साईकिल और कुछ किताबें खरीद कर छात्रा को भेंट स्वरूप दिया। यहां बता दें कि छात्रा के घर के हालात दयनीय है। घर में बुजुर्ग पिता मजदूरी कर और मां दूसरों के घरों में काम कर किसी तरह दो वक्त की रोटी जुगाड़ कर घर चलाते हैं। चार भाई बहनों में बिटिया अपने माता-पिता की सबसे छोटी संतान है। भाई मजदूरी के तलाश में अन्य प्रदेश में रहता है। थाना प्रभारी के इस मानवीय कार्य की छात्रा उनके परिजन और ग्रामीणों ने प्रशंसा की है।

# थाने से चकमा देकर फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

### विधायक बसंत के फोन घुमाने के दूसरे दिन फरार आरोपी की हुई गिरफ्तारी, दो अब भी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चर्चित किशोरी अपहरण व हत्याकांड के मामले में जरमुंडी पुलिस एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी देवघर जिला के मोहनपुर थानपा क्षेत्र के अतवारी गांव निवासी नितेश यादव है। पुलिस किशोरी की मां गायत्री देवी के लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीते 8 जनवरी को अपहरण के मामले में कांड संख्या 4/23 के तहत अपहरण का मामला दर्ज की थी। मामले में पुलिस एक आरोपी सुनील यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ धाम मंदिर में रह अपनी एकलौती संतान के साथ महिला रहती थी। महिला किसी प्रकार 14 वर्षीय बेटी के साथ रहती थी। पति के छोड़ने के बाद से बिहार की रहने वाली गायत्री देवी और


गिरफ्तार आरोपी

उसकी बेटी किसी प्रकार गुजर वसर करती थी। एक दिन अचानक बेटी घर से गायब हो गई थी। मामले को लेकर पीड़िता 28 दिसंबर को लेकर थाना पहुंची थी। पीड़िता की माने तो आरोपियों के दबंग होने के कारण पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही थी। इसको लेकर पीड़िता एसडीपीओ से लेकर एसपी मुख्यालय तक इंसाफ की गुहार लगाते हुए बेटी की बरामदगी का गुहार लगाती रही। बाद में एसपी के निर्देश पर 8 जनवरी को मामला दर्ज हुआ। जिसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए किशोरी की तलाश में जुट गई थी। बाद में किशोरी का शव पुलिस बिहार के जयपुर थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए दो आरोपियों सुनील और नितेश यादव को गिरफ्तार करने में सफल रही। जिसमें से एक ही आरोपी सुनील यादव को जेल भेज सकी। सूत्रों की माने तो आरोपी नितेश यादव ने हलवलदार को चकमा देकर भाग निकला था। नितेश के भागने की खबर प्रकाश में नहीं आ पाया था। पीड़िता एक बार फिर बेटी के इंसाफ दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दुमका आगमन कार्यक्रम के दौरान मिलने पहुंची थी। जहां मुख्यमंत्री के सलाहकार ने डीआईजी, एसपी समेत आलाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। मामले में तत्काल दो की गिरफ्तारी होने के हवाला देकर बचते नजर आये। लेकिन इंसाफ मिलता नहीं देख बेटी के गम में पीड़िता लगातार एसपी कार्यालय का चक्कर लगाती रही। बीते रविवार को दुमका विधायक बसंत सोरेन के दुमका आगमन की खबर सुन महिला फिर दुमका पहुंची। जहां खिजुरिया स्थित आवास पर दुखियारी मां ने विधायक बसंत सोरेन को अपना दुःख सुनाया। महिला की व्यथा सुन पहले तो विधायक ने दूसरे विधानसभा क्षेत्र होने के बात कही। बाद में महिला के दुमका जिला की घटना होने की बात कहने पर विधायक ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को फोन कर आवश्यक निर्देश दिया। इसके बाद जरमुंडी पुलिस एक बार फिर हरकत में आयी और थाने से फरार आरोपी को दबिश बना गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी दयानंद साह ने बताया कि मामले में चार नामजद आरोपी है। दो को पुलिस अब तक गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। आरोपी की फरार बहन को जल्द पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# टेलर पलटने से चालक व उप चालक गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल घाटी में सोमवार की सुबह छड़ लोड टेलर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टेलर कोलकाता से छड़ लोड कर पटना की ओर जा रही थी। इसी दौरान कोडरमा घाटी नौवा माइल के समीप ब्रेक फेल हो जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई।

जिसमे बख्तियारपुर बिहार निवासी 30 वर्षीय शिबू साव पिता विजय साव व हावड़ा पश्चिम बंगाल निवासी उपचालक राजा सिंह पिता शशि सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ पहुंचकर वाहन में फंसे चालक व उपचालक को बाहर निकाला व एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजा, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## एएन कॉलेज का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**दुमका।** एएन कॉलेज के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सिंह ने बताया कि जो प्रशिक्षण प्राप्त किये है। वह व्यवहार के रूप में आज से आपका शुरू हो रहा है। यूनिट 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चम्पक लता कुमारी ने मुख्य अतिथि समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र को पुष्प माला देकर स्वागत किया। यूनिट 3 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजीव रंजन सिंह ने प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में लापरवाही को लेकर बीडीओ ने भराया बॉन्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सात लाभुक जिनके द्वारा आवास निर्माण की राशि प्राप्त करने के पश्चात भी आवास निर्माण में लापरवाही बरती जा रही थी। जिसे लेकर बीडीओ अरुणा कुमारी ने सोमवार को कटिया पंचायत भवन में लाभुक को बुलवा कर 15 से 30 दिनों के भीतर आवास निर्माण को लेकर बन्ड भरवाया है। वहीं बीडीओ ने कहा की लंबे समय से पीएम आवास योजना की राशि मिलने के बाद भी लाभुक आवास निर्माण में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कटिया पंचायत भवन में मुखिया रेखा देवी व पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि जिन जिन लाभुकों का बन्ड भरवाया गया है, उनके स्थल पर जा कर पीएम आवास कार्य का जायजा ले और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास को 15 से 30 दिनों तक आवास कार्य पूरा करवाएं अन्यथा राशि गबन करने की प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। मौके पर मुखिया रेखा देवी, प्रखंड समन्वयक रवि कुमार, राजेंद्र दास, आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक डीसी ने किया

**दुमका।** कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर में डीसी रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने कहा कि कृषि ऋण माफी योजना का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों को मिले इसे सुनिश्चित करें। लाभुक द्वारा कृषि ऋण माफी योजना का लाभ लेने हेतु दिए गए आवेदनों की आवश्यक जांच की जाये एवं त्रुटियों को ठीक करते हुए उक्त योजना का लाभ दिया जाये। निदेश दिया कि वैसे सभी आवेदन जिनके जांच में उक्त नाम के किसी व्यक्ति के नहीं होने से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही है, उन्हें अविलंब रद्द कर दिया जाये। डीसी ने कहा कि वैसे सभी बैंक जिनके पास उक्त योजना से संबंधित आवेदन अधिक संख्या में लंबित हैं। उनके साथ बैठक करें ताकि आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द किया जा सके।

# गांवों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का माध्यम है स्वास्थ्य मेला : सुखराम

### अनुमंडल अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला, विधायक के अलावा एसडीओ, बीडीओ, सीएस ने की शिरकत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को अनुमंडल अस्पताल परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला क आयोजन हुआ। विधायक सुखराम उरांव समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मेले में करीब 27 स्टाल लगाए गए थे। जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्वस्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। शिविर में सैकड़ों की संख्या में लोग इलाज एवं परामर्श के लिए पहुंचे थे। पंजीकरण



के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गई। इससे पूर्व विधायक सुखराम उरांव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार पहली बार प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर रही है। इससे पूर्व जिला स्तर पर ही ऐसे कार्यक्रम होते थे। उन्होंने कहा सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ देना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो सरकारी अस्पताल जरूर जाएं। सरकारी अस्पतालों में भी अब अच्छी दवा और डॉक्टर उपलब्ध है। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सेहत सबसे अनमोल है। इसके देखरेख के लिए स्वयं को भी गंभीर बनने की जरूरत है। एसडीओ रीना हंसदा ने भी लोगों को संबोधित किया। स्वास्थ्य मेले में सिविल सर्जन डा. साहिर पाल, बीडीओ संजय कुमार सिन्हा, चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज सिन्हा, उप प्रमुख विनय प्रधान आदि उपस्थित रहे। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा ने तीन व सीनियर नर्स कुमारी इंद्रा एक टीवी मरीज को गोद लिया है। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत के अर्न्तगत टीवी मरीजों के छह माह के दवा अवधि के दौरान पोषण दाता बने है। कार्यक्रम के दौरान टीवी मरीजों के बीच निक्ष्य पोषण योजना का किट एवं फाइलेरिया के 25 मरीजों के बीच किट का वितरण किया गया।

एक नजर में

## विभिन्न प्रखंडों में खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** जनता दल यूनाईटेड के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा सोमवार को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। इस दौरान मनोहरपुर विस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में खराब पड़े ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। इस बावत उन्होंने अधीक्षण अभियंता को सूची सौंपते हुए कहा कि मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के आनंदपुर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत रूंघीकोचा, बेड़ाकेंदुदा रोबोकेरा, बिंजु, हरता, मनोहरपुर प्रखण्ड के पंचायत लाईलोर, डिंबुली, डीपा, रायडीह, गोईलकेरा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत कायदा, केबरा, सारूगाड़ा, तरकटकोचा, कदमडीहा, गम्हरिया, बारा, गुदड़ी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत कमरोडा, बांदु, डारियो कमरोडा, टोमडेल, बुरूगुलीकेरा, सोनुवा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत गोलमुंडा, बोयकड़ा, बारी, पोड़ाहाट, आसनतलिया, भालूरूंगी, लोंजों, देवांवीर, बंदगांव प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत चम्पाबा, सिंदुरीबेड़ा, जलासार में जहां दस और सोलह केवी के खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर पच्चीस केवी एवं खराब पड़े 25 केवी के स्थान पर 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए। अधीक्षण अभियंता ने जदयू जिलाध्यक्ष बिश्राम मुण्डा को आश्वस्त किया कि जल्द ही खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर नया लगाया जाएगा।

इधर, बिश्राम मुंडा ने कहा की मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान धीरे-धीरे किया जाएगा। कहा कि जदयू आम आदमी की मुलभूत समस्याओं के प्रति गंभीर है।

## अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर किया सुख समृद्धि की कामना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चार दिवसीय चलने वाले चौती छठ महापर्व को लेकर सोमवार को भक्त अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। जहां राजा तालाब, बरसोतियाबर तालाब, प्रेम सागर तालाब, लोचनपुर तालाब में परवैती भगवान भास्कर को अर्घ दी। वहीं व्रति 36 घंटे के निर्जला व्रत रखकर मंगलवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पारण के साथ चार दिनी छठ पर्व समापन करेंगीं।

## रक्तदान शिविर के बहाने विजय गागराई ने शहरी क्षेत्र में मारी इंट्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सामाजिक संगठन पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी पैठ मजबूत बनाने के बाद अब शहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गए है। अपने संस्था के बैनर तले रक्तदान शिविर आयोजित कर 170 यूनिट रक्त संग्रह करने के बाद डा. विजय सिंह गागराई की चर्चा पूरे चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में होने लगी है। यही नहीं रक्तदान शिविर में जिस तरह से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही उससे भी लोकप्रियता में वृद्धि हुई है। विजय गागराई की सक्रियता से अब यह स्पष्ट होने लगा है कि आगामी विस चुनाव में वह चक्रधरपुर सीट से अपनी किस्मत आजमाएंगे। चुनाव के पूर्व वह सामाजिक व धार्मिक कार्यों के माध्यम से लोगों के बीच अपनी सशक्त पहचान बनाने में जुटे हुए है। हालांकि विजय गागराई चुनाव लड़ने के सीधे सवाल को टाल जाते है।

कहते है समाजसेवा उनका एकमात्र लक्ष्य है। फिलहाल इसी दिशा में कार्य कर रहे है। हाल के दिनों में डा. विजय गागराई की सक्रियता और लोकप्रियता जिस तरह से देखने को मिली है उसने राजनीतिक पंडितों को सकते में डाल दिया है। पहले जहां लोग इन्हें हलके में ले रहे थे, वहीं अब रक्तदान शिविर की सफलता के बाद यह मानने पर मजबूर कर दिया है कि विजय गागराई की अगर यही रफ्तार रही और चुनावी मैदान में उतरे तो बड़े नेताओं का खेल बिगाड़ सकते है या फिर छूपे रूस्तम साबित हो सकते है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य


अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती छठव्रति

**दुमका।** सूयोर्पासना का पर्व चैती छठ पूजा जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को बड़ा बांध तालाब में छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। धर्मशास्त्रों में कार्तिक शुक्ल षष्टी की तरह चैत्र शुक्ल षष्टी का भी बड़ा महत्वपूर्ण बताया गया है। पुरुष सिर पर टोकरी में लिए पूजन सामग्री के साथ घाटों पर पहुंचे, जबकि कलश पर जलते दीपक के साथ व्रती महिलाएं नंगे पैर छठ मइया के गीत गाते हुए घाट पर पहुंचीं। सूर्य उपासना के इस महापर्व पर छठ मइया के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था। कुछ श्रद्धालु अपनी मन्नते पूरी होने पर घाटों पर पहुंचे। सूर्यास्त का समय होते ही छठ व्रती पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना करने लगे। इसके बाद डूबते सूर्य को जल और दूध से अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर युवाओं और बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया। दुमका शहर में मुख्य रुप से बड़ा बांध तालाब में चैती छठ पूजा का आयोजन विगत कई वर्षो से किया जा रहा है। बड़ा बांध तालाब के छठ घाट के प्रवेश द्वार पर भव्य गेट बनाया गया है और उस पर सात घोड़ों की सवारी करते हुए सूर्य देव की प्रतिमा लगाई गई है, जबकि शिवपहाड़ की ओर से जाने वाले गेट पर छठ मइया की मूर्ति स्थापित की गई है।छठ घाट एवं आसपास की सफाई कर लाइट की व्यवस्था की गई है। बड़ा बांध तालाब के घाट पर करीब 4 बजे से छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं का सूप-डाला लेकर आना शुरू हो गया था। व्रती महिलाएं परिवार सदस्यों के साथ छठ घाट के लिए घरों से छठ मइया का गीत गाते हुए रवाना होने लगी थीं। छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने नेम-निष्ठा के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व सूर्य की उपासना का पर्व है। ऐसी मान्यता है कि सूर्य देव की अपराधना से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इस पर्व में कठोर नियमों का पालन किया जाता है तथा स्वच्छता एवं पवित्रता का खास ध्यान रखा जाता है।